डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

सेंसेक्स 83.421 -0.040

डॉलर 83.422 -0.040

रांची सर्राफा: 10 ग्राम 70,980 | 01 किलो 96,200

आषाढ़ कृष्ण पक्ष 05, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) बुधवार, 26 जून 2024, वर्ष-25, अंक- 248, पृष्ठ-14 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं : आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com




पेज-10 संविधान का गला घोटने के लिए...












# लोस अध्यक्ष के लिए दूसरी बार होगा चुनाव

**18वीं लोकसभा के स्पीकर के चयन को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच आम सहमति नहीं बन पाई। अब स्पीकर का चयन चुनाव के माध्यम से होगा। देश के इतिहास में ऐसा दूसरी बार होने जा रहा है जब लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए सरकार और विपक्ष के बीच सहमति नहीं बन पाई है। इसके बाद भाजपा सांसद ओम बिरला सरकार और कांग्रेस सांसद कोडिकुनिल सुरेश विपक्ष के उम्मीदवार बनाये गए हैं। रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी) के नेता एनके प्रेमचंद्रन ने बताया कि सुरेश ने नामांकन दाखिल कर दिया है। पिछली लोकसभा में निचले सदन के अध्यक्ष रहे ओम बिरला ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल किया है।**

## लोकसभा अध्यक्ष पद में क्या ताकत है कि इस बार आ गई चुनाव की नौबत

पर एक विस्तृत रिपोर्ट...

### क्यों महत्वपूर्ण होता है स्पीकर का पद?


भारत में लोकसभा अध्यक्ष सभा का संवैधानिक और औपचारिक प्रमुख होता है। वह सभा का प्रमुख प्रवक्ता होता है। लोकसभा की कार्यवाही के संचालन का उत्तरदायित्व अध्यक्ष पर ही होता है। लोकसभा अध्यक्ष को संसद के अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन में आने वाली वास्तविक आवश्यकताओं और समस्याओं का समाधान करना पड़ता है। सदन का संचालन, प्रश्न और अभिलेख, ध्वनि मत, विभाजन, अविश्वास प्रस्ताव, मतदान और सदस्यों की अयोग्यता जैसे अहम मामले अध्यक्ष की शक्तियों में आते हैं।

### लोस अध्यक्ष का चुनाव किस नियम से होता है?

लोकसभा अध्यक्ष का पद का संसदीय लोकतंत्र में महत्वपूर्ण स्थान है। लोकसभा अध्यक्ष के बारे में कहा जाता है कि संसद सदस्य अपने-अपने चुनाव क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं,लेकिन अध्यक्ष सदन के ही पूर्ण प्राधिकार का प्रतिनिधित्व करता है। लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव संविधान के अनुच्छेद-93 के तहत किया जाता है। लोकसभा का अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव सांसद अपने बीच में से ही करते हैं। लोकसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव इसके सदस्य सभा में उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के साधारण बहुमत के जरिए किया जाता है। यानी जिस उम्मीदवार को उस दिन लोकसभा में मौजूद आधे से अधिक सांसद वोट देते हैं, वह लोकसभा अध्यक्ष चुन लिया जाता है।

### लोकसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी क्या है?

लोकसभा अध्यक्ष सदन का कामकाज ठीक से चलाने के लिए जिम्मेदार होता है। इसलिए यह पद काफी महत्वपूर्ण है।संसदीय बैठकों का एजेंडा भी लोकसभा अध्यक्ष ही तय करते हैं। सदन में किसी तरह का विवाद पैदा होने पर कार्रवाई भी लोकसभा अध्यक्ष ही करते हैं। लोकसभा की विभिन्न समितियों का गठन अध्यक्ष ही करते हैं। लोकसभा में अध्यक्ष का आसन इस तरह से बनाया गया है कि वह सबसे अलग दिखाई दे। अध्यक्ष अपने आसन से पूरे सदन पर नजर रखते हैं। लोकसभा अध्यक्ष से उम्मीद की जाती है कि वह तटस्थ भाव से सदन चलाएंगे।




सदन में किसी प्रस्ताव पर मतदान में अगर दोनों पक्षों को बराबर वोट मिलने की स्थिति में अपना निर्णायक वोट डाल सकते हैं। आमतौर पर वो किसी प्रस्ताव पर मतदान में भाग नहीं लेते हैं। लोकसभा का अध्यक्ष,लोकसभा सचिवालय के प्रमुख होते हैं। यह सचिवालय उनके नियंत्रण में ही काम करता है। लोकसभा सचिवालय के कर्मियों, संसद परिसर और इसके सुरक्षा प्रबंधन का काम अध्यक्ष ही देखते हैं।

### पद से कैसे हटाए जा सकते हैं लोकसभा अध्यक्ष?

संविधान का अनुच्छेद 94 सदन को लोकसभा अध्यक्ष को पद से हटाने का अधिकार देता है।लोकसभा अध्यक्ष को 14 दिन का नोटिस देकर प्रभावी बहुमत से पारित प्रस्ताव के जरिए उनके पद से हटाया जा सकता है।प्रभावी बहुमत का मतलब उस दिन लोकसभा में 50 फीसदी से अधिक सदस्य सांसद मौजूद होते हैं।लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 7 और 8 के जरिए भी लोकसभा अध्यक्ष को हटाया जा सकता है।अगर स्पीकर स्वयं पद छोड़ना चाहें तो वो अपना इस्तीफा उपाध्यक्ष (डिप्टी स्पीकर) को सौंपते हैं। लोकसभा अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने से लेकर लोकसभा के भंग होने के बाद नई लोकसभा की पहली बैठक से ठीक पहले तक अपने पद पर रह सकते हैं। लोकसभा भंग होने की स्थिति में हालांकि अध्यक्ष संसद सदस्य नहीं रहते हैं, लेकिन उन्हें अपना पद नहीं छोड़ना पड़ता है।

### कैसे होता है निर्वाचन?

लोक सभा अध्यक्ष का निर्वाचन लोकसभा के सदस्यों के द्वारा किया जाता है। निर्वाचन की तिथि राष्ट्रपति के द्वारा निश्चित की जाती है। राष्ट्रपति के द्वारा निश्चित की गयी तिथि की सूचना लोकसभा का महासचिव सदस्यों को देता है। निर्वाचन की तिथि के एक दिन पूर्व के मध्याह्न से पहले किसी सदस्य द्वारा किसी अन्य सदस्य को अध्यक्ष चुने जाने का प्रस्ताव महासचिव को लिखित रूप में दिया जाता है। यह प्रस्ताव किसी तीसरे सदस्य द्वारा अनुमोदित होना चाहिए। इस प्रस्ताव के साथ अध्यक्ष के उम्मीदवार सदस्य का यह कथन संलग्न होता है कि वह अध्यक्ष के रूप में कार्य करने के लिए तैयार है। निर्वाचन के लिए एक या अधिक उम्मीदवारों द्वारा प्रस्ताव किये जा सकते हैं। यदि एक ही प्रस्ताव पेश किया जाता है, तो अध्यक्ष का चुनाव सर्वसम्मत होता है और यदि एक से अधिक प्रस्ताव प्रस्तुत होते हैं, तो मतदान कराया जाता है।

### कार्यकाल अवधि और पदमुक्ति

अध्यक्ष का कार्यकाल लोकसभा विघटित होने तक होता है। कुछ स्थितियों में वह इससे पहले भी पदमुक्त हो सकता है। लोकसभा अध्यक्ष को लोकसभा के प्रभावी बहुमत द्वारा भी हटाया जा सकता है। परंतु 14 दिन पहले इसकी सूचना लोक सभा अध्यक्ष को देनी आवश्यक है।

## अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार 1999 में कैसे एक वोट से गिराई गई



17 अप्रैल, 1999 को अटल बिहारी वाजपेयी की 13 माह पुरानी सरकार महज एक वोट से गिर गई थी। इसके लिए कहीं न कहीं टीडीपी के तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष जीएमसी बालयोगी के एक निर्णय को जिम्मेदार माना जाता है। दरअसल लोकसभाध्यक्ष जीएमसी बालयोगी ने एक रूलिंग दी थी जिसमें कांग्रेस सांसद गिरधर गोमांग को अपने विवेक के आधार पर वोट देने की अनुमति प्रदान की गई थी। गोमांग फरवरी में ही ओडिशा के मुख्यमंत्री बन गए थे लेकिन उन्होंने अपनी लोकसभा की सदस्यता से तब तक इस्तीफा नहीं दिया था।



बालयोगी के उपरोक्त रूलिंग के आलोक में बालयोगी ने अपना मत डाला और महज एक वोट से अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार गिर गई। लोकसभा में वोटिंग के बाद इलेक्ट्रॉनिक स्कोरबोर्ड पर वाजपेई सरकार के पक्ष में 269 और विपक्ष में 270 मत पड़े थे। उस समय एक तो सरकार बनने में बहुत वाजपेयी को तकलीफ हुई, बन भी गई तो पहले दिन से ही मंत्रालयों को ले कर पार्टियों के बीच झंझट शुरू हो गया, हफ्ते भर के अंदर दो मंत्रियों को इस्तीफा देना पड़ा। जयललिता ने पहले दिन से ही उनकी नाक में दम कर दिया। उन्होंने कहा कि दूसरे जिन मंत्रियों के खिलाफ भष्टाचार के आरोप हैं उनको भी हटाइए, फिर स्पीकर के चुनाव को ले कर झंझट हुआ। बहस में जिस भाषा का इस्तेमाल किया गया, वो असंसदीय था। जयललिता चाहती थीं कि उनके खिलाफ सभी मुकदमे वापस लिए जाएं और तमिलनाडु की करुणानिधि सरकार को बर्ख़ास्त किया जाए। इसके अलावा वो सुब्रमण्यम स्वामी को वित्त मंत्री बनवाने पर भी जोर दे रही थीं। वाजपेयी इसके लिए तैयार नहीं हुए।

## लोकसभा अध्यक्ष चुनाव में परंपरा टूटी




कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल और द्रमुक नेता टीआर बालू लोकसभा अध्यक्ष के पद के लिए राजग उम्मीदवार का समर्थन करने से इनकार करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कार्यालय से बाहर आ गए। वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि सरकार ने उपाध्यक्ष पद विपक्ष को देने की प्रतिबद्धता नहीं जताई। बता दें कि पिछली बार ओम बिरला ही लोकसभा के स्पीकर थे, जबकि के। सुरेश आठ बार के सांसद रह चुके हैं। केवल स्पीकर पद को लेकर ही नहीं इससे पहले प्रोटेम स्पीकर के पद को लेकर भी सरकार और विपक्ष के बीच विवाद देखा गया था। जब सरकार ने भर्तृहरि महताब को प्रोटेम स्पीकर बना दिया था। विपक्ष का आरोप था कि सरकार ने के। सुरेश की वरिष्ठता को नजरअंदाज किया है। इसी के साथ देश में लंबे समय से चली आ रही परंपरा टूट गई। दरअसल, पहले लोकसभा सत्र को छोड़ दें तो अब तक निचले सदन में अध्यक्ष सर्वसम्मति से ही चुना जाता रहा है। पिछली बार भी ऐसा ही हुआ था। हालांकि, इस बार दोनों ओर से उम्मीदवारों के नामांकन के साथ ही सर्वसम्मति से इस पद पर होने वाली निर्वाचन की बीते 16 लोकसभा से जारी परंपरा टूट जाएगी। 15 मई 1952 को पहली लोकसभा के अध्यक्ष का चुनाव हुआ था। इस चुनाव में सत्ता पक्ष के जीवी मावलंकर उमीदवार थे। उनका मुकाबला शंकर शांतराम मोरे से हुआ था। मावलंकर के पक्ष में 394 वोट, जबकि 55 वोट उनके खिलाफ पड़े थे। इस तरह मावलंकर आजादी के बाद देश के पहले लोकसभा स्पीकर बने थे। आइए यहां जानते हैं कि लोकसभा स्पीकर का चुनाव कैसे होता है? आखिर क्यों महत्वपूर्ण होता है स्पीकर का पद? इस पद की भूमिका क्या है और अब तक किस-किसने स्पीकर का पोस्ट संभाला? अब तक किस-किस पार्टी के सदस्य लोकसभा अध्यक्ष बने हैं?

**394** वोट मावलंकर के पक्ष में, जबकि 55 वोट उनके खिलाफ पड़े थे। इस तरह मावलंकर आजादी के बाद देश के पहले लोकसभा स्पीकर बने थे।


**15** मई 1952 को पहली लोकसभा के अध्यक्ष का चुनाव हुआ था। इस चुनाव में सत्ता पक्ष के जीवी मावलंकर उमीदवार थे।

## लोकसभा अध्यक्ष की संवैधानिक और प्रशासकीय भूमिकाएं

- पहला वह संसद के संयुक्त अधिवेशन में भाग लेता है। कोई विधेयक धन विधेयक है या नहीं, इसका निर्णय लोकसभा स्पीकर द्वारा किया जाता है।
- दल बदल विरोधी संविधान संशोधन अधिनियम 1985 द्वारा स्पीकर की भूमिका को पावरफुल किया गया है। इसमें स्पीकर दल-बदल कानून के अंतर्गत सदस्यों की सदस्यता भी रद्द कर सकते हैं।
- जो सांसद पहली बार चुनकर आते हैं, उन्हें नियमों की किताब दी जाती है। स्पीकर इन्हें पार्लियामेंट्री कार्यों से परिचित कराता है। इसके लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की जाती है।
- जब कोई बिल सदन में रखा जाता है तो उसका स्वरूप क्या है, इसकी जानकारी भी सांसदों को दी जाती है।
- लोकसभा अध्यक्ष का कार्यालय काफी बड़ा होता है। इनमें 2-3 हजार कर्मचारी काम करते हैं। कार्यालय के विभागों में समन्वय का काम स्पीकर का होता है।
- जो विदेशी प्रतिनिधिमंडल संसद में आते हैं, उन्हें भारतीय संसदीय कार्यप्रणाली से रूबरू कराना भी लोकसभा स्पीकर का दायित्व होता है।
- अध्यक्ष लोकसभा सचिवालय का प्रमुख भी होता है। सदन के सचिवालय कर्मचारियों और इसकी सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा भी स्पीकर के अधिकार क्षेत्र में होता है।
- अध्यक्ष की अनुमति के बिना संसद भवन में कोई परिवर्तन या परिवर्धन नहीं किया जा सकता है। संसद भवन में कोई नई संरचना नहीं बनाई जा सकती है।
- अध्यक्ष के माध्यम से ही सदन के निर्णयों को संसद के बाहर के व्यक्तियों और प्राधिकारियों तक पहुंचाया जाता है। अध्यक्ष सदन की कार्यवाही को प्रकाशित करने के स्वरूप और तरीके को तय करता है।
- लोकसभा अध्यक्ष यह तय करता है कि राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव में किस प्रकार संशोधन लाया जा सकता है।
- किसी विधेयक में संशोधन पेश करने के संबंध में अध्यक्ष की अनुमति आवश्यक है। यह पूरी तरह से अध्यक्ष पर निर्भर करता है कि वह विशेषाधिकार के किसी भी प्रश्न को जांच, जांच और रिपोर्ट के लिए विशेषाधिकार समिति को भेजे।
- जब किसी सदस्य द्वारा दिए गए प्रस्ताव पर सदन का फैसला सुनिश्चित करना होता है, तो निर्णय प्राप्त करने के लिए अध्यक्ष द्वारा प्रश्न सदन के समक्ष रखा जाता है।
- लोकसभा स्पीकर किसी सदस्य के श्रद्धांजलि संदर्भ, महत्वपूर्ण राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाओं के औपचारिक संदर्भ में लोकसभा के हर सेशन के समापन और सदन का कार्यकाल समाप्त होने पर समापन भाषण देता है।
- लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 7 और 8 के तहत लोकसभा सदस्य होने से अयोग्य घोषित होने पर अध्यक्ष को हटाया भी जा सकता है। एक स्पीकर अपना इस्तीफा डिप्टी स्पीकर को भी दे सकता है।
- डॉ. नीलम संजीव रेड्डी एकमात्र अध्यक्ष रहे, जिन्होंने कार्यालय से इस्तीफा दे दिया। वे एकमात्र अध्यक्ष रहे, जिन्हें भारत के राष्ट्रपति बनने का गौरव मिला।

### स्पीकर करता है समितियों का गठन

सदन की समितियां अध्यक्ष के निदेशाधीन काम करती हैं। इन सभी समितियों का गठन अध्यक्ष या सभा द्वारा किया जाता है। अध्यक्ष ही सभी संसदीय समितियों के सभापति को नॉमिनेट करता है। समितियों के संचालन की प्रक्रिया में यदि कोई समस्या आती है तो उसे अध्यक्ष के समक्ष रखा जाता है। कार्य-मंत्रणा समिति, सामान्य प्रयोजनों संबंधी समिति और नियम समिति का सभापति स्वयं स्पीकर होता है।



### संसदीय समितियां

| समिति का नाम | सदस्यों की संख्या | सदस्य मनोनीत या निर्वाचित |
|---|---|---|
| प्राक्कलन समिति | 30 | लोक सभा द्वारा निर्वाचित |
| लोक लेखा समिति | 22 (15 लोक सभा + 7 राज्य सभा) | दोनों सदनों द्वारा निर्वाचित |
| सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति | 22 (15 लोक सभा + 7 राज्य सभा) | दोनों सदनों द्वारा निर्वाचित |

### क्यों पड़ी स्पीकर पद की जरूरत

भारत की शासन प्रणाली वेस्टमिंस्टर मॉडल का अनुसरण करती है, यही कारण है कि देश में संसद की कार्यवाही का नेतृत्व एक पीठासीन अधिकारी करता है, जिसे लोकसभा स्पीकर कहा जाता है। सदन के अध्यक्ष की महत्ता के बारे में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने कहा था कि संसदीय लोकतंत्र में अध्यक्ष सदन की गरिमा और स्वतंत्रता का प्रतिनिधित्व करता है। चूंकि संसद देश का प्रतिनिधित्व करती है, इसलिए अध्यक्ष पद एक हिसाब से देश की स्वतंत्रता का प्रतीक बन जाता है।

### अध्यक्ष की गैरमौजूदगी में उपाध्यक्ष या गठित पैनल का सदस्य चलाता है सदन

भारतीय संविधान में यह प्रावधान है कि लोकसभा अध्यक्ष के वेतन भत्तों पर सदन में मतदान नहीं किया जाएगा। उनके वेतन भत्ते भारत की संचित निधि से दिए जाएंगे। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 266(1) में भारत की संचित निधि संबंधी प्रावधान है। नई लोकसभा में भी स्पीकर के लिए विशिष्ट रूप से कुर्सी रखी गई है, जहां से वह पूरे सदन को देख सके। संसदीय कार्यों और होने वाले दैनिक कार्यों के लिए स्पीकर को लोकसभा के महासचिव और सचिवालय के सीनियर अफसरों की टीम मदद करती है। लोकसभा अध्यक्ष की गैरमौजूदगी में उपाध्यक्ष कार्यों का निर्वहन करता है। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों की गैरमौजूदगी में सभापति का जो पैनल बनता है, उसमें से एक सदस्य सदन की अध्यक्षता करता है।

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

पेज 10

आषाढ़ कृष्ण पक्ष 5, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 26 जून 2024, वर्ष-30, अंक-248, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



संविधान का गला घोटने के लिए देश की जनता...

सेंसेक्स
78,053.52 ▲ +712.45

डॉलर
83.433 ▲ -0.030

पलामू सर्राफा
10 ग्राम 71,680
01 किलो 89,190

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## आयुष्मान से वंचित लोगों के इलाज की नई योजना शुरू करेगी सरकार : सीएम

- जिनका राशन कार्ड होगा, उन्हें 15 लाख रुपये तक की इलाज की सुविधा मिलेगी
- योजना से संबंधित सभी प्रक्रियाओं को जल्द पूरी करने का मुख्यमंत्री ने दिया निर्देश
- स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण की योजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि राज्य का कोई भी गरीब व्यक्ति इलाज से वंचित ना रहे, इसके लिए सरकार एक नई योजना शुरू करने जा रही है। इस योजना के तहत आयुष्मान कार्ड से वंचित वैसे सभी व्यक्ति, जिनका राशन कार्ड होगा, उन्हें 15 लाख रुपये तक की इलाज की सुविधा मिलेगी। ऐसे में इस योजना को जल्द से जल्द शुरू करने की सभी प्रक्रियाएं जल्द पूरी करने का निर्देश मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिया। मुख्यमंत्री मंगलवार को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा को लेकर उच्च स्तरीय बैठक कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी स्वास्थ्य उप केंद्रों को बेहतर बनाया जाए ताकि ग्रामीणों को यहां प्राइमरी इलाज की सुविधा उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि यहां स्वास्थ्य कर्मियों की नियमित उपस्थिति होनी चाहिए। इसके साथ स्वास्थ्य उप केंद्र के बाहर नोटिस बोर्ड लगाया जाए, जिसमें संबंधित स्वास्थ्य कर्मी का नाम और मोबाइल नंबर अंकित हो, ताकि जरूरत पड़ने पर कोई भी ग्रामीण उससे संपर्क कर सके। बैठक में मुख्य सचिव एल. खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन के एमडी अबू इमरान, एनएचएम के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी, स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक प्रमुख डॉ. सीके साही और निदेशक औषधि ऋतु सहाय समेत स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री ने दिए कई और अहम निर्देश

- सभी अस्पतालों में एक ही भवन में ओपीडी और चिकित्सा जांच की सुविधा उपलब्ध हो।
- सभी स्वास्थ्य उप केंद्र और अन्य अस्पतालों में बाउंड्री वॉल का निर्माण के साथ परिसर में वृक्षारोपण किया जाए।
- अस्पतालों में डायलिसिस यूनिटों की संख्या में बढ़ोतरी की जाए।
- रांची सदर अस्पताल में एमआरआई मशीन की उपलब्धता सुनिश्चित करें।
- अस्पतालों के आधारभूत संरचना की मरम्मत, पेयजल शौचालय और बिजली की व्यवस्था, प्रसव कक्ष, चिकित्सीय उपकरण और दवा की व्यवस्था होनी चाहिए।
- वैसे स्वास्थ्य केंद्र और अस्पताल जहां आईसीयू बेड की व्यवस्था नहीं है, वहां आईसीयू बेड तथा टेली आईसीयू इनेबल्ड केयर क्रिटिकल केयर यूनिट को शुरू करने की पहल हो।

## रसोई गैस सब्सिडी योजना के लाभुकों के चयन का मानक शीघ्र तय करें

**मुख्यमंत्री ने खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले की उच्च स्तरीय बैठक**



**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने राज्य सरकार की रसोई गैस सब्सिडी योजना के लाभुकों के चयन का मानक यथाशीघ्र तय करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। मुख्यमंत्री मंगलवार को खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की यह एक अति महत्वपूर्ण योजना है, जिसका मकसद गरीब और वंचित परिवारों को किफायती दर पर गैस सिलेंडर देना है ताकि वे इसका नियमित इस्तेमाल कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना का दायरा बढ़ाने की पहल करें। इसके तहत हरा राशन कार्ड जारी करने का जो निर्धारित लक्ष्य है, उसमें बढ़ोतरी की जाय। नए लाभुकों को इस योजना से जोड़ने की दिशा में शीघ्रता से कदम उठाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दो पहिया वाहनों के लिए पेट्रोल क्रय पर अनुदान के लिए मुख्यमंत्री सपोर्ट योजना योजना की शुरूआत हुई थी लेकिन इस योजना का बेहतर परिणाम देखने को नहीं मिला है। ऐसे में इस योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभुक लाभ लेने के लिए आगे आएं, इसके गाइडलाइन और स्वरूप में बदलाव लाने की जरूरत है।

## एक नजर

### करोड़ों के जीएसटी घोटाले में जमशेदपुर के कारोबारी ज्ञानचंद जायसवाल गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** जीएसटी इंटेलिजेंस की टीम ने करोड़ों की टैक्स चोरी के मामले में जमशेदपुर से स्क्रैप कारोबारी ज्ञानचंद जायसवाल उर्फ बबलू जायसवाल को गिरफ्तार किया है। जायसवाल को जीएसटी इंटेलिजेंस की टीम ने अपने ऑफिस बुलाया और उनसे करीब तीन घंटे तक पूछताछ की। उनसे 150 करोड़ से भी अधिक की जीएसटी की हेराफेरी के मामले में कई सवाल पूछे गए। जायसवाल ज्यादातर सवालों के जवाब नहीं दे पाए। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। ज्ञानचंद जायसवाल झारखंड के जाने-माने कारोबारी हैं। जांच में यह बात सामने आई है कि जीएसटी की हेराफेरी में जमशेदपुर से लेकर कोलकाता तक 100 से ज्यादा फर्जी कंपनियां शामिल हैं और इनके जरिए 3,000 करोड़ रुपये से अधिक की लेनदेन की गई है। इस मामले में अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जायसवाल पहले से कई मामलों में इनकम टैक्स विभाग और जीएसटी के रडार पर थे। 16 फरवरी 2024 को उनके तीन ठिकानों पर छापेमारी की गई थी।


## आपातकाल वाली मानसिकता आज भी नहीं गई : पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर आपातकाल को लेकर कांग्रेस को घेरा है। इमरजेंसी के 50 वर्ष पर मंगलवार को प्रधानमंत्री ने बैक टू बैक चार ट्वीट किए। उन्होंने कांग्रेस पर करारा अटैक करते हुए कहा कि जिन्होंने आपातकाल लगाया, उन्हें हमारे संविधान के प्रति प्यार के इजहार का कोई अधिकार नहीं है। पीएम मोदी ने ट्वीट में लिखा, 'जिस मानसिकता के कारण आपातकाल लगाया गया, वह उसी पार्टी में अब भी बहुत ज्यादा जीवित है जिसने इसे लगाया था। वे अपने दिखावे के जरिए संविधान के प्रति अपने तिरस्कार को छिपाते हैं, लेकिन भारत के लोगों ने उनकी हरकतों को समझ लिया है और इसीलिए उन्होंने उन्हें बार-बार नकार दिया है। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, 'आज का दिन उन सभी महान पुरुषों और महिलाओं को श्रद्धांजलि देने का दिन है जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया। ये दिन हमें याद दिलाता है कि कैसे कांग्रेस पार्टी ने बुनियादी स्वतंत्रताओं को खत्म किया और भारत के संविधान को रौंद दिया, जिसका हर भारतीय बहुत सम्मान करता है। ये वही लोग हैं जिन्होंने अनगिनत मौकों पर आर्टिकल 356 लगाया, प्रेस की आजादी को खत्म करने वाला विधेयक पारित किया, संघवाद को नष्ट किया और संविधान के हर पहलू का उल्लंघन किया। पीएम मोदी ने कहा कि सिर्फ सत्ता पर काबिज रहने के लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने हर लोकतांत्रिक सिद्धांत की अवहेलना की और देश को जेल बना दिया। कांग्रेस से असहमत होने वाले हर व्यक्ति को प्रताड़ित और परेशान किया जाता था। सबसे कमजोर वर्गों को निशाना बनाने के लिए सामाजिक रूप से प्रतिगामी नीतियां लागू की गईं। आपातकाल के काले दिन हमें बताते हैं कि सत्ता के लिए कांग्रेस क्या-क्या कर सकती है।

## ओम बिरला का लोकसभा अध्यक्ष बनना तय

- पहली लोस में हुआ था अध्यक्ष पद के लिए चुनाव, उसके बाद आम सहमति से चुने जाते थे अध्यक्ष
- इस बार विपक्ष ने उपाध्यक्ष पद मांगा, नहीं मिला तो के. सुरेश को बिरला के विरूद्ध उतारा, होगा चुनाव



-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष या स्पीकर के चयन को लेकर सरकार व विपक्ष के बीच आम सहमति नहीं बन पाई। सो अब चयन चुनाव से होगा। देश के इतिहास में ऐसा दूसरी बार होने जा रहा है। भाजपा सांसद ओम बिरला सरकार और कांग्रेस सांसद कोडिकुनिल सुरेश विपक्ष के उम्मीदवार हैं। कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल और द्रमुक नेता टीआर बालू लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए राजग उम्मीदवार का समर्थन करने से इनकार करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कार्यालय से बाहर आ गए। वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि सरकार ने उपाध्यक्ष पद विपक्ष को देने की प्रतिबद्धता नहीं जताई। पिछली बार ओम बिरला ही लोकसभा के शेष पृष्ठ 12 पर

### अमित शाह ने मंत्रियों और एनडीए सहयोगियों के साथ बनाई रणनीति



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष पद पर चयन को लेकर सरकार और विपक्षी दलों के बीच सहमति नहीं बन पाने के कारण बुधवार को सदन में चुनाव होना तय माना जा रहा है। केंद्र में पीएम मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार एनडीए सरकार के गठन के बाद लोकसभा में सरकार और विपक्ष के बीच यह पहला शक्ति प्रदर्शन होने जा रहा है। इसलिए भाजपा के रणनीतिकार अपने उम्मीदवार ओम बिरला को ज्यादा से ज्यादा सांसदों के समर्थन के साथ बड़ी जीत दिलवाने के मिशन में जुट गए हैं और इसकी कमान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्वयं संभाल ली है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को पहले पार्टी नेताओं एवं वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए होने वाली चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की।

## आज कल




## एसीबी ने रातू थाना के एसआई को 35 हजार घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया

**रांची।** एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने मंगलवार को रांची के रातू थाने में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह को 35 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एसआई एक मामले में धारा 307 के केस को हल्का करने के लिए रिश्वत की मांग कर रहा था। रातू थाना क्षेत्र की एक महिला बबीता देवी ने एंटी करप्शन ब्यूरो में एसआई सत्येंद्र सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी। जांच के दौरान मामला सही पाया गया। जिसके बाद मंगलवार की दोपहर सत्येंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। ज्ञात हो कि बबीता देवी का पति एक मामले में आरोपी हैं। केस आईओ सब इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह को बनाया गया था। महिला ने सत्येंद्र सिंह से यह फरियाद लगायी थी कि उसके पति के केस की जांच सही तरीके से हो, ताकि उसे इंसाफ मिल सके। दारोगा सत्येंद्र सिंह बबीता देवी से केस डायरी मैनेज करने के लिए एक शेष पृष्ठ 12 पर

## 1000 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ मां-बेटा और बहू गिरफ्तार

**रांची।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र से 100 पुड़िया ब्राउन शुगर पकड़े जाने के एक दिन बाद मंगलवार को विधानसभा थाना क्षेत्र से 1000 पुड़िया ब्राउन शुगर जब्त किया गया। विधानसभा थाना पुलिस ने यह कार्रवाई गुप्त सुचना के आधार पर की। बताया गया कि राजधानी में यह अब तक पकड़ी गई ब्राउन शुगर की सबसे बड़ी खेप है। थाना प्रभारी प्रदीप राय ने बताया कि नया सराय के कल्लु मैदान के पास रहने वाला शीशुपाल लोहरा इस काम को अपने घर से करता था। इस काम में उसकी पत्नी आरती देवी तथा माता ड्डी शामिल है। शीशुपाल ब्राउन शुगर के मामले में फरवरी में ही पकड़ा गया था। जेल से निलकते ही वह इस काम को फिर से शुरू किया है। पुलिस इस बात की जानकारी जुटाने में लगी है कि ब्राउन शुगर का मुख्य सफ्लायर कौन है।

## एनटीए के कहने पर ओएसिस स्कूल के प्रश्नपत्रों वाले दो बक्सों के लॉक को कटर से काटा गया

- एनटीए चेयरमैन व अन्य अफसर संदेह के घेरे में
- सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में ज्यूडिसल कमेटी से जांच कराने की मांग

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले में रोज- रोज नये खुलासे हो रहे हैं। नीट परीक्षा पेपर लीक मामले में हजारीबाग ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल ने बताया कि प्रश्नपत्रों वाले दो बक्सों पर लगे डिजिटल लॉक 5 मई (परीक्षा के दिन) को नहीं खुल रहे थे, जिसके बाद उन्हें एनटीए की सलाह पर कटर का इस्तेमाल करना पड़ा। एनटीए अधिकारियों के मुताबिक बक्से में दो ताले लगे होते हैं एक मैनुअल और दूसरा डिजिटल। पहले वाले को खोलने के लिए एक चाबी और कटर होता है, जबकि दूसरा लॉक परीक्षा से 45 मिनट पहले अपने आप खुल जाता है, लेकिन हजारीबाग के शेष पृष्ठ 12 पर

## एमसीसी के एरिया कमांडर तिलक को आठ वर्ष का सश्रम कारावास

**रांची।** प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय की कोर्ट ने दोषी तिलक मन साहू को मंगलवार को आठ वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही कोर्ट ने उसपर 50 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। तिलक मन साहू प्रतिबंधित माओवादी संगठन (एमसीसी) का एरिया कमांडर था । इसके खिलाफ पालकोट थाना में कांड संख्या 5/2002 दर्ज किया गया था। इस केस का ट्रायल प्रीवेन्शन ऑफ टैररिस्ट एक्ट के तहत चला। इस केस में पुलिस की ओर से 17 गवाह पेश किए गए, जिसमें पूर्व डीजीपी एमवी राव की गवाही भी शामिल थी।

## इंडिया



सुनील बादल

*सिर्फ आपको उस अदृश्य नेटवर्क का पता होना चाहिए जो मामूली सुविधा शुल्क लेकर आपको प्रोटेक्शन देगा। वे लोग स्वयं आपके पास आएंगे नियम कानून की दुहाई देंगे और आपको मैनेज करना आना चाहिए।*

## झारखंड : ऑटो पायलट सिस्टम से चलती राजधानी

राजधानी रांची सहित झारखंड के किसी भी शहर में आपको व्यवसाय करना है तो कम से कम एक बोरा लीजिए किसी सड़क के किनारे जहां इच्छा हो बिछाकर बैठ जाइए शुरू हो गई आपकी दुकान और यदि ट्रांसपोर्ट लाइन में कैरियर बनाना चाहते हैं तो एक ऑटो खरीदिए और कहीं से कहीं चलिए जहां इच्छा हो रुकिए जितने पैसेंजर बैठा सकते हैं बैठाइए! सिर्फ आपको उस अदृश्य नेटवर्क का पता होना चाहिए जो मामूली सुविधा शुल्क लेकर आपको प्रोटेक्शन देगा। वे लोग स्वयं आपके पास आएंगे नियम कानून की दुहाई देंगे और आपको मैनेज करना आना चाहिए। विश्वास न हो तो जमशेदपुर के टाटा फैक्ट्री इलाके को छोड़कर कहीं भी देख लीजिए। पड़ोसी ओड़िशा, बंगाल, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में सड़क और दुकानें अलग हैं। पूर्ववर्ती पैतृक राज्य बिहार में भी कमोबेश यही स्थिति है जिनसे यह परंपरा हमने सीखी है। उच्च न्यायालय ने अनेक आदेश फुटपाथ और ऑटो के बारे में दिया था जिनका खुला उल्लंघन किया जाता है। एक आदेश था कि ऑटो सिर्फ पिछली सीट पर तीन सवारी बैठाएंगे। रांची में अधिकारी कहते हैं कि रांची में तीन स्टैंड अधिसूचित हैं फिर अनेक प्रमुख सड़कों पर स्टैंड के नाम पर ऑटोवालों को धमकाकर दिन रात अवैध वसूली कौन करता है और उन्हें कौन रोकेगा? आप किसी भी सड़क पर चले जाएं किसी गांव देहात की तरह सड़क किनारे सब्जी बेचने वाले मिल जाएंगे और किसी ऑटो या नो एंट्री को नकारने वाले कथित ग्रामीण नगर बस सेवा या एसी बस को कहीं भी रोक सकते हैं। पड़ोसी राज्यों के विपरीत गजब की स्वतंत्रता है जहां न नो एंट्री का एक भी बोर्ड लगा है न सड़कों पर सरकारी नगर बसों के लिए बस स्टॉप तय है जिस कारण तीन बार टेंडर के बावजूद कोई भी ट्रांपोर्टर भारत के सबसे धनी और सबसे पिछड़े राज्य की राजधानी रांची में बस चलाने की हिम्मत कर पा रहा है ।संभवतः यह देश का पहला या दूसरा राज्य है जहां ऑटो और बस वाले खुद ही मनमाने ढंग से भाड़ा तय कर अखबारों में विज्ञप्ति जारी कर देते हैं। कोरोना के समय जो तीन चार गुना भाड़ा बढ़ा वो कभी कम नहीं हुआ ।कभी बिहार के जमाने में सभी प्रमुख सड़कों का राष्ट्रीकरण कर स्टेट बसें चलाईं गईं आज सभी प्रमुख शहरों में सरकारी बस डिपो हैं पर भ्रष्टाचार और दबंग नेताओं के निजी बसों के वर्चस्व के आगे कब्रगाह बन कर रह गए हैं। झारखंड के युवा सदियों से अस्थायी या स्थायी पलायन करते रहे हैं उन्हें रोजगार देने के नाम पर अनेक सरकारें बनीं पर कमोबेश वही व्यवस्था चली आ रही है। स्थिति यह है कि दाल रोटी के चक्कर में पिसता आम आदमी इसी व्यवस्था में कुछ ले देकर काम कराने को निरापद समझता है। सभी प्रमुख शहरों में लाखों स्कूटी,मोटर साइकिल और बिना परमिट ऑटो या कथित नगर बस सेवा कितना प्रदूषण फैलाते हैं और पब्लिक के साथ सरकार के खजाने को कितना नुकसान पहुंचा रहे हैं उसका आकलन करने की आवश्यकता किसी को नहीं है या फुर्सत नहीं है। पर सवाल यह है कि 24 साल हो गए हम राजधानी या प्रमुख औद्योगिक शहरों को इस तदर्थवादी व्यवस्था से मुक्त कराकर शहर या आधुनिक शहर कब बनाएंगे?



## आदिवासी रेजीमेंट बनाने से देशभर के आदिवासियों को मिलेगी अलग पहचान : चम्पाई

**मुख्यमंत्री से लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी ने की शिष्टाचार भेंट**



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से मंगलवार को भारतीय सेना के जनरल ऑफिसर, कमांडिंग-इन-चीफ, ईस्टर्न कमांड और लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी (यूवाईएसएम, एवीएसएम, एसएम) ने शिष्टाचार भेंट की। मौके पर मुख्यमंत्री ने जाट रेजीमेंट, बिहार रेजीमेंट, पंजाब रेजीमेंट, सिख रेजीमेंट और मद्रास रेजीमेंट आदि की तर्ज पर आदिवासी रेजीमेंट बनाने से संबंधित अपनी भावना से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आदिवासी रेजीमेंट के गठन से देशभर के आदिवासियों को सेना में अलग पहचान भी मिलेगी।

लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी ने झारखंड में भी पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से इकोलॉजिकल टेरिटोरियल आर्मी के गठन का प्रस्ताव रखा। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में सेना द्वारा प्रस्ताव मिलने पर सरकार पूरा सहयोग करेगी। उल्लेखनीय है कि सेना के इकोलॉजिकल टेरिटोरियल आर्मी में भूतपूर्व सैनिक होते हैं, जो पर्यावरण के लिए कार्य करते हैं।

फौज बहाली में आदिवासियों को ज्यादा से ज्यादा अवसर मिले

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय सेना में झारखंड के आदिवासी युवा अपनी सेवा देते आ रहे हैं। फौज बहाली में यहां के आदिवासियों को और ज्यादा से ज्यादा अवसर प्राप्त हो। इसमें सेना आदिवासियों को आगे लाने की दिशा में पहल करें। लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी ने मुख्यमंत्री को भरोसा दिलाया कि इस दिशा में सेना की स्थानीय जीओसी के माध्यम से आदिवासियों को सेना बहाली के योग्य तैयार करने के लिए प्रशिक्षण समेत अन्य सभी सहयोग किया जाएगा।

## एक नजर

### टीएलएम आधारित मेले का प्रदर्शनी

**मेदिनीनगर।** शहर के सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस प्लस टू विद्यालय में टीएलएम आधारित मेले में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में शिक्षकों ने एक से बढ़कर एक टीएलएम आधारित शिक्षण सामग्री का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त रवि आनंद एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त ने कहा कि शिक्षकों को निपुण भारत मिशन का सपना पूर्ण करने के लिए अपना भरपूर योगदान देना ही शिक्षक का मुख्य कर्तव्य है। जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गा नंद झा ने कहा कि शिक्षकों का समर्पण ही बच्चों के उम्र और कक्षा के अधिगम स्तर तक पहुंचा सकेगा। इस मेले में पुरस्कार हेतु चयन समिति में क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी अमृता सिंह, डायट संकाय सदस्य प्रेमलता कुमारी, हसन रजा, संपर्क फाउंडेशन के प्रतिनिधि नवीन कुमार दुबे एवम आई पी ई एल प्रतिनिधि रामायण कुमार सम्मिलित थे। मेला में जिला के सभी 21 प्रखंडों के शिक्षकों ने शिक्षण सामाग्री का प्रदर्शन किया।

### एसडीओ ने विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के साथ की समीक्षा

# मतदाता सूची में योग्य व्यक्तियों का निबंधन सुनिश्चित करायें : एसडीओ

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** मंगलवार को अनुमंडल कार्यालय सभागार में एसडीओ पीयूष सिन्हा ने विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ बैठक की। जिसमें 25 जून 2024 से 25 जुलाई 2024 से चलाये जा रहे मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान नागरिकों का मतदाता सूची में नाम जोड़ने, पता आदि त्रुटियों को शुद्ध करने, फोटो अपडेट करने आदि से संबंधित कार्य किये जाने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में योग्य व्यक्तियों का निबंधन सुनिश्चित करायें सभी पदाधिकारी सख्ती से इसका ध्यान रखें कि एक भी योग्य नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने से वंचित नहीं रहे। जेंडर रेसियो एवं ईपी रेसियो में व्याप्त गैप को भी दूर करते हुए एक स्वच्छ, त्रुटिरहित एवं समावेशी मतदाता सूची का निर्माण करने में सभी अपनी सहभागिता निभायें। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में सहयोग की अपेक्षा जताई। उन्होंने कहा कि सभी की सहभागिता आवश्यक है। सहभागिता से ही मतदाता सूची शुद्ध हो पाएगा। आम नागरिकों को जागरूक करने में स्थानीय प्रशासन को मदद करें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध करने में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। पदाधिकारी एवं राजनीतिक दलों के आपसी समन्वय एवं सहयोग से त्रुटिरहित मतदाता सूची निर्माण कराने में बहुत मदद मिलेगी। अनुमंडल पदाधिकारी श्री सिन्हा ने बैठक के माध्यम से आम नागरिकों से भी अपील की है कि आगामी 25 जुलाई 2024 तक अहर्ता तिथि को मतदाता बनने की योग्यता रखने वाले नागरिक मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने हेतु प्रपत्र- 6 में रंगीन फोटो एवं आयु तथा निवास प्रमाण पत्र के साथ अग्रिम आवेदन कर सकते हैं।



### अशुद्धि को शुद्ध करने के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों सुविधाएं

मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने, अशुद्धि को शुद्ध करने के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों सुविधाएं निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई है ऑफलाइन व्यवस्था के तहत कोई भी व्यक्ति 6. ए. बी और 7, 8 फॉर्म में आवेदन संबंधित बीएलओ ईआरओ एवं एईआरओ को समर्पित कर सकते हैं। वहीं ऑनलाइन व्यवस्था के तहत एनभीएसपी पोर्टल या वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से आवेदन समर्पित कर सकते हैं। बैठक में एसडीओ के अलावा सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि, विभिन्न राजनीतिक दलों के अध्यक्ष, सचिव आदि उपस्थित थे।

### आद्रा नक्षत्र चार दिन बीतने के बाद भी बारिश नहीं

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र में आद्रा नक्षत्र चार दिन बितने के बावजूद मानसून की बारिश शुरू नहीं हुई है। अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पर बना हुआ है। पिछड़ने के डर से किसानों ने धान का बिचड़ा वैकल्पिक व्यवस्था से लगाना शुरू कर दिया है। कड़ी धूप में मोटरपंप से खेत पटवन बिचड़ा लगाया जा रहा है। हरिहरगंज के के कई किसानों ने खेत तैयार कर बिचड़ा लगाना शुरू कर दिया है। वहीं बाजार में धान का बीज किसान साठ से 300 रुपये प्रति किलोग्राम खरीद रहे हैं।

### हुसैनाबाद में 224 लोगों का हुआ म्यूटेशन

**हुसैनाबाद।** पलामू के हुसैनाबाद प्रखंड में म्यूटेशन के लिए 433 लोगों ने आवेदन दिया है। वर्तमान में 224 लोगों का म्यूटेशन हुआ है। सीओ पंकज कुमार ने बताया कि चुनाव के कारण मामला लंबित पड़ा था। अब प्रक्रिया शुरू कर दी गई हैं। सभी लंबित म्यूटेशन को पूरा किया जाएगा। उधर प्रखंड में म्यूटेशन कराने पहुंचे बनकट गांव निवासी घूरा प्रसाद पाल ने बताया कि कुसुआ गांव में जमीन का म्यूटेशन के लिए छह माह पहले दिये थे, परन्तु अबतक नहीं हुआ है।

## न्यूज बॉक्स

### विश्रामपुर-इटको पथ पर पिकअप अनियंत्रित होकर पलटा



**नावाबाजार।** थाना क्षेत्र के विश्रामपुर-इटको मुख्य पथ स्थित दुर्गा माइंस के समीप पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें वाहन चालक व उपचालक को गंभीर चोट लगी है। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी नावाबाजार थाना को दी। वहीं घटनास्थल पर पहुंचे थाना पुलिस के द्वारा घायल चालक व उपचालक को इलाज के लिए भेजा गया। पिकअप पर मिर्ची लेकर जा रही थी।

### मां जीवन हॉस्पिटल का उद्घाटन



**पांकी।** पांकी में लोगों को बेहतर ईलाज की सुविधा उपलब्ध कराने में माँ जीवन हॉस्पिटल मील का पत्थर साबित होगा। इस प्रकार के हॉस्पिटल के खुलने से प्रखंड के लोगों को ईलज के लिए अब बाहर नहीं जाना पडेगा। ये बातें प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने पांकी थाना रोड स्थित माँ जीवन हॉस्पिटल के उद्घाटन के मौके पर कही। उन्होंने कहा इस युग में अमीरों के साथ गरीबों का भी ईलाज संभव हो सके ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए। माँ जीवन हॉस्पिटल की व्यवस्था की तारीफा करते हुए इसे और भी बेहतर व जनोपयोगी बनाने की सलाह दिया। प्रखंड प्रमुख ने डाॅ. राजेश कुमार शर्मा को नए हॉस्पिटल खोलने के लिए शुभकामनाएं दिया। मां जीवन हॉस्पिटल के डॉ. राजेश कुमार शर्मा नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ ने कहा कि मेरे यहाँ हॉस्पिटल में ऑपरेशन की सुविधा में निबुलाईजर की सुविधा, ऑक्सीजन सुविधा, पैथोलॉजी सुविधा व बाझपन एवं स्त्री रोग की इलाज की जाएगी। मौके पर, भाजपा ओबीसी मोर्चा का जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, पंचायत समिति मिथिलेश यादव, बबलू भुंया, इनामुल आजाद, डाॅ. अब्दुल रजिक, मिंटू शर्मा, छोटे सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मृतक के घर पहुंचे कांग्रेस नेता, दी संतावना

**पाटन।** प्रखंड के ग्राम लोहिया के प्रशांत कुमार की पत्नी अंजली देवी की मौत प्रसव के दौरान हो गई थी। जानकारी सूचना मिलते ही कांग्रेसी नेता अशोक पासवान ने मृतक के परिजनों से मिलने पहुंचे। साथ ही तत्काल उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान किया। अशोक पासवान ने कहा कि इस दुःख की घड़ी में सभी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता साथ मे हैं जो भी सहायता की जरूरत पड़ेगी उसे तत्काल पूरा किया जाएगा मौके पर मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल सिंह, संजय पासवान, लव सिंह, जुबेर अंसारी, नंद यादव शामिल थे।


### भरी, हुरलौंग, गोगाड़ मुख्य सड़क की दुर्दशा के खिलाफ सड़क पर उतरे आप नेता, किया प्रदर्शन

# पूर्व व वर्तमान विधायक की आपसी वर्चस्व में बंद पड़ा है सौ करोड़ से अधिक योजना : जायसवाल

नवीन मेल संवाददाता

**सगालीम।** पलामू जिले के पांकी प्रखंड के पांकी रोड पीडब्लूडी भरी, हूरलौंग से गोगाड़ मुख्य सड़क का निर्माण कार्य महीनों से बंद होने से आम लोगों की परेशानी को देखते हुए मंगलवार को आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सह पांकी विधानसभा क्षेत्र के नेता ओंकार नाथ जायसवाल ने सड़क पर बैठकर पूर्व और वर्तमान विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आप नेता ओंकार नाथ जायसवाल ने कहा कि सड़क कि दसा पूर्व व वर्तमान विधायक के आपसी लड़ाई में पांकी विधानसभा में करीब सौ करोड़ से अधिक योजनाएं बंद पड़ी है। उन्होंने कहा कि पूर्व व वर्तमान विधायक आपस में लड़ रहे हैं। आम जनता अपनी समस्या से जूझ रहे हैं। पूर्व और वर्तमान विधायक की आपसी लड़ाई में पांकी विधानसभा क्षेत्र की जनता पीस रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान विधायक के ठेकेदार द्वारा सड़क का निर्माण शुरू किया गया तो पूर्व विधायक कोर्ट में रिट याचिका दायर कर सड़क का निर्माण रोक दिया। कहा कि पूर्व विधायक का पूरे विधानसभा क्षेत्र में सौ करोड़ से अधिक की योजना चल रही है। वर्तमान विधायक सौ करोड़ की योजना चलवा रहे हैं। जायसवाल ने कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो गाजे बाजे के साथ इस रोड पर पूर्व व वर्तमान विधायक का शव यात्रा निकालेंगे। आप नेता कौशल किशोर बच्चन ने कहा कि आगामी तीन माह पूर्व पांकी पीडब्लूडी भरी-हुरलौंग से गोगाड़ सड़क का निर्माण शुरू हुआ था। पूर्व विधायक द्वारा इसे रोक दिया गया। सड़क पर मेटल डालकर छोड़ने से आम लोगों की परेशानी बढ़ गई हैं। आए दिन दुर्घटना हो रही है। बता दे कि 13 मार्च 2024 को पांकी विधायक डा. शशिभूषण मेहता द्वारा पांकी पीडब्लूडी भरी -हुरलौंग से गोगाड़ मुख्य सड़क का शिलान्यास किया था। संवेदक द्वारा निर्माण कार्य शुरू किया गया। इस बीच पूर्व विधायक द्वारा टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी का हवाला देकर कोर्ट में याचिका दायर कर सड़क का निर्माण कार्य को बंद करा दिया गया। जिससे आम लोगों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस सड़क से कई गांव और पंचायत के लोग आवागमन करते हैं। मौके पर आप नेता कौशल किशोर बच्चन, अरुण कुमार वर्मा, अमरेश मेहता, नागेंद्र चंद्रवंशी, पप्पू यादव, जितेंद्र यादव, लौकेंद्र सिंह, विरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।





### भाजपा से गठबंधन के नाम पर जनता, कार्यकर्ताओं को दिग्भ्रमित ना करें विधायक : विनोद सिंह

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद कुमार सिंह ने कहा कि एनडीए गठबंधन के नाम पर स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र की जनता को दिग्भ्रमित कर रहें है। वह मंगलवार को होटल रिद्धि सिद्धि में अयोजित प्रेसवार्त में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विभिन्न समाचार पत्रों में एनसीपी (अजित पवार) गुट द्वारा दिया गया बयान कि झारखंड में एक से अधिक पर लड़ेगी एनडीए-एनसीपी की हिस्सा वाली बात दिगभ्रमित करने वाला है। उन्होंने कहा कि जनता इससे दिग्भ्रमित होने वाली नहीं हैं। क्योंकि भाजपा राष्ट्रीय पार्टी हैं। बीते लोकसभा चुनाव में मेदिनीनगर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साफ शब्दों में कहा था कि झारखण्ड में मेरा गठबन्धन मात्र आजसू पार्टी के साथ है। हुसैनाबाद विधायक व एनसीपी नेता भी मौजूद थे। इसके बाद भी इस तरह के गैर जिम्मेदारी वाला बयान देना उनकी कमजोरी खिसकती राजनीतिक जमीन को बचाने का प्रयास है। जहां तक गठबंधन की बात है तो राष्टीय पार्टी के गठबंधन राज्य के आधार पर होती है। यह तय केंद्रीय नेतृत्व करता हैं। उन्होंने आगे कहा कि विधायक हार मान चुके है। क्योंकि हुसैनाबाद की जनता उन्हें चुनाव से पूर्व नकार चुकी हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण हैं कि पहले अपने पुत्र को चुनाव लड़ाने की बात करते थे। अब तो वे खुद पुनःचुनाव मैदान में होंगें।

# आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका का किया गया चयन

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** प्रखंड अंतर्गत ढाब कला आंगनबाड़ी केंद्र एक परिसर में ग्राम सभा का आयोजन कर मंगलवार को सेविका-सहायिका का चयन किया गया। हरिहरगंज बीडीओ सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कुमार अरविंद बेदिया ने बताया कि संपन्न चुनाव में आंगनबाड़ी सेविका में अव्वल अभ्यर्थी रेशमा कुमारी तथा सहायिका में रिंकू कुमारी का चयन किया गया। आमसभा में सेविका पद के लिए 13 अभ्यर्थी तथा सहायिका के लिए 7 अभ्यर्थियों ने आवेदन दिया था। वरीयता सूची के आधार पर दोनों पदों के लिए चयन किया गया है। चयन के बाद दोनों अभ्यर्थियों को पदाधिकारी व पंचायत प्रतिनिधियों के हाथ औपबंधिक प्रमाण-पत्र स्थल पर ही दिया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख कमला देवी ने की। संचालन पंचायत के मुखिया जितेंद्र पासवान ने किया। ग्राम सभा में आंगनवाड़ी महिला प्रवेशिका सुमित्रा कुमारी, एएनएम मिंटू कुमारी, प्रधानाध्यापिका प्रतिमा कुमारी, पंसस वासुदेव राम, पूर्व मुखिया सुनील भुइयां, विजय मेहता, अनिल पासवान, अरविंद मेहता, अनिल यादव, अनुसेवक पारसनाथ, अर्जुन राम, योगेश्वर मेहता, अर्जुन मेहता सहित काफी संख्या में महिला पुरुष ग्रामीण मौजूद थे।



### हत्याकांड का नामजद अभियुक्त गिरफ्तार भेजा गया जेल

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद पुलिस ने गुप्त सूचना के अधार पर छापेमारी कर हत्या कांड का नामजद आरोपी राजकुमार सिंह ऊर्फ बब्लू सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मेदिनीनगर भेज दिया है। मालूम हो कि हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के सरहू गांव में बीते एक जून को टेंपो पार्किंग करने को लेकर मामूली विवाद में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में गंभीर रुप से घायल सरहु गांव निवासी अलखदेव साव 60 वर्ष की मौत इलाज के दौरान सदर अस्पताल मेदिनिनगर में हो गई थी। इस घटना को लेकर मृतक के पूत्र गोपाल कुमार गुप्ता ने हुसैनाबाद थाना में पांच लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी, इस संबंध में हुसैनाबाद थाना के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रामाशंकर पटेल ने बताया कि अन्य आरोपीयों की गिरफ़्तारी शीघ्र की जाएगी।

### सम्मान | लोस चुनाव में बेहतर करने वाले बीएलओ व पर्यवेक्षक सम्मानित

# यह सम्मान आगे और भी बेहतर करने की प्रेरणा देगा : बीडीओ

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** प्रखंड के सभागार में सोमवार को एक सादे समारोह के दौरान लोस चुनाव में बेहतर करने वाले बीएलओ व पर्यवेक्षक को सम्मानित किया गया। प्रभारी बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने उन्हे प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो दे कर सम्मानित किया। उत्कृष्ठ कार्य करने वाली बूथ संख्या 194 की बीएलओ प्रियंका देवी व पर्वेक्षक राजस्व उप निरीक्षक विजय कुमार चौबे को विशेष सम्मान दिया गया। बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि यह सम्मान आगे और भी बेहतर करने की प्रेरणा देगा। इसके बाद बीडीओ ने बीएलओ के साथ एक बैठक भी किया। बीडीओ सह उप निर्वाचन पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने 25 जून मंगलवार से प्रारम्भ होने वाली कार्ययोजना के बारे में जानकारी देते हुए निर्देशित किया कि सभी बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। पिछले पुनरीक्षण कार्यक्रम व सतत अद्यतनीकरण के दौरान किए गए विलोपन संबंधी प्रविष्टि की जांच व त्रुटिपूर्ण विलोपन के मामलों में आवश्यक सुधार कराने के संबंध में सभी को जानकारी दी गई। ऐसे युवक व युवतियां जो 18-19 वर्ष की हो चुके हो उनका मतदाता सूची में नाम शामिल करें। पूर्व से ब्लैक एंड वाइट या स्पष्ट रुप से नहीं दिखाई देने वाले मतदाताओं का फोटो में बदलाव को ले रंगीन फोटो संग्रह करें। इसके अलावा उन्होंने लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान 60% से कम मतदान वाले मतदान केन्द्रों पर कम मतदान होने का कारणों की समीक्षा की गई। बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने बीएलओ को कई और भी जरूरी दिशा निर्देश दिया।




# केतात कला पंचायत में जल नल योजना पूरी तरह फेल, पेयजल के लिए तरस रहे लोग

### कागजों पर 90 प्रतिशत घरों में पानी पहुंचाने का दावा, धरातल पर 10 प्रतिशत घरों तक भी नहीं पहुंचा पानी

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** हर घर पानी पहुंचाने का अति महत्वाकांक्षी जल नल योजना को सरकारी तंत्र ही फेल करने में लगा है। इतना ही नहीं सही आंकड़ा भी सरकार से छुपाया जा रहा है। इसकी बानगी विश्रामपुर प्रखंड का केतात कला पंचायत है। जहां नल जल योजना से पंचायत के दस प्रतिशत घरों में भी पानी नहीं पहुंचा ह। वहां सरकार को भेजे गए आंकड़ों में 90 प्रतिशत घरों में पानी पहुंचाने का दावा किया गया है। धरातल पर बमुश्किल 20 घरों में भी पानी नहीं पहुंचा होगा,जबकि जल शक्ति के पोर्टल पर 447 घरों को जल नल योजना से लाभान्वित दिखाया जा रहा है। केतात कला पंचायत में जल नल योजना पूरी तरह फेल हो चुका है। धरातल पर इस योजना का कोई लाभ लोगों को नहीं मिल रहा। करोड़ों खर्च के बावजूद भी लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। इसका मुख्य कारण ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों का मिलीभगत है। इन दोनो के गठजोड़ ने जल नल योजना को लूट योजना में परिवर्तित कर दिया है। पंचायत समिति सदस्य रीना चौबे और सामाजिक कार्यकर्ता नवीन चौबे ने इस संबंध में पीएमओ को पत्र लिख कर जांचोपरांत कार्रवाई की मांग की है।

### जलमीनार लगाने में घोर अनियमितता



केतात कला पंचायत में जलमीनार लगानो में भी घोर अनियमितता बरती गई है। पंचायत के वार्ड नंबर 2 में त्रिपुरारी चौबे के घर के पास कंक्रीट का जलमीनार बनाया गया है। जिसकी लागत लगभग बीस लाख रुपए बताया जा रहा है। कंक्रीट से बने टंकी को ऊपर से ढका भी नही गया है। वार्ड नंबर नौ मे एजाजुल अहमद के घर के पास कामता गांव में लगभग 4 माह पहले जलमीनार अधिष्ठापित किया गया है। जिसमे टूटा हुआ टंकी लगाया गया है। ग्रामीणों के शिकायत के बावजूद भी उसे बदला नहीं गया। फलस्वरूप यह दोनों जलमीनार सिर्फ अस्तित्व का बोध मात्र करा रहा है। नवीन चौबे ने बताया कि अगर ईमानदारी से इस योजना की जांच हो तो लाखों रुपए के गबन का मामला प्रकाश में आयेगा। इधर इस बाबत पूछे जाने पर प्रभारी बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। अग्रेतर कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को लिखा जायेगा।





## एक नजर

### जनता को भ्रमित कर चुनाव लड़ना चाहती झामुमो : सतीश

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड सरकार एक बार फिर झारखंडी जनता को भ्रमित कर विधान सभा चुनाव में ठगने के लिए लगातार घोषणा कर रही है। लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन में अपनी हार को नहीं पचा पा रही है। पिछले विधान सभा चुनाव में लगातार झूठ का भ्रम फैला कर राज्य की सत्ता पा ली थी। ये बातें आजसू के केंदीय सचिव सतीश कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि झामुमो अपने चुनावी घोषणा पत्र की समीक्षात्मक मुल्यांकन करें। घोषणा पत्र के किस बिन्दू पर कार्य किया है। पलामू को झारखंड के उप राजधानी बनाने, पांच लाख बेरोजगार युवाओं को नौकरी देने, शिक्षित बेरोजगार को 5-7 हजार बेरोजगारी भत्ता देने, महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए योजनाएं बनाने की घोषणा की गई थी।

# निगम की उपेक्षा का शिकार बना कोयल रिवर फ्रंट

## कई सुविधाएं विकसित करना था,जो निगम नहीं कर सका



### असमाजिक तत्व बर्बाद कर रहे हैं बैठने का स्थल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम ने शहर वासियों को बैठने व टहलने के लिए कोयल रिवर फ्रंट के रूप में शहरवासियों को एक सौगात दिया था। कोयल रिवर फ्रंट बनने के बाद लोग अपने परिवार तथा मित्रों के साथ सुकून का वक्त बिताया करते थे। लेकिन धीरे-धीरे यह रिवर फ्रंट निगम की उपेक्षा का शिकार हो चुका है। शहर के कई छोटे-बड़े कार्यक्रम इस रिवर फ्रंट पर आयोजित किए जाते हैं, इसमें प्रशासन से जुड़े लोग भी सम्मिलित होते हैं। छठ आदि पर्व में भी कोयल नदी के घाट पर हजारों की भीड़ उमड़ती है। रिवर फ्रंट बन जाने के बाद इसमें और भी इजाफा हुआ है। हालांकि इसमें कहीं ना कहीं शहर वासी भी जिम्मेवार हैं। निगम द्वारा बैठने के लिए लगाए गए बेंच को तोड़ दिया गया है। साथ ही रिवर फ्रंट की खूबसूरती बढ़ा रहे स्टील के रेलिंग को भी कई जगह से उखाड़ कर असमाजिक तत्व अपने साथ ले गए हैं। नगर निगम ने मरीन ड्राइव योजना के फेज टू के लिए करीब 1 किलोमीटर एरिया में रिवर फ्रंट को विकसित करने की योजना के लिए 4.26 करोड़ रुपए का टेंडर जारी किया था। मेसर्स नवजीवन कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा पूरा किया गया था। रिवर फ्रंट के पास कैफेटेरिया सहित अन्य कई सुविधाएं उपलब्ध करवाने की भी बात थी। रिवर फ्रंट के नजदीक एक हाट को भी विकसित करने का निर्णय किया गया था। हालांकि अभी तक वहां पर हाट विकसित नहीं किया गया है। कोयल रिवर फ्रंट के फेज वन का काम पहले ही पूरा कर लिया गया था। जिसमें करीब 80 लाख रुपए की लागत आई थी। इसके तहत पुल की किनारे ओपन जिम से लगे करीब 80 मीटर हिस्से का सुंदरीकरण किया गया था। पिछले वर्ष 23 अप्रैल को इसका उद्घाटन किया गया था।

> धीरे-धीरे शरारती तत्वों तथा निगम की उपेक्षा का शिकार होने लगा आलम यह है कि यहां बैठने के लिए लगाएगा बेंच को भी कई जगह से उखाड़ दिया गया है इसके साथ विशेष कोटा पत्थर से निर्मित धौलपुर की जाली से निर्मित रेलिंग को भी तोड़ दिया गया

### शहर वासी कोयल रिवर फ्रंट को सुरक्षित रखने में सहयोग करें : नगर आयुक्त



नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने बताया कि असामाजिक तत्वों द्वारा रिवर फ्रंट को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। शहर थाने को भी रिवर फ्रंट के किनारे पेट्रोलिंग बढ़ाने तथा समय-समय पर वैसे तत्वों पर नजर रखने का निर्देश दिया गया है। जल्द ही निगम द्वारा उस स्थान पर सीसीटीवी लगाया जाएगा ताकि रिवर फ्रंट को नुकसान पहुंचाने वालों की पहचान हो सके। चूंकि यह रिवर फ्रंट शहरवासियों के लिए बनाया गया है इसलिए सभी लोगों की यह जिम्मेवारी बनती है कि वह इसे सुरक्षित रखने में निगम का सहयोग करें। रिवर फ्रंट के टूटे बेंच और बाकी हिस्से के बाबत पूछने पर उन्होंने बताया कि टूटे हुए हिस्से की यथासंभव मरम्मत जल्द ही निगम के द्वारा कर दी जाएगी।


## न्यूज बॉक्स

### घरेलू आयोजन बिखरते परिवारों के लिए संदेशः अविनाश वर्मा



**मेदिनीनगर।** शहर निवासी अविनाश कुमार वर्मा छुट्टियां व पारिवारिक आयोजन के तहत अपने पूरे परिवार के साथ पटना व बोध गया पर्यटन, दर्शनीय स्थलों का भ्रमण किया। बिहार सरकार व एनडीए गठबंधन के मुख्यमंत्री के नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समग्र विकास के साथ पर्यटन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए बधाई दी। अपने भ्रमण कार्यक्रम से अभिभूत होकर अविनाश वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संपूर्ण बिहार में विकास के साथ पर्यटन के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय व महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। यह बिहार वासियों के साथ संपूर्ण देश वासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि विकास के मामले में जो कार्य बिहार में किया गया है, वह झारखंड के साथ अन्य प्रदेशों के लिए प्रेरणा के स्रोत है। बिहार के मुख्यमंत्री की राजनीतिक हस्तक्षेप कहीं भी कुछ भी हो मगर, विकास के मद्देनजर उनकी भूमिका बिहार के प्रगति में अविस्मरणीय है। उन्होंने अपने भ्रमण कार्यक्रम के बीच अपने पारिवारिक कार्यक्रम के तहत बड़े भाई जयप्रकाश श्रीवास्तव के शादी की 25 वीं सालगिरह में शामिल होकर बधाई दी। साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि इस तरह के आयोजन में परिवारों की उपस्थिति आपसी एकता को बढ़ावा देता है। अपने व्यक्तिगत संबंधों को प्रगाढ़ता प्रदान करती है, जो आज बिखर रहे परिवारों के लिए भी एकता का संदेश है।

### पत्रकार को पितृ शोक



**मेदिनीनगर।** पत्रकार प्रवीण रंजन सिंह व सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के सचिव राजीव रंजन के पिता विजय सिंह का निधन गुरुवार को हृदय गति रुक जाने से हो गया। वह अपने पीछ भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन पर कई समाजिक संगठनों व पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया है। उनका अंतिम संस्कार सुदना पंपूकल घाट पर कर दिया। उनके आत्मिक शांति के लिए गरुड़ पुराण के पाठ आयोजन किया गया है। एक जुलाई को दशगात्र व तीन जुलाई को ब्रह्मभोज का आयोजन किया गया है।

### हंगामेदार रही राजद की समीक्षा बैठक, आपस में ही भीड़े पदाधिकारी व कार्यकर्ता



**मेदिनीनगर।** राजद की समीक्षा बैठक मंगलवार को हंगामेदार रही है। बैठक में लोकसभा चुनाव में हार का ठीकरा पार्टी के नेता एक दूसरे पर लगाते रहे। बता दें कि लोकसभा चुनाव में मिली हार की समीक्षा के लिए राजद की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया था। समीक्षा में राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, पार्टी के झारखंड समन्वयक गौतम सागर राणा, पलामू लोकसभा सीट से प्रत्याशी ममता भुइयां, पलामू के जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा समेत बड़े राजा नेता मौजूद थे। बैठक शुरू होते ही साभी नेता आपस में ही भीड़ गए। पार्टी के वरीय नेता काफी समझाते रहे लेकिन हंगामा कर रहे कोई नेता किसी की बात सुनने को तैयार नहीं था। नेताओं कार्यकताओं के बीच विवाद के कारण बैठक का मूल विषय ही हंगामे की भेंट चढ़ गया। समीक्षा बैठक में लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी के एक नेता पैसे का हिसाब देना शुरू करते ही प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने उन्हें रोका दिया। समीक्षा के दौरान राजद नेताओं ने कहा कि प्रत्याशी ने फोन उठाना बंद कर दिया था। पार्टी के नेताओं ने कहा कि हार की समीक्षा होनी चाहिए। निर्णय मजबूत होना चाहिए ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी मजबूती के साथ खड़े हों।

उप विकास आयुक्त ने जिला जल व स्वच्छता समिति की बैठक की

## ओडीएफ प्लस घोषित करने को लेकर मासिक लक्ष्य का निर्धारित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन टू अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा उप विकास आयुक्त सह जिला जल एवं स्वच्छता समिति के नोडल पदाधिकारी रवि आनंद ने मंगलवार को समाहरणालय के सभागार की। उपविकास आयुक्त ने स्वच्छ भारत मिशन टू अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए जिला में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध प्रगति की जानकारी ली। साथ ही ग्राम स्तर पर स्वच्छता, ठोस व तरल कचरा प्रबंधन के क्रियान्वयन के लिए ग्राम कार्य योजना तैयार करने से संबंधित समीक्षा की। बैठक में फाइव स्टार श्रेणी में गांव को ओडीएफ प्लस घोषित करने को लेकर माहवार लक्ष्य का निर्धारण व प्रगति पर भी चर्चा की गई। ओडीएफ प्लस का सर्टिफिकेशन देने में गति लाने पर बल दिया गया। व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, गोबरधन, सामुदायिक स्वछता केंद्र, कचरा प्लास्टिक प्रबंधन सहित अन्य विषयों पर विस्तार पूर्वक समीक्षा कर निर्णय लिया गया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के तरफ से सभी पीएचसी स्तर पर एक-एक समुदायिक शौचालय निर्माण को आवश्यक बताया गया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह, विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता शंभूनाथ चौधरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, पंचायती राज पदाधिकारी व समिति अन्य सदस्यउपस्थित थे।

### वाहन जांच अभियान में 12 बाइक जब्त

**मेदिनीनगर।** एंटी क्राइम चेकिंग अभियान के तहत सोमवार को स्थानीय छहमुहान पर संघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दोपहिया, चार पहिया वाहनों की गहता से जांच की गई। दोपहिया वाहन चालकों को ट्रिपल लोड, बिना हेलमेट, लाईसेंसों की जांच की गई। इसी तरह चार पहिया वाहनों की जांच के क्रम में भी वाहनों का लाईसेंस सीट बेल्ट की जांच की गई। बारह पहिया वाहनों को परिवहन कार्यालय में चलान काटने के लिए भेज दिया गया है। ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने बताया कि एंटी क्राइम चेकिंग के तहत अभियान नियमित चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चालक हेलमेट हमेशा पहने।

जिले के सभी पीडीएस दुकानों पर चावल दिसव मना

## समय पर दुकान खोलने व लाभुकों का अद्यतन सूचि लगाने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू के निर्देश पर जिले के सभी प्रखंडो में मंगलवार को चावल दिवस मनाया गया। सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने अपने क्षेत्र में पीडीएस का निरीक्षण कर निर्धारित मात्रा व ससमय लाभुकों को राशन वितरण करने का निर्देश दिया गया। बताते चलें कि वर्तमान में जून में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत खाद्यान्न वितरण अगस्त 2023, सितम्बर 2023 का ग्रीन कार्डधारियों को चावल वितरण, अप्रैल 2024 का चना दाल, अक्टूबर 2023 से दिसम्बर 2023 तक के अवधि का चीनी, नमक का वितरण किया जा रहा है। साथ ही शेष बचे लाभुकों को सोना-सोबरन, धोती-साड़ी का वितरण भी किया जा रहा है। सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों द्वारा जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को समय पर दुकान खोलने, लाभुकों का अद्यतन सूची का प्रदर्शन करने, सूचना पट्ट लगाने का निर्देश दिया गया। साथ ही आयुष्मान भारत योजना के तहत केवाईसी कराने के लिए सभी लाभुकों को प्रेरित करने व इसमें स्वास्थ्य सहिया व अन्य को सहयोग प्राप्त करने का निर्देश दिया गया।



## सेवा संपुष्टि सहित कई मांगो लेकर डीईओ को सौंपा मांग पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ पलामू ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को लंबित मांगों को लेकर मंगलवार को मांग पत्र सौंपा है। बता दे कि माध्यमिक विद्यालय में पदस्थापित शिक्षक निरंतर सेवा देने के बावजूद, उचित लाभ से विभागीय उदासीनता के कारण वंचित हैं। वर्ष 2019-2021 में नियुक्त माध्यमिक शिक्षकों की परीक्ष्यमान अवधि समाप्त हो जाने के बाद भी अब तक सेवा संपुष्टि नहीं हो पाई है। इसलिए वर्ष 2023 में नवनियुक्त शिक्षक अपने आठ महीने का बकाया वेतन भुगतान नहीं होने व सेवा पुस्तिका नहीं खुलने के कारण उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। मांग पत्र में 2019-2021 में नियुक्त शिक्षकों की सेवा संपुष्टि,वरीय वेतनमान, 2023 में नियुक्त शिक्षकों के आठ माह का बकाया वेतन भुगतान व डीईओ कार्यालय में शिक्षकों द्वारा जमा आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई की मांग की गई है। मांग पत्र सौंपने के बाद शिक्षक नेता अजय कुमार ने बताया कि सेवा संपुष्टि नहीं होने से शिक्षकों में रोष है। उन्हें कोई लाभ नही मिल पा रहा है। अन्य जिलों में वरीय वेतनमान मिल रहा है। एक ही बहाली में पलामू के शिक्षक वंचित है। यदि सभी समस्याओं हल नहीं होता है तो आंदोलन करने को शिक्षक बाध्य होंगे। डीईओ दुगानंद झा ने कहा कि माध्यमिक शिक्षकों की सारी समस्याओं से विभाग अवगत है। बीच में चुनाव होने के कारण थोड़ा वक्त लग गया। एक महीने के अंदर सभी बिंदुओं पर विचार कर समाधान कर दिया जाएगा।



संगोष्ठी कार्यक्रम

भाजपा आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनायी

# आपातकाल देश में आजादी की दूसरी लड़ाई की तरह था : जवाहर

■ मीसा के तहत गिरफ्तार प्रो. केके मिश्र को किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी द्वारा 25 जून 1975 को लगाई गई इमरजेंसी के विरोध में शनिवार को पलामू भाजपा ने काला दिवस के रूप से मनाया। भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी में इमरजेंसी में मीसा कानून के तहत पलामू जिला से गिरफ्तार प्रो. केके मिश्रा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान ने कहा कि आपातकाल इस देश में आजादी की दूसरी लड़ाई की तरह था। सत्ता पर काबिज रहने के लिए देश में आपातकाल लगाया गया। मीडिया पर शिकंजा कसा गया। इंदिरा गांधी के खिलाफ एक लाइन भी लिखी जाती तो उसे हटवा दिया जाता या पत्रकारों को जेल में डाल दिया जाता। प्रोफेसर केके मिश्रा ने कहा कि अहंकार में डूबी निरंकुश कांग्रेस सरकार ने एक परिवार के सत्ता सुख के लिए 21 महीनों तक देश में सभी प्रकार के नागरिक अधिकार निलंबित कर दिया था। इस दौरान उन्होंने मीडिया पर सेंसरशिप लगा दिया था। संविधान में बदलाव कर न्यायालय तक का हाथ बांध दिया गया था। वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम नारायण दुबे ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में लोकतंत्र की हत्या करते हुए देश में आपातकाल लगाया था। विरोधी दलों के नेताओं पर अमानवीय अत्याचार किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने की। संचालन जिला उपाध्यक्ष रीना किशोर व धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद मनोज कुमार,पूर्व मेयर अरूणा शंकर,पूर्व डिप्टी मेयर मंगल सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष परशुराम ओझा व नरेंद्र पांडेय, विभाकर नारायण पांडेय, अजय तिवारी, उदय शुक्ला, दुर्गा जौहरी, अमलेश्वर दुबे, रूपा सिंह, ज्योति पांडेय, जितेंद्र तिवारी, सीटू गुप्ता, विजय ओझा, सुनील पासवान, सोमेश सिंह, अजय सिंह, अभिमन्यु तिवारी, साधु मांझी, सीबी रमन सिंह, मनोज विश्वकर्मा, अविनाश सिन्हा छोटू, सुनील गुप्ता सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।




> **पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लागू किया था : अमित तिवारी**
>
> भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि 25 जून 1975 की रात में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लागू कर दिया था। यह भारतीय राजनीतिक इतिहास का काला अध्याय था। इंदिरा गांधी को चुनाव जीतने के लिए सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग का दोषी पाया गया था।

### ट्रक व कार में टक्कर, महिला घायल

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के जेलहाता चौक पर तेज रफ्तार ट्रक ने कार व बाइक में टक्कर मारते हुए चौक पर खड़ा ठेला को भी अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में ठेला पर सत्तू बेच रही महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। घायल महिला को स्थानीय लोगों ने निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है। जानकारी के अनुसार ओवर ब्रिज के रास्ते से आ रही ट्रक ने होटल रमाडू की तरफ से आ रही कार को पहले अपनी चपेट में लिया। जारदार टक्कर के बाद कार सामने खड़ा दो बाइक से जा टकराई। इसके बाद सामने खड़ा ठेला में टक्कर मार दिया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर टीओपी वन की पुलिस ने दुर्घटना स्थल पर पहुंच कर ट्रक को जब्त करते हुए शहर थाने में भेज दिया। घटना में दुर्घटनाग्रस्त कार को भी पुलस शहर थाना ले गई है। पुलिस ने ट्रक चालक फिरोज अंसारी को मौके से गिरफ्तार कर थाना ले गई। ट्रक रेड़मा के जितेंद्र सिंह का बताया जाता है।


## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित **'दैनिक राष्ट्रीय मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊजोवान रिपोर्टर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर, की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** ,502 बी,मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)

## एक नजर

### शिकायत के बाद सचिव का प्रभार बदला

**भवनाथपुर।** प्रखंड के भवनाथपुर पंचायत के लाभुकों के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी से लिखित शिकायत के बाद पंचायत सचिव विष्णु प्रसाद को भवनाथपुर पंचायत से हटाते हुए चपरी पंचायत में स्थानांतरण किया गाय। जबकि भवनाथपुर में नवनीत कुमार को प्रभार दिया गया। बताते चलें की भवनाथपुर के एक दर्जन लाभुको ने पंचायत सचिव विष्णु प्रसाद पर आचरण के विरुद्ध कार्य करने को लेकर लिखित आवेदन देकर पंचायत से अविलंब हटाने की मांग कीया था । दिए आवेदन में लाभुक शिव शंकर राम, सुरेश कुमार, अमृत कुमार, रामशंकर मेहता, नागवंत मेहता, राम जन्म राम, जनक राउत सहित अन्य दर्जनों लाभुकों ने उल्लेख किया था कि पंचायत सेवक विष्णु प्रसाद का लाभुकों के साथ व्यवहार अच्छा नहीं है।

### श्राद्धकर्म में समाजसेवी ने किया सहयोग



**केतार।** प्रखंड के मुकुन्दपुर पंचायत के युवा समाजसेवी डॉ अनिश गुप्ता ने ताली गांव निवासी मृतक एतवरीया कुंवर के श्राद्धकर्म में 50 किलो आटा, ग्लास, पतल और नगद राशि देकर सहयोग किया। इस अवसर पर डॉ अनिश गुप्ता ने कहा की गरीब असहाय परिवारों का सहयोग करना पुनित कार्य है, सहयोग करना हमेशा जारी रखेंगे। इस मौके पर सुजित गुप्ता, आशिष राम, मणिलाल राम, इंद्रदेव गुप्ता, गुडू गुप्ता, अनुज गुप्ता, अभिराज गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया

**केतार।** भारतीय जानता पार्टी के केतार मंडल उपाध्यक्ष विकर्मा सिंह, उमेश दुबे, कोषाध्यक्ष राकेश सिंह ने सोमवार को उपाध्यक्ष पद और पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। जानकारी देते हुए विकर्मा सिंह ने कहा की इस्तीफा पत्र भाजपा के मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद और जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद को प्रेषित कर दिया गया है। उन्होंने बताया की फिलहाल किसी भी पार्टी की सदस्यता नहीं लिया है। उनके और सहयोगी पार्टी से जल्द इस्तीफा देंगे इसके बाद किसी पार्टी में शामिल होगें। इनके इस्तीफा देने से क्षेत्र में झामुमो पार्टी में शामिल होने की चर्चा तेज हो गई है।

### पुलिस के वाहन चेकिंग अभियान में सात बाइक जब्त

**केतार।** पुलिस अधिक्षक के निर्देशानुसार मंगलवार को केतार थाना की पुलिस ने थाना के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया। वाहन जांच के दौरान सड़क से आवागमन करने वाले बाईक चालकों को रोक कर पुलिस ने वाहन के कागजात, इंश्योरेंस, हेलमेट, डिकी और ड्राइवरी लाइसेंस की जांच की। इस दौरान बिना हेलमेट और वाहन के कागजात के सफर करने वाले चालकों को रोका गया।

## हत्या के बाद आक्रोशित परिजनों ने किया सड़क जाम, एसपी ने कहा

# अपराधी जल्द होंगे गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

सदर थाना क्षेत्र के पचपड़वा गांव में दिनदहाड़े महुलिया गांव निवासी तैयब अंसारी 25 वर्ष की हत्या के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने एन एच 343 करीब 2 घंटे तक जाम कर दिया। सड़क जाम के कारण गढ़वा से अंबिकापुर जाने वाले यात्री काफी परेशान रहे। जाम लगने के कारण वाहनों की लंबी कतार लग गई। आक्रोशित परिजन अपराधियों की अभिलंब गिरफ्तारी मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलाने के मांग पर अड़े हुए थे। काफी मशक्कत के बाद समझाने बुझाने के बाद समझा बूझकर जाम को समाप्त कराया गया। आक्रोशित परिजनों का कहना था कि अपराधी बेखोप दिनदहाड़े हत्या कर फरार हो गए। लेकिन पुलिस अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। इस संबंध में एसपी दीपक कुमार पांडे ने बताया कि पचपड़वा गांव में तैयब अंसारी की हत्या हुई है। घटना वाहन से साइड लेने के क्रम में विवाद के कारण घटी है। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार विवाद तैयब से नहीं हुई थी। उसके साथ आए हुए कुछ साथियों के साथ विवाद हुआ था। लेकिन अपराधियों ने गोली चला दिया। जो तैयब के माथे में जा लगी। उक्त मामले में प्राथमिक की दर्ज हो चुका है। पुलिस शक्ति से कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा की अपराधियों को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जायेगा।



बेटे के जन्मदिन पर पार्टी देने पचपड़वा गया था तैयब

**मेडिकल टीम गठित कर कराया गया पोस्टमार्टम**

तैयब अंसारी के शव को काफी हंगामा के बाद देर रात पोस्टमॉर्टम कराया गया। सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार के निर्देश पर तीन सदस्य मेडिकल टीम गठित किया गया। मेडिकल टीम में डॉक्टर टी पीयूष डॉ अमित कुमार डॉ कौशल किशोर शामिल थे। पोस्टमार्टम के बाद भी परिजन शव को घर नहीं ले गए। दूसरे दिन मंगलवार को परिजन शव को समझाने बुझाने के बाद परिजन घर ले गए।

जानकारी के अनुसार घटना से दो दिन पूर्व उसकी पत्नी ने बच्चों को जन्म दिया था। इसके बाद तैयब घर का कुछ सामान लेने तथा बेटे की जन्म पर दोस्तों को पार्टी देने पचपड़वा पहुंचा था। इस बीच उसके साथ आए एक दोस्त के साथ पचपड़वा गांव में वाहन से साइड लेने के क्रम में अपराधियों से विवाद हो गया।

# आपसी मिलीभगत से बड़े पैमाने पर मनरेगा योजना में फर्जीवाड़ा

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

प्रखंड अंतर्गत बनसानी पंचायत के झगराखांड गांव में मनरेगा योजना के तहत बिरसा हरित संवर्धन सिंचाई कूप निर्माण में रोजगार सेवक, पंचायत सेवक तथा लाभुक की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा किए जाने का मामला सामने आया है। उक्त योजना के लाभुक रामनिवास साह ने संबंधित कर्मियों को धोखे में रख चयनित स्थल के बजाये दूसरे जगह कूप खोदकर कूप जोड़ाई का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार झगराखाड़ निवासी रामनिवास साह को वित्तीय वर्ष 2023 -24 में मनरेगा के तहत बिरसा हरित संवर्धन सिंचाई कूप निर्माण की स्वीकृति मिली थी, जिसका कोड संख्या आईएफ/3139346 है। उक्त कूप निर्माण के लिए तैयार रेकड़ दस्तावेज में भूमि प्रतिवेदन तथा चेक स्लिप तो चयनित स्थल का लगाया गया है, लेकिन लाभुक द्वारा फर्जीवाड़ा कर मनरेगा कर्मियों के मिलीभगत से कूप निर्माण हेतु चयनित स्थल की बजाये दूसरे जमीन में कूप का खुदाई करते हुए निर्माण कर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, साथ ही उक्त योजना में मस्टर रोल भरकर मनरेगा मजदूरी भी भुगतान कर लिया गया है।





### कूप निर्माण में जंगल से तोड़े गए पत्थर से हो रही जोड़ाई

कूप निर्माण में लाभुक द्वारा सरकारी लीज वाली बोल्डर की जगह आस पास के जंगलों से अवैध तरीके से उत्खनित किए गए पत्थरों से कूप का जोड़ाई किया जा रहा है। इससे सरकार को राजस्व की क्षति तो ही रही है, साथ ही लाभुक द्वारा मनरेगा कर्मी तथा भेंडरो के साथ सांठ गांठ कर योजना में पत्थर की फर्जी बिल वाउचर लगाकर सरकार को चूना लगा रहे है।

### क्या कहते है, रोजगार सेवक

लाभुक द्वारा फर्जी भूमि प्रतिवेदन और चेक स्लिप लगाए जाने की सवाल पर रोजगार सेवक तहमीद अंसारी ने बताया कि पिछले तीन माह से कूप निर्माण का कार्य शुरू है, अभी तक किसी ग्रामीण की शिकायत नही मिली है, अगर कोई ग्रामीण बीडीओ को आवेदन देते है, तो फर्जीवाड़ा की जांच की जायेगी।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एमबीबीएस चिकित्सक की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**




प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत कई महिला व पुरुष कर्मियों को अस्पताल में योगदान दिए किसी का 4 वर्ष 5 वर्ष तो किसी का 6 वर्ष का समय बीत गया लेकिन अभी तक उनका तबादला नहीं हो सका। जबकि सरकार की बनी प्रक्रिया के अनुसार उनका तबादला अब तक दूसरे स्थान के लिए हो जाना चाहिए था। उक्त कर्मियों का तबादला नहीं होने से सरकार की प्रक्रिया पर भी सवाल उठना लाजिमी है। इतना ही नहीं वैसे कर्मियों से मनोवैज्ञानिक दबाव की भी आशंका इनदिनों बढ़ गई है। उनमें कई कर्मियों के द्वारा अस्पताल को जहां एक आशियाना बना लिया गया है वहीं कई कर्मी यह कहते नहीं थक रहे हैं कि ऊपर से लेकर नीचे तक के विभागीय पदाधिकारीयों के रहमो करम पर ही हम सभी इतने दिनों से इस अस्पताल में हैं। उधर पूछताछ के दौरान अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर वीरेंद्र राम ने बताया कि हकीकत है कि अब तक उन लोगों का अस्पताल से स्थानांतण हो जाना चाहिए था। लेकिन कुछ लापरवाही के कारण अब तक उन्हें स्थानांतरित नहीं किया जा सका है। उन्होंने कहा कि ट्रांसफर की प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए महिला कर्मी सुरभि सरकार को यहां से दूसरे अस्पताल के लिए बदली कर दिया गया है। जिन कर्मियों का 3 वर्ष पूर्ण हो चुका है उनका भी स्थानांतरण किया जायेगा। अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर प्रतिमा कुमारी को लंबी छुट्टी पर चले जाने के कारण इन दिनों अस्पताल पूरी तरह एमबीबीएस चिकित्सक विहीन हो गया है। ग्रामीणों ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से वैकल्पिक व्यवस्था के तहत अस्पताल में एमबीबीएस चिकित्सक की पोस्टिंग करने की मांग किया है। ग्रामीणों का कहना है कि छोटी-छोटी बीमारियों का इलाज के लिए भी अस्पताल में किसी भी तरह का व्यवस्था नहीं है। इलाज के लिए हमे दुसरे जाना पड़ता है।

# डीलर पर राशन गबन का आरोप प्रखंड कार्यालय का घेराव

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के कुंबा खुर्द गांव के सैकड़ो ग्रामीण महिलाओं ने जन वितरण प्रणाली दुकानदार मां गायत्री महिला समूह की डीलर गीता लकड़ा पर राशन का कालाबजारी करने के खिलाफ प्रखंड कार्यालय का घेराव किया। घेराव करने वाली महिलाओं ने अंचल अधिकारी सह प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी बिकास कुमार सिंह को आवेदन सौप कर कालाबजारी करने वाले डीलर गीता लकड़ा पर कारवाई करने की मांग किया। आपूर्ति पदाधिकारी ने घेराव करने वाले महिलाओं को जांचोपरांत कारवाई करने का आश्वासन दिया। सौपे गए आवेदन के माध्यम से महिलाओं ने बताया की डीलर गीता लकड़ा कोरोना काल में केंद्र सरकार से मिलने वाले राशन का कालाबजारी किया था। लोगो ने बताया की दो वर्षो में सिर्फ दो माह का राशन डीलर द्वारा वितरण किया गया था। महिलाओं ने बताया कि डीलर ने अगस्त 2023 का राशन नहीं वितरण किया था। 2024 के अप्रैल माह में भी डीलर द्वारा पूरा राशन नहीं दिया गया। लोगो ने बताया की मई माह में राशन नहीं देकर डीलर ने राशन का कालाबजारी कर दिया गया। महिलाओं ने आपूर्ति पदाधिकारी से बताया की इससे पूर्व भी कई बार डीलर के विरुद्ध शिकायत किया था लेकिन कोई कारवाई नही किया गया। घेराव करने वालो में अनिता मिंज, सुमन टोपो, धनवंती टोपो, शांति बाखला, विमला कुजूर, शुरजी देवी गिरधारी उरांव, चन्देश्वर उरांव, श्यामा सिंह, कृष्णा उरांव, बबलू चौधरी, मदन अगरिया, रामनाथ उरांव सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।



# सदर अस्पताल में अव्यवस्था के खिलाफ झामुमो ने की डीसी को ज्ञापन सौंपा

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा सदर अस्पताल में लापरवाही का जबरदस्त आलम बना हुआ है। यहां आए दिन लागातर मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में झामुमो के प्रतिनिधि मंडल ने डीसी शेखर जमुआर को आवेदन सौंप कर अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही की शिकायत करते हुए प्रबंधन के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। डीसी को सौंपे गए आवेदन में कहा गया है कि सदर अस्पताल प्रबंधन एवं चिकित्सकों द्वारा लगातार लापरवाही की जा रही है। गत सोमवार की संध्या पचपड़वा में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उसके शव को सदर हॉस्पिटल लाया गया। इस दौरान यहां कोई भी कर्मी, प्रबंधक या चिकित्सक सहयोग के लिए मौजूद नहीं थे। वास्तविक जानकारी के लिए रात्रि नौ बजे से 11 बजे का तक सीसीटीवी की जांच कराई जा सकती है। आवेदन में कहा गया है कि हत्या जैसे गंभीर अपराध में जहां एक ओर पुलिस प्रशासन तथा जिला प्रशासन सक्रियता के साथ सजग होकर काम कर रही थी। वहीं दूसरी और अस्पताल प्रबंधन का लापरवाह रवैया सोच से परे था। ऐसी हरकतों से स्थानीय जन प्रतिनिधि की बदनामी हो रही है। झामुमो नेताओं ने कहा है कि इस मामले की जांच कर लापरवाह कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। यदि भविष्य में पुनः ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है तो जनहित में ऐसे भ्रष्ट, असंवेदनशील एवं लापरवाह अधिकारियों का झामुमो लोकतंत्रिक रूप से विरोध करेगी। आवेदन सौंपने वालों में झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर आदि का नाम शामिल है।



## न्यूज बॉक्स

### विधायक प्रतिनिधि ने लगाया प्रखंड व अंचल कर्मियों पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप




**केतार।** केतार भाजपा मंडल कार्यालय में मंगलवार को जिला परिषद सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद और मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद ने संयुक्त रूप से प्रेस कांफ्रेंस कर प्रखंड व अंचल कमीर्यों पर भ्रष्टाचार का बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। जिप सदस्य ज्वाला प्रसाद ने कहा की जब से प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी यहां पदस्थापित हुई है तब से प्रखंड में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। सरकारी योजनाओं में लूट मची है। उन्होंने कहा की प्रखंड में संचालित मनरेगा, पीएम किसान योजना, अबुआ आवास, सिंचाई कुप सहित अन्य योजनाओं का लाभ देने के लाभुकों से मोटी रकम की उगाही की गई है। लाभुकों द्वारा शिकायत मिलती है की मनरेगा कमीर्यों और जेई द्वारा पैसे की मांग किया जाता है। उन्होंने कहा की प्रखंड में खाद्य आपूर्ति, पेंशन, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवारिक लाभ, दाखिल खारिज और मोटेंशन का कार्य काफी दिनों से लंबित रहने के कारण विकास कार्य बाधित हो गया है।

### अबुआ आवास में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर पंचायत समिति सदस्य ने किया आमरण अमशन




**भवनाथपुर।** प्रखंड में अबुआ आवास में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं गड़बड़ी को लेकर भवनाथपुर पंचायत समिति सदस्य सह पंचायत समिति सदस्य संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष चन्दन कुमार ठाकुर ने 8 सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में आमरण अमशन शुरू कर दिया। पंसस चन्दन ठाकुर ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही अबुआ आवास योजना में पारदर्शिता नहीं रहने के कारण योग्य एवं जरूरत मंद लोगों को आवास का लाभ नहीं मिल पा रहा है, आवास का जियो टैग करने का काम सरकार द्वारा चुने गए स्वयं सेवक का है , लेकिन स्वयं सेवक से कार्य नहीं कराया जा रहा है। अबुआ आवास के प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन सभी पंचायत सचिवालय में दीवार लेखन कर नहीं कराने से, उपरोक्त योजना में भ्रटाचार हावी है। जिसके चलते गरीब, गृह विहीन,दिव्यांग, आवास विहीन लोगों को अबुआ आवास का लाभ नहीं मिल रहा है। सभी पंचायतों में मनरेगा योजना में पंचायत समिति सदस्य एवं वार्ड सदस्य के जानकारी के बिना योजना का संचालन हो रहा है।

### एक ही परिवार से सेविका सहायिका का चयन, ग्रामीणों ने किया विरोध, चुनाव रद्द कराने की मांग



**मेराल।** प्रखंड के हासनदाग गांव में पश्चिम टोला आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका चयन के लिए मंगलवार को आयोजित ग्राम सभा में ग्रामीणों के हंगामा के बाद चयन प्रक्रिया को स्थगीत किया गया। जानकारी के अनुसार आयोजित ग्राम सभा में सहायिका चयन के लिए कुल 6 आवेदन प्राप्त हुआ जिसमे शैक्षणिक योग्यता के आधार पर सभी अभ्यर्थियों का अंक का निर्धारण किया गया। जिसमें संगीता देवी 23 अंक, सरिता चौधरी 18 अंक, पूनम कुमारी 18 अंक, ललिता देवी 14 अंक तथा सुमन कुमारी को 10 अंक प्राप्त हुए। वही पोषक क्षेत्र के बाहर फुलवा कुमारी को 18 अंक मिला लेकिन पोषक क्षेत्र के बाहर होने से अमान्य कर दिया गया। अंक के अनुसार संगीता देवी का चयन किया जाना था लेकिन ग्रामीणों के विवाद के कारण चुनाव नही हो सका। ग्रामीणों ने एक ही घर के सेविका सहियाका होने से विरोध करते हुए चुनाव रद्द करने का आवेदन दिया है। विदित हो की संगीता देवी हासनदाग पंचायत के आठ नंबर वार्ड से वार्ड सदस्य निर्वाचित हुई थी, तीन दिन पूर्व सहायिका चुनाव को लेकर वार्ड सदस्य पद से बीपीआरओ बसंत पांडे के पास इस्तीफा सौप दी है।

### दो मोटरसाइकल की टक्कर में एक महिला सहित चार लोग गंभीर



**श्री बंशीधर नगर।** बंशीधर नगर गढ़वा राष्टीय राज मार्ग 75 पर पाल्हे कला ग्राम के समीप मंगलवार को अहले सुबह दो मोटरसाइकल के आमने सामने टक्कर में दोनो मोटरसाइकल पर सवार एक महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगो के सहयोग से सभी घायलों को 108 एंबुलेंस के द्वारा अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहा चिकित्सक ने तीन घायल की स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। घटना में घायल होने वालो में उतर प्रदेश के कोण थाना क्षेत्र निवासी रामलेख मेहता के 32 वर्षीय पुत्र रामाशिष मौर्या, अरुण कुशवाहा के 26 वर्षीय पुत्र जयशंकर मेहता, मेराल थाना क्षेत्र के मेराल ग्राम निवासी अनिल मेहता के पुत्र मुन्ना कुमार तथा धुरकी थाना क्षेत्र के शारदा ग्राम निवासी बिकास मेहता के 28 वर्षीय पत्नी पूजा कुमारी का नाम शामिल है। इलाज के बाद चिकित्सक ने घायल रामाशिष मौर्या, जयशंकर मेहता और मुन्ना मेहता की स्थिति गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### छेड़छाड़ के आरोपी शिक्षक को अस्पताल प्रबंधन ने एसी रुम में रखा, परिजनों ने किया हंगामा




**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र के नवादा उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छात्र के द्वारा शिक्षक नीरज श्रीधर पर पर लगाए गए छेड़छाड़ के आरोप के बाद परिजनों ने सदर अस्पताल में जमकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप था की शिक्षक नीरज श्रीधर बीमारी का बहाना बनाकर अस्पताल में रहना चाहते हैं। जबकि नीरज श्रीधर किसी तरह की कोई परेशानी नहीं है। अक्रोशित परिजनों ने कहा कि छेड़छाड़ करने वाला शिक्षक को अस्पताल प्रबंधन के द्वारा एसी रूम में रखकर आओ भगत किया जा रहा है। उस दौरान अक्रोशित परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सकों के साथ गाली गलौज भी किया। आक्रोशित परिजन घटना के दूसरे दिन भी अस्पताल में हंगामा करते हुए शिक्षक के साथ मारपीट भी करने को लेकर उतारू भी थे।

### लंबित मामले की जांच पंचायत प्रतिनिधियों के समक्ष कराने की मांग

**भवनाथपुर।** समाज कल्याण सेवा संस्थान गढ़वा के केंद्रीय अध्यक्ष सर्वेश ठाकुर ने श्री बंशीधर नगर एसडीओ को आवेदन सौंपकर भवनाथपुर प्रखंड में लंबित मामले की जांच पंचायत प्रतिनिधियों के समक्ष कराने की मांग की है। सौंपे गये आवेदन में श्री ठाकुर ने कहा है कि गढ़वा जिले के भवनाथपुर बीडीओ नंदजी राम ने भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ शर्मा रंजनी को सरकार एवं जिला प्रशासन के पत्र का अनुपालन कराने की आग्रह करने पर काफी अपमानित किया गया है।

## मुहिम

## सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए प्रशासन की पहल

# बाजार और सड़क का सीमांकन कार्य शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। कांडी**

बाजार और मुख्य सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर मंगलवार को अंचल कर्मियों की छः सदस्यीय एक टीम ने मापी कर सीमांकन किया। खाता संख्या 01 प्लॉट 374 व खाता 241 प्लॉट 301 की भूमि का मापी कर सीमांकन किया गया। अंचल अमीन धर्मदेव राम व सहयोगी अरुण राम ने सीमांकन का कार्य किये। अंचल निरीक्षक जगरनाथ मांझी ने बताया कि कांडी बाजार की 78 डिसमिल सरकारी जमीन व मुख्य सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर आज से सीमांकन का कार्य शुरू किया गया है। उम्मीद है कल तक सीमांकन का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। समाचार लिखे जाने तक 32 विभिन्न लोगों के द्वारा सरकारी जमीन को अतिक्रमण किए जाने को लेकर चिन्हित किया जा चुका था।

जिसमें संतोष कुमार, विनोद प्रसाद, गया ठाकुर, अनिल प्रसाद, विकास कुमार, जयमालुद्दीन राईन, अनवर खलीफा,दिनेश प्रसाद, कुमार सोनी, बेबी कुंवर, संतोष लाल, अजय ठाकुर, चंदन कुमार चंदवंशी, भीम लाल, उदय लाल, अनुज लाल, राजेन्द्र लाल, राजेश लाल, साधु ठाकुर, श्रवण प्रसाद, जहांगीर राईन, जमुना साव, संजय प्रसाद, समसु अंसारी, कलाम अंसारी, नेसार अंसारी, उमेश प्रसाद, रसीद खलीफा, अब्दुल खलीफा, हबीब राईन व राजेश साव शामिल हैं। कांडी पंचायत मुखिया विजय राम अपनी देखरेख में सीमांकन का कार्य करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति के साथ कोई गलत नही होगा। मालूम हो कि कांडी बाजार क्षेत्र के स्थानीय लोगों ने सीओ को आवेदन देकर बाजार, मुख्य सड़क व नाली को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग किए थे। जिसके बाद सीओ राकेश सहाय ने त्वरित संज्ञान लेते हुए सरकारी जमीन को सीमांकन करने का निर्देश दिए। सरकारी जमीन को सीमांकन करने वाली टीम में अंचल निरीक्षक जगरनाथ मांझी, राजस्व कर्मचारी दीपक कुमार यादव, गणेश सिंह चौधरी, वसीम अख्तर, अंचल अमीन धर्मदेव राम व अरुण राम शामिल हैं।



### हाथियों के झुण्ड ने डीलर को पटक कर मार डाला

**भंडरिया।** गढ़वा जिले के भंडरिया थाना क्षेत्र के परो गांव में राशन दुकान पर सो रहे पीतांबर सिंह की 42 वर्षीय पुत्र राशन डीलर महरू सिंह को बीती रात हाथियों के झुंड ने कुचलकर मार डाला। घटना के संबंध में बताया गया कि अपने गांव के पूर्व टोला स्थित अपने पुराने घर यानि राशन दुकान पर सोया हुआ था। उस समय उसकी पत्नी भी उसके साथ मौजूद थी इसी बीच अचानक पहुंचे हाथियों के झुंड ने हमला करते हुए मृतक को पटक कर घायल करते हुए कुचल दिया। घटना के बाद उसके परिजनों ने आनन फानन में उसे इलाज के लिए भंडरिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

## एक नजर

### स्थायी लोक अदालत सह राजस्व शिविर का आयोजन

**गिद्धौर/पत्थलगड़ा(चतरा)।** मंगलवार को गिद्धौर व पत्थलगड़ा प्रखंड कार्यालय परिसर में विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के तत्वाधान में स्थाई लोक अदालत राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्थाई लोक अदालत के प्रथम सदस्य अरुण कुमार, द्वितीय सदस्य संजय कुमार सिन्हा व बीडीओ सह सीओ राहुल देव मुख्य रूप से मौजूद थे। इस दौरान बताया कि झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के तत्वाधान में स्थाई लोक अदालत का आयोजन किया गया है।

### मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 15 लाभुक लाभान्वित

**बालूमाथ।** मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत प्रखंड के 15 लाभूको को 90 प्रतिशत अनुदान पर बकरा एवं बकरी दी गई। वितरण के मौके पर पशुपालन विभाग के चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर नीलिमा तिर्की ने कहा कि सरकार की यह एक महत्वाकांक्षी योजना है। जिसके तहत बेरोजगार ग्रामीणों को रोजगार और आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए 90% अनुदान पर बकरा बकरी दिया गया है। प्रखंड के विभिन्न पंचायत के कुल 15 लाभुकों को 4 बकरा व बकरी दिया गया है।ताकि यह सब किसान आर्थिक रूप से मजबूत होकर अपने और अपने परिवार का भरण पोषण सही से कर सकें।

### स्कूली बच्चों ने मादक पदार्थ के विरुद्ध निकाला जागरूकता रैली

**प्रतापपुर(चतरा)।** मादक पदार्थ के विरुद्ध प्रतापपुर प्रखंड अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोमे के छात्र-छात्राओं द्वारा मंगलवार को जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान सभी बच्चों द्वारा शपथ ली गई कि गांव के हर नागरिक को नशे से बचाने का काम करेंगे। जागरुक्ता रैली में बच्चे नशा विरोधी सलोगन लिखे तख्ती हाथों में लिए और नारा लगाते हुए गांव का भ्रमण कर आम लोगों को नशे के विरुद्ध जागरुक किया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक अवध ठाकुर ने बताया की नशा समाज को खोखला कर देता है। युवा पीढ़ी देश के विकास में बड़ी भूमिका अदा करती है, अगर युवा ही नशे की गर्त में चली जाएंगी तो देश की तरक्की में बाधा बन जाएगा।

### महाशिव चर्चा के कार्यक्रम को लेकर शिव-शिष्यों की बैठक

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत आरा ग्राम की शिव शिष्या महिला व पुरुषों ने शिव चर्चा करने के लिए दुर्गा मंडप के प्रांगण में बैठक किया गया। बैठक में शिव शिष्यों ने कहा कि आरा गांव में पहली बार महा शिव चर्चा करने की कार्यक्रम किया जाना है। जिसको लेकर भव्य शिव परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारी के लिए अरुण भैईया ,संजय भैईया के साथ-साथ पूरा शिव परीचर्चा टीम द्वारा चर्चा का कार्यक्रम की जाएगी।

## उपायुक्त के निर्देश पर अवैध बालू भंडारण को लेकर डीएमओ की कार्रवाई

# अवैध बालू भंडारण में शामिल व्यक्तियों पर कार्रवाई का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
उपायुक्त गरिमा सिंह के निर्देश पर अवैध बालू भंडारण को लेकर लातेहार डीएमओ आनंद कुमार ने कार्रवाई की है एवं बालूमाथ में रेलवे निर्माण कार्य कर रहे उपकार इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राईवेट लिमिटेड एवं संलिप्त व्यक्त्यिों पर बालूमाथ थाना में प्राथमिकी दर्ज की करवाई गई। साथ ही अवैध बालू भंडारण में संलिप्त व्यक्तियों को चिहिंत करते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया गया। वही श्री कुमार ने बताया कि 20 जून को छापेमारी के दौरान खान निरीक्षक पदमलोचन ओहदार एवं पुलिस बल के द्वारा मकईयाटांड के रेलवे कैंप में अवैध रूप से 1 लाख 50 हजार घनफूट बालू पाया गया जिसे जब्त कर लिया गया एवं जांच में पाया गया कि रेलवे निर्माण कार्य में लगे उपकार इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राईवेट लिमिटेड कंपनी की संलिप्ता उजागर हुई। जांच के दौरान पाया गया कि कंपनी द्वारा किसी प्रकार के बालू भंडारित संबंधित लाईंसेंस नहीं लिया गया।ना ही आवेदन दिया गया है। जिसके बाद कंपनी से 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण करते हुए अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया। कंपनी के द्वारा 1 लाख 8 हजार घनफुट का ही कागजात उपलब्ध कराए गये एवं बालू भंडारण में भिन्नता पाई गयी वही बालू भंडारण लाईसेंस या डीलर संबंधित कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसके बाद अवैध बालू भंडारण को लेकर उपकार इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राईवेट लिमिटेड कंपनी एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ बालूमाथ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी। आगे उन्होंने कहा कि जिले में अवैध खनिज कारोबारियों को बख्सा नहीं जाएगा। अवैध खनिज संपदा के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों को चिहिंत कर कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाएगा। ज्ञात हो कि बीते 17-18 जून के मध्य रात्रि को बालूमाथ स्थित उपकार इंफ्रा रेलवे निर्माण कंपनी के कर्मियों द्वारा बालूमाथ थाना क्षेत्र के हहारो नदी से बालू का अवैध उठाव कर पोकलेन और हाईवा द्वारा मकईयाताड़ स्थित निर्माण कैंप में भंडारण किया गया था। जिस पर सिर्फ बालू के भंडारण पर कार्रवाई हुई है। जबकि बालू नदी से उठाव मामले में हाईवा और पोकलेन भी उपयोग किए गए थे।

**नहीं बख्सें जाएगें खनिजों के अवैध कारोबारी : डीएमओ**


फाईल फोटो

## जंगली हाथियों ने मचाया उत्पात गरीब का आशियाना उजाड़ा



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
बरवाडीह प्रखंड के मोरवाईकला पंचायत अंतर्गत ग्राम मंडल में कोरवा टोली में सोमवार रात को जंगली हांथी ने जमकर उत्पात मचाया। सोमवार की रात जंगली हाथी का झुंड मंडल के कोरवा टोली में घुस गए और सुनेश्वर कोरवा एवं जुगेश्वर कोरवा, पिता चतरगुण कोरवा दोनो भाई का घर को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। वहीं घर के सदस्यों ने बताया की हमलोग खाना खा कर घर में सो रहे थे तभी अचानक घर के बाहर हाथियों की चिहाड़ने की आवाज आई जिसके बाद हमलोग ने डरे सहमे घर में दुबके रहे और जंगली हाथियों ने मेरे घर का बाहर का हिंसा को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया उसके बाद हांथी जंगल की ओर चला गया। वहीं मंडल बिट के प्रभारी वनपाल अखिलेश कुमार ने बताया की जैसे ही इसकी सूचना मिली हमलोग घटना स्थल पर गए जाने के बाद देखा की हाथी तो नही थे पर सुनेश्वर कोरवा एवं जुगेश्वर कोरवा दोनो भाईयों का घर पूरी तरह से छतिग्रस्त थी। उन्होंने बताया की इसकी जानकारी वरीय अधिकारी को दे दी गई है विभाग द्वारा जो भी निर्देश मिलेगा उसके आलोक में आगे की कार्रवाई की जायेगी। वहीं इसकी जानकारी पूर्वी जिप सदस्य कन्हाई सिंह को मिलते ही मंडल कोरवा टोली पहुंच कर पीड़ित परिवार से मुलाकात कर वन विभाग से दिलवाने का आश्वासन दिया।

# बच्चे की हत्या के झूठे मुकदमे का आरोप लगा ग्रामीण हुए गोलबंद

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
लावालौंग थाना क्षेत्र के लमटा पंचायत में विगत फरवरी माह में एक घटना में बच्चे के मौत मामले में कुछ लोगों पर झूठे मुकदमा करने के विरोध में सैकड़ो ग्रामीण गोलबंद हो गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार बीते 26 फरवरी को लमटा गांव निवासी सिकंदर साव का पुत्र अभिनंदन लापता हो गया था और उसके ही कुएं से मृत बरामद किया गया था। ग्रामीणों का कहना है कि सिकंदर और विकास के बीच जमीनी विवाद चल रहा है। अभिनंदन के मौत के बाद बिना किसी साक्ष्य के विकास साव, उसके भाई अनिल साव एवं 20 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार के ऊपर हत्या कर शव को कुएं में डालने का आरोप लगाकर मामला दर्ज कराया था और विगत 17 जून को पुलिस पंकज कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं दो लोग पुलिस के डर से अब भी फरार हैं। ग्रामीणों का अरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर सिकंदर एवं उसके परिजन आसपास के 39 लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है। ग्रामीणों का कहना है कि आज जमीनी विवाद में विकास के परिजनों को फसाया गया है। कल किसी और को भी फंसाया जा सकता है। इसकी धमकी भी हमेशा द्वितीय पक्ष द्वारा दिया जाता रहा है। ग्रामीण श्याम प्रसाद, कौशल्या देवी, गीता देवी, जगदीश साव, संजू देवी, विनोद साव आदि ग्रामीणों का अरोप है कि द्वितीय पक्ष के अत्याचारों से हम बेहद आहत हैं और डर से सहमी हुई जिंदगी जीने को मजबूर हैं। अतः हम ग्रामीण पुलिस प्रशासन के वरीय पदाधिकारियों से उचित छानबीन के बाद ही उचित कार्रवाई करने की गुहार पुलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन देकर कर चुके हैं। इधर सिकंदर आदि ने पूछे जाने पर बताया कि जमीनी विवाद में विकास साव आदि द्वारा पूरे वंश को समाप्त करने की धमकी दिया जाता था।



### छात्र-छात्राओं के बीच स्लो साईकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन

**चतरा।** चतरा महाविद्यालय, चतरा के 64वें स्थापना दिवस सप्ताह के दूसरे दिन मंगलवार को छात्र-छात्राओं के बीच स्लो साईकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार झा द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभकामना देते हुए की गई। प्रतियोगिता की अगुवाई कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मनीष दयाल एवं डॉ. एलविन बखला द्वारा दी गयी। कार्यक्रम सह समन्वयक डॉ. अतुल अनुराग तिर्की एवं ज्योति कुमार द्वारा सभी प्रतियोगियों के नियम परिनियम बताये गये तथा उन्हें अपना 100 प्रतिशत देने को प्रोत्साहित किया गया। वहीं कॉलेज में एक नये माहौल एवं परम्परा का मूर्त रूप देने के लिए चारों ओर प्राचार्य की पूरी-पूरी प्रशंसा हो रही है। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में नये माहौल, नयी उत्साह, नया उमंग देखने को मिल रहा है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

जिला योजना अनाबद्ध निधि

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या – 01/2024-25/RWD/GARHWA    दिनांक – 25.06.2024

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मेराल | RWD/GARHWA /01/2024-25 | प्रखण्ड मेराल के ग्राम पिण्डरा में जमुना राम के घर से अंकित चन्द्रवंशी के डीपबोर तक पीसीसी पथ निर्माण। (0.150 कि0मी0) | 13.93164 | तेरह लाख तिरानबे हजार एक सौ चौसठ रूपये। | 03 (तीन) महीना |
| 2 | चिनियाँ | RWD/GARHWA /02/2024-25 | ग्राम चिनियाँ में मेन रोड हीरा साव के घर से नहर तक पीसीसी पथ निर्माण। (0.175 कि0मी0) | 16.74343 | सोलह लाख चौहत्तर हजार तीन सौ तेतालीस रूपये। | 03 (तीन) महीना |
| 3 | बिशुनपुरा | RWD/GARHWA /03/2024-25 | बिशुनपुरा–संध्या पथ में बिशुनपुरा स्वास्थ्य उपकेन्द्र तक पुँच पथ का निर्माण। (0.300 कि0मी0) | 27.413 | सताईस लाख एकतालीस हजार तीन सौ रूपये। | 03 (तीन) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 06.07.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–13.07.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 15.07.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाश सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenderers.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR.NO.327611 Rural Development(24-25):D


### शिक्षा ही मनुष्य को समाज में अलग पहचान देता है : भीमानंद गिरी

**बरवाडीह।** छिपादोहर बाजार स्तिथ स्वामी विवेकानंद पालिक स्कूल में द लर्निंग प्वाइंट कोचिंग सेंटर का मंगलवार से शुरूवात हुआ। कोचिंग सेंटर का उद्धाटन वरिष्ठ भाजपा नेता भीमानंद गिरि, रामधनी सिंह, उप मुखिया दीपा देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए भीमानंद गिरि ने कहा की शिक्षा ही मनुष्य को समाज में लोगो को अलग पहचान देता है। शिक्षा के दम पर इंसान सब कुछ हासिल कर सकता है।वहीं रामधनी सिंह ने कहा की छिपादोहर जैसे जगह में कोचिंग सेंटर खुलने से यहां के विद्यार्थियों को काफी सहूलियत होगी। उन्हे पढ़ाई के लिए दूसरे जगहों में नही जाना पड़ेगा। उप मुखिया दीपा देवी ने कहा की छिपादोहर में ऐसे ही कोचिंग संस्थान की आवश्यकता काफी समय से महसूस की जा रही थी, जो अब जाकर पूरी हो रही है।

# अज्ञात युवक के शव की पहचान अब तक नही, गांव में तरह-तरह की चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
छिपादोहर थाना क्षेत्र के चुंगरू पंचायत के हेहेगड़ा रेलवे स्टेशन के समीप सोमवार की शाम छिपादोहर पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में पेड़ से लटका एक युवक उम्र लगभग 34 साल का शव बरामद किया था। जिसकी पहचान नहीं हो पाई है। वहीं मंगलवार को शव को लातेहार सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करा कर मृत शरीर को शवगृह में रख दिया गया है। वहीं इस संबंध में छिपादोहर थाना प्रभारी ने बताया की शव की पहचान के लिए प्रयास किया जा रहा है फिलहाल शव को लातेहार शवगृह में रखा गया है जहां 72 घंटा रखा जाएगा तबझतक शव की पहचान नहीं होती है तो सरकारी प्रक्रिया के तहत शव का दाहसंस्कार कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा की पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है यह आत्महत्या है या हत्या इसकी जल्द ही खुलासा कर दिया जायेगा। वहीं इस बारे जब कुछ ग्रामीणों ने जानकारी ली गई तो ग्रामीणों ने बताया की शव काफी दिन से टंगा हुआ था जिसके कारण शव पूरी तरह से छत विछत हो गया था। ग्रामीणों ने बताया की शव के पास से इतनी बदबू आ रही थी की वहां तक खुले नाक जाना दुर्लभ था। कुछ लोगो ने बताया की शव के पास मृत युवक का कुछ पकड़ा, ब्रश और फोन का चार्जर मिला है इसके अलावा और कुछ भी नही था। यहां सवाल खड़ा होता है की मृत युवक के पास फोन का चार्जर था तो फोन कहां गया। गांव में मिले अज्ञात शव को लेकर चर्चा का विषय बना हुआ है, पूरे गांव में कई तरह चर्चा हो रही है, ग्रामीणों का शंका है की युवक को मार कर इस जगह पर लटकाया गया है, और पकड़े जाने के डर से मृत युवक का फोन और आईडी लेकर फरार हो गया होगा। अब देखना यह है की छिपादोहर पुलिस कितनी गहराई तक जाती है और क्या सच्चाई निकल कर सामने आती है।




## कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू
**Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com**

अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।

ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 15/2023-24 (Retender)

विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
मइेपजम पर निविदा प्रकाशन की तिथिः–दिनांक 27.06.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)
ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 27.06.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 03.07.2024 (अपराह्न 2:00 बजे तक)
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 05.06.2024 (अपराह्न 3:00 बजे)
निविदा खोलने का स्थान :–कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | निविदा शुल्क (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0 टी0 रेफरेंस संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 4 | 7 | 8 | |
| 1 | छतरपुर | काला पहाड़ | काला पहाड़ | ग्राम काला पहाड़ में सुरेश प्रसाद गुप्ता के घर से स्कूल होते हुए नदी तक नाली निर्माण। | 2491000.00 | 50000.00 | 5000.00 | 6 माह | DE/ZP/PALAMU -15/2023-24/GR-1 |

नोट– 1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में द्वितीय अथवा उससे उच्चतर श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्तें **www.palamu.nic.in** एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए **Website- www.jharkhandtenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

PR.NO.327686 District(24-25):D    ह0/– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।


## प्रदर्शन

## भाजपा ने आपातकाल के विरोध में मार्च निकाला, कहा-

# आपातकाल ने लोगों का मौलिक अधिकार छीना

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय लातेहार में मंगलवार को जिला अध्यक्ष पंकज सिंह के अध्यक्षता में 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल के विरोध में काला दिवस पर गोष्ठी एवं काला बिल्ला लगाकर पैदल विरोध मार्च किया गया। तत्पश्चात आपातकाल के समय में बंदी बनाए गये मनबहाल सिंह को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के महामंत्री मनोज सिंह उपस्थित थे।उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 25 जून 1975 को कांग्रेस के द्वारा आपातकाल लागू कर आम नागरिकों का मौलिक अधिकार को छीना गया, प्रेस मीडिया के बंधुओं का स्वतंत्रता छीनी गई, कांग्रेस के द्वारा देश में चुनी गई सरकार को 90 बार हटाया गया। आपातकाल के समय 140000 लोगों को जेल में डाला गया। जिनमें लगभग 22 लोगों की मृत्यु हो गई।आपातकाल के दौरान 42 वां संविधान संशोधन संसद को संविधान के नष्ट करने, जोड़ने बदलने या निरस्त की निरंकुश शक्ति प्रदान की गई। न्यायपालिका की शक्तियों में कटौती न्यायपालिका किसी भी आधार पर संविधान में संशोधन पर सवाल नहीं उठा सकती मौलिक अधिकारों में संशोधन को न्यायिक समीक्षा से परे रखा गया। न्यायपालिका भ्रष्ट चुनाव प्रथाओं में दोषी पाए गए किसी भी संसद को आयोग के नहीं ठहरा सकती इस तरह की कायत संविधान में आपातकाल के दौरान संविधान में संशोधन किया गया। उस समय की भ्रष्ट कांग्रेस सरकार के द्वारा सट्टा प्रकार रखने के लिए इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 को आधी रात में मंत्री परिषद को सूचित किए बिना राष्ट्रपति को आपातकाल की घोषणा पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया।





## कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू
**Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com**

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 13/2023-24 (Retender 2nd Call)

| | | |
|---|---|---|
| विज्ञापन दाता का नाम | :– | जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू। |
| Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | दिनांक 27.06.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) |
| ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि | :– | दिनांक 27.06.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 03.07.2024 (अपराह्न 5:00 बजे तक) |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक 05.07.2024 (पूर्वाह्न 11:00 बजे) |
| निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| कार्य की विस्तृत विवरणी | :– | |

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | पाटन | स्वास्थ्य उपकेन्द्र नौडीहा का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000.00 | 6 माह | 11/2022-23 DOPR/DE/ZP/PALAMU |

नोट– 1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में द्वितीय अथवा उससे उच्चतर श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

**निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्तें www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।**

ह0/–
जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू

PR 327687 District(24-25)#D

## एक नजर

### भंडरा में सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल एक रिम्स रेफर

**भंडरा।** रांची लोहरदगा मुख्य पथ के चट्टी गांव के समीप मंगलवार की सुबह सड़क दुर्घटना में तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए। सभी घायलों को ग्रामीणों की मदद से भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायल अंकित उरांव को रांची रिम्स रेफर किया गया। बताया जाता है कि रांची होचर पतराटोली निवासी अंकित उरांव पिता बुधराम उरांव अपने होचर निवासी दोस्त बबलू उरांव पिता स्व सुनील भगत, और सोमेश्वर उरांव पिता स्व बिरसा उरांव के साथ लोहरदगा शादी कार्यक्रम में आए थे मंगलवार की सुबह में अपनी बाइक से रांची लौट रहे थे इसी दौरान रांची लोहरदगा मुख्य पथ के चट्टी गांव के समीप उनकी बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

### पिता की मौत के बाद अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा-लोहरदगा।** सड़क दुर्घटना में बरही कनैली मोड़ में पिता की मौत के बाद पुत्री ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध आरोप लगाते हुए सेन्हा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराकर न्याय की गुहार लगाई है। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के बरही कनैली मोड़ के समीप बीते शनिवार को टोटो निवासी चंद्रपाल सिंह अपने नाती के साथ लोहरदगा से आम बेचने के बाद घर लौट रहे थे. उसी क्रम में बरही कनैली मोड़ मेला टांड़ के समीप पीछे से आ रहा ट्रैक्टर चालक लापरवाही व तेज रफ्तार से ट्रैक्टर चलाते हुए चालक ने लूना मोटरसाइकिल जे एच 08 बी 5066 धक्का मारते हुए रौंद डाला था। मृतक की पुत्री ललिता देवी ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक पर आरोप लगाते हुए चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का प्रशासन से अपील किया है।

### गुमला में निपुण समागम 2024 का आयोजन

**गुमला।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देशानुसार जिला शिक्षा विभाग द्वारा निपुण समागम 2024 का आयोजन नगर भवन गुमला में किया गया। मुख्य अतिथि उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और विशिष्ट अतिथि उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो, अपर समाहर्ता शशिंद्र बड़ाइक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी, और जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक रंजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन से हुआ और जिला शिक्षा पदाधिकारी नूर आलम खां ने स्वागत भाषण दिया। चयनित 100 शिक्षकों ने केजी से कक्षा तीन तक के बच्चों के लिए खेल-खेल में पढ़ाई के मॉडल बनाए थे, जिन्हें प्रखंडवार स्टालों पर प्रदर्शित किया गया।

# 1500 सौ माइंस ट्रक हड़ताल पर, खनिजों का परिवहन ठप

**हजारों लोगों की रोजी रोटी पर पड़ेगा असर**

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** आधा दर्जन से अधिक बॉक्साइट खदानों में खनिज का परिवहन में लगें 1500 माइंस ट्रक सोमवार से हड़ताल पर चले गये। लिहाजा खदानों से बाक्साइट का परिवहन ठप हो गया। बॉक्साइट ट्रकों के परिचालन बंद करने का फैसला विभिन्न बॉक्साइट ट्रक ऑनर एसोसिएशन के द्वारा लिया गया। ऑनर एसोसिएशन के संरक्षक एवं पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू की



अध्यक्षता में लोहरदगा में बैठक का आयोजन किया गया था और उसी बैठक में सभी ट्रक ऑनर एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं ट्रक मालिको ने अपनी अपनी ट्रकों को बॉक्साइट खदान नही भेजने का निर्णय लिया।

विगत कई महीनों से बॉक्साइट ट्रकों की स्थिति काफी दयनीय है। 15 दिनों के निर्धारित फोर्टनाइट में ट्रकों की महज दो ट्रिप ही लोडिंग मिलती है। यदि 15 दिनों में दो ट्रिप बॉक्साइट ट्रक को मिले तो ऐसी स्थिति में ट्रक के चालक, सहचालक, ट्रकों के पेपर में आने वाली खर्च की भी भरपाई नहीं हो पा रही है। ऐसे में भला घाटे का सौदा करना कौन पसंद करेगा और अंततः ट्रकों का परिचालन बंद करना ही मालिको ने मुनासिब समझा। बता दें कि गुरदरी, अमतिपानी, न्यू अमतिपानी, कुजाम, सेरेंदाग, बीमारला, भैसबथान आदि सभी बॉक्साइट माइंस में चलने वाले ट्रक के पहिये थम गए।

खदान क्षेत्रो में निवास करने वाले लोगों की जिंदगी माइंस पर ही अत्यधिक निर्भर होती है और ऐसे में उनके समक्ष बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न हो जाएगी। इतना ही नही एक ट्रक में तीन से चार मजदूरों द्वारा ट्रकों में बॉक्साइट लोड करने का काम किया जाता है। ऐसे में 15 सौ ट्रकों के चालक, सहचालक एवं लोडिंग लेबर की संख्या मिलाकर 9 हजार परिवारों पर सीधा प्रभाव पड़ेगा। जबकि ट्रकों के पंकचर बनाने वाले, पार्ट्स दुकान एवं पेट्रोल पम्पों पर इसका सीधा असर देखने को मिलेगा।

# जन शिकायत दिवस के आयेजन से आम नागरिकों को मिल रही है सहायता : डीसी

- *त्वरित कारवाई व समस्या के निष्पादन को लेकर डीसी के निर्देश पर लगातार की जा रही है कार्रवाई*
- *साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में लगभग 50 से अधिक आवेदकों ने की डीसी से मुलाकात*



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय में आयोजित साप्ताहित जन शिकायत दिवस में 50 से ज्यादा आवेदकों ने उपायुक्त से मुलाकात कर अपनी समस्याएं बताईं। इस दौरान सिसई की रहने वाली संगीता कुमारी ने बताया कि वह पीएम किसान सम्मान निधि योजना की लाभुक है लेकिन उक्त योजना के तहत गलत बैंक खाते का नाम व नंबर डाला दिया गया है जिस कारण वह योजना का लाभ नहीं ले पा रहीं हैं। उन्होंने उपायुक्त से बैंक खाता से संबंधित जानकारी को अपडेट कराने का आग्रह किया। उपायुक्त ने सिसई सीओ को अविलंब कारवाई करते हुए समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। रायडीह प्रखंड के नवाडीह ग्राम निवासी रूपा देवी ने बताया कि उनके द्वारा खरीदी गई भूमि में वे अबुआ आवास योजना के तहत आवास निर्माण करवाना चाहती हैं परंतु कार्य प्रारंभ करने पर सुरसांग निवासी लक्ष्मण सिंह बाधा डाल रहे हैं। उसने जमीन पर कब्जा कर रखा है। उपायुक्त ने अंचल अधिकारी रायडीह को इसकी जांच करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। रायडीह प्रखंड के केम्टे पंचायत अंतर्गत रैसा टोली के ग्रामीणों ने उनके ग्राम अंतर्गत खुरसुता पुल से रैसा गांव तक 4 किलो मीटर के पथ निर्माण कराने का आग्रह किया। इसी प्रकार अन्य कई आवेदकों ने विभिन्न योजनाओं के लाभ लेने हेतु भी अपना आवेदन समर्पित किया। इस दौरान चैनपुर प्रखंड के अजीत असुर ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं शौचालय की मांग की,रायडीह प्रखंड के अमरूद बिरहोर ने भी शौचालय बनवाने की मांग की, सिसई के रूही प्रवीन ने प्रधानमंत्री आवास योजना की मांग की। बाजार टांड़ के पास अवैध रूप से घर के निर्माण किए जाने से संबंधित जानकारी वहां के आम नागरिकों ने दी। इसके अलावा आज जनता दरबार में राशन, पेंशन, आवास योजना, निजी एवं सामाजिक मुद्दों को लिए आवेदकों ने उपायुक्त से मुलाकात की। एवं सभी की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना एवं सभी विषयों पर अविलंब कार्रवाई करने करने का निर्देश दिया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त गुमला, दिलेश्वर महतो, तथा अपर समाहर्ता शशिंद्र बड़ाइक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, आरती कुमारी, जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक रंजन उपस्थित थे।

## गुमला में निपुण समागम 2024 का आयोजन

**गुमला।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देशानुसार जिला शिक्षा विभाग की ओर से मंगलवार को निपुण समागम 2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त गुमला, दिलेश्वर महतो, तथा अपर समाहर्ता शशिंद्र बड़ाइक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, आरती कुमारी, जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक रंजन उपस्थित थे। इसमें बच्चों द्वारा बनाए गए माडलों के स्टॉल लगाए गए थे। मालूम हो कि चयनित 100 शिक्षकों के द्वारा केजी से कक्षा तीन तक के बच्चो के बीच भाषा एवं गणित के साथ खेल खेल में पढ़ाई के लिए पिछले चार दिन तक कार्यशाला कर मॉडल बनाए गए थे। इनका प्रखंडवार स्टाल लगाया गया था। उपायुक्त तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रखंडवार स्टॉल का भ्रमण किया गया। इस मौके पर उपायुक्त द्वारा कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा गया कि ऐसे गतिविधियों का निरंतर आयोजन किया जाना चाहिए। आज के इस टीएलएम मेले से चयनित मॉडल को राज्य स्तरीय निपुण समागम में भेजा जाएगा तथा सभी लोग 4 से 6 जुलाई तक राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। गुमला से कुमार सुंदरम भारद्वाज तथा शिक्षिका सोनाली त्रिपाठी द्वारा मंच संचालन किया गया।

## पीएमश्री विद्यालयों के शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** पीएमश्री विद्यालयों के शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ सहायक जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अशोक कुमार पांडेय, फील्ड मैनेजर आकाश कुमार, प्रशिक्षक अरुण राम, महबूब आलम, डाइट चिरी के प्रभारी प्राचार्य अमृता ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए एपीओ अशोक कुमार पांडेय ने बतलाया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य सतत विकास करना, स्वमूल्यांकन करना होता है। परिस्थितियों के बदलने के साथ ही अपने आप को भी परिवर्तन करना होगा। शिक्षकों का स्थान सर्वोपरि होता है, हमारा भी दायित्व है कि हम विद्यालय के बच्चों को बेहतर माहौल देखकर उनके सर्वांगीण विकास में सहयोग करें। फील्ड मैनेजर आकाश कुमार ने बतलाया कि प्रशिक्षण कार्यशाला से शिक्षकों के में बौद्धिक विकास होता है, परिणाम स्वरुप बेहतर कार्य करने में हम सक्षम हो सकेंगे। प्रशिक्षके अरुण राम ने बतलाया कि पीएम श्री विद्यालय का चयन भारत सरकार द्वारा किया गया है यह स्वयं में हीं उपलब्धि भरा है। पीएम श्री विद्यालय के सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें ग्रीन स्कूल क्लीन स्कूल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, स्कूल लीडरशीप, मेन्टल हेल्थ, पीएमश्री स्कूल का एक्शन प्लान, नवाचार, आत्मरक्षा, व्यवसायिक शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, प्रोजेक्ट इम्पेक्ट इत्यादि विषयों पर जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षणोपरांत सभी अपने विद्यालय में बेहतर कर सकेंगे। प्रशिक्षक महबूब आलम ने बतलाया कि शिक्षण सत्र में उपस्थित सभी शिक्षकों के द्वारा समय उपस्थिति का अनुपालन कर अधिक से अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है जिसका सीधा लाभ बच्चों को मिलेगा। अमृता सिन्हा ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि प्रशिक्षण के दौरान एक दूसरे से जानकारी साझा कर कई उपयोगी जानकारी प्राप्त की जा सकती है जो आने वाले दिन में बेहतर कार्य योजना के निर्माण में सार्थक सिद्ध होगा। इस अवसर पर सुजाता कुजूर, रश्मि कुजूर, मीरा उरांव, चंचल कुमारी, आरती, सोनी टोप्पो, सजीत एक्का, पीतरूस उरांव, पंकज कुमार, राजश्री भगत सहित जिला के सभी पीएम श्री स्कूल के शिक्षकों ने भाग लिया।

## घाघरा : मनरेगा योजना की समीक्षा बैठक संपन्न

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में मंगलवार को बीडीओ दिनेश कुमार ने कर्मियों के साथ बैठक किया। बैठक में मनरेगा से संचालित बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत बन रहे आम बागवानी और बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना को लेकर समीक्षात्मक बैठक की। इस क्रम में बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि बरसात से पूर्व कूप निर्माण का कार्य को पूरा करने के लिए प्रयास करें। इसके साथ बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत नए आम बागवानी लगाने को लेकर जल्द से जल्द कागजी प्रक्रिया पूरा करने, एवं आम भगवानी का पीट खुदाई जल्द शुरू करवाने के लिए कहा। क्योंकि जल्द ही बरसात शुरू हो जाएगी ।बागवानी का कार्य को शुरू कराए। ताकि जल्द से जल्द पौधा मांगाना सुनिश्चित किया जा सके। मौके पर बीपीओ बेबी कुमारी, सहायक अभियंता रंजीत कुमार सहित कई पंचायत सेवक एवं रोजगार सेवक उपस्थित थे।

## इमरजेंसी के 50 वर्ष पूरे हुए भाजपा ने काला दिवस मनाया

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** 25 जून 1975 को कांग्रेस के प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा रायबरेली चुनाव हार जाने के बाद संविधान को ताक में रखकर देश में इमरजेंसी लगाने का काम किया गया था, जिसके 50 वर्ष पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला द्वारा हटिया गार्डन में काला दिवस मनाया गया. इमरजेंसी के दौरान भारतीय जनसंघ के कार्यकताओं को बिना वजह गिरफ्तार कर जेल में डाला गया। उनमें से एक उमेश कास्यकर इस कार्यक्रम में उपस्थित थे. इमरजेंसी के दौरान इंदिरा गांधी ने कई ऐसे कार्य किया जिससे जनता का उत्पीड़न हुआ। उन्होंने जबरदस्ती नसबंदी लोगों की कार्रवाई और देश भर के विरोधी दल के नेताओं को जेल में डालने का काम किया था। भाजपा जिला प्रभारी एवं मुख्य वक्ता सुनीता सिंह ने कहा की जो इल्जाम आज कांग्रेस द्वारा नरेंद्र मोदी सरकार के ऊपर लगाया गया कि उन्होंने संविधान बदलने का काम किया जो कि सरासर गलत है और जनता को दिगभ्रमित करने का काम किया




गया। आने वाले दिनों में जनता के साथ लेकर भारतीय जनता पार्टी झारखंड में अपनी सरकार बनाएगी। भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि आज देश के सर्वोच्च पद पर राष्ट्रपति के रूप में एक आदिवासी महिला को बनाया गया है जिसके रहते किसी भी अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति या पिछड़ा वर्ग का आरक्षण को समाप्त नहीं किया जा सकता है। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो, परमेश्वर साहू ने भी सभा को संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा ने किया एवं मंच संचालन जिला मंत्री अनिल उरांव ने किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू, महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष कलावती देवी, प्रकाश नायक, विमल कांत सिंह, समेत अन्य मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### हाथियों का आतंक, 15 दिनों में दर्जनों घरों और खेत में लगी फसल को किया बर्बाद



**कुडू-लोहरदगा।** कुडू में हाथियों का आतंक थमने का नाम नही ले रहा है। पिछले एक पखवाड़े से प्रखंड के विभिन्न गांव में घूम रहे इन हाथियों ने लगभग तीन दर्जन घरों को तोड़ दिया और खेतों में लगी फसलों को नष्ट कर दिया है। सोमवार की रात हाथियों का यह झुंड प्रखंड के इटरा बड़मारा गांव पहुंचा और फिर अपनी विध्वंशक कारवाई शुरू कर दी। और मनोज उरांव, संगीता उरांव, नागेश्वर उरांव, अकलू भगत के घरों को तोड़ डाला। प्रतिदिन किसी न किसी गांव में हो रहे हाथियों के इस हमले से क्षेत्रवासियों की नींद उड़ी हुई है। खासकर सुदूरवर्ती और जंगल्वर्ती इलाके में बसे गांव के लोगो को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग पूरी रात जागकर अपने घरों और फसलों की रखवाली करने पर मजबुर हैं। पीड़ित ग्रामीण प्रशासन से हाथियों से निजात दिलाने और नुकसान कि भरपाई के लिए मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

### गजराज ने ग्रामीण के घर को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया

**कैरो/लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनो लगातार गजराज के आंतक से ग्रामीणो मे भय का माहौल,रात जगा कर भय से पलायन को विवश हैं ग्रामीण।प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को रात्रि कैरो थाना क्षेत्र के टाटी गाँव निवासी राम मुंडा पिता बेजा मुंडा के घर को गजराज ने पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। राम मुंडा ने बताया कि जब हम सभी परिवार खाना खाकर सो रहे थे तभी अचानक दीवार गिरने की आवाज सुनाई दी,अचानक हम सभी घर से उठकर बाहर आ गये,बाहर आने के बाद देखा कि 12 से 15 हाथी का झुंड मेरे घर को तोड़ रहे थे,हमलोग जान बचाकर दुर चले गये थोड़ा से लेट करते तो सिधे जान माल मे क्षति पहुंचता। इस प्रकार गजराज के टीम ने काफी लोगो के घर को उजाड़ा वही घर मे रखे हुये धान चावल जैसे अनाज को भी सफाचट कर गये हैं।

### 10 वर्षीय बच्ची के साथ 17 वर्षीय नाबालिग युवक ने किया दुष्कर्म

**विशुनपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में 10 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ गांव के ही 17 वर्षीय नाबालिक युवक ने दुष्कर्म किया। मामले की सूचना पर आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को रिमांड होम भेज दिया है। जानकारी के अनुसार रविवार को उक्त बच्ची अपने माता-पिता के साथ कसमार में लगने वाले साप्ताहिक हाट आई थी। पीड़िता के माता-पिता हाट में दुकान लगाते हैं। शाम में 10 वर्षीय बच्ची को उसके माता-पिता ने घर अपने मवेशियों को देखने के लिए भेजा। बच्ची जब खेत के रास्ते घर जा रही थी। इसी दौरान गांव के ही 17 वर्षीय युवक अचानक उसे दबोचा लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। गांव के कुछ लोग उसी रास्ते से जा रहे थे। पीड़िता ने चाचा- चाचा कह कर चिलाई, तो लोग वहां पहुंचे। ग्रामीणों को देख आरोपी भागने लगा। जिसे पड़क कर गांव के लोगों ने जमकर पीटा और फिर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस द्वारा पूछताछ के क्रम में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया । जिसके उपरांत पीड़िता का मेडिकल करा कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### सामाजिक सुरक्षा योजना से जुड़े पेंशनर्स का भौतिक सत्यापन जरूरी



**गुमला।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन नियमों के अनुसार सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनांतर्गत वर्ष 2024 के लिए पेंशनर्स का वार्षिक भौतिक सत्यापन दिनांक 19 जून से 10 जुलाई 2024 तक सभी पंचायत कार्यालयों में किया जा रहा है। सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी ,ललन कुमार रजक ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए पेंशनर के लिए पेंशनर का जीवित प्रमाण बाबत वार्षिक भौतिक सत्यापन करवाना आवश्यक है ताकि पेंशन धारकों को बिना किसी समस्या के नियमित रूप से पेंशन योजना का लाभ मिल सके। पेंशनर अपने वार्षिक भौतिक सत्यापन के लिए अपने नजदीकी पंचायत कार्यालय में अपना आधार कार्ड लेकर जाएंगे जिससे उनका भौतिक सत्यापन किया जाएगा। इसके अलावा आवश्यक पड़ने पर अन्य प्रक्रियाओं के माध्यम से भी पेंशन धारकों का भौतिक सत्यापन करने का कार्य किया जाएगा।

**जिला स्तरीय 63वीं प्री सुब्रतो मुखर्जी कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित**

# खेलों में निरंतर अभ्यास करने से ही सफलता मिलती है : डीडीसी

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग, झारखंड के निदेश के आलोक में झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा (शिक्षा विभाग) के तत्वाधान में 63 वीं प्री सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2024-25 का जिला स्तरीय आयोजन संत स्तानिसलॉस उच्च विद्यालय, लोहरदगा के मैदान में की गई। यह आयोजन दिनाँक 25 से 27 जून 2024 तक अंडर-17 (बालक और बालिका) वर्ग तथा अंडर-15 बालक वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, उप विकास आयुक्त, लोहरदगा, नीलम आईलीन टोप्पो, जिला शिक्षा



पदाधिकारी, लोहरदगा सह डीपीओ, जेईपी, लोहरदगा, अशोक पांडेय, एपीओ, विश्वास दीपक झा, एपीएम सह प्रभाग प्रभारी, आकाश कुमार,फील्ड मैनेजर एंव जीतेन्द्र मित्तल, सीआरपी, लोहरदगा आदि के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। उपविकास आयुक्त, लोहरदगा ने कहा कि खेल खिलाड़ियों में अनुशासन और उनमें टीम भावना के साथ साथ प्रतिस्पर्धा को बढ़ाता है। खेलों में निरंतर अभ्यास करने से ही सफलता मिलती है। साथ ही फुटबॉल प्रतियोगिता का यह खेल छात्रों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व में निखारने का कार्य करती है। लगातार अभ्यास करने से इसमें निखार आता है। राज्य स्तरीय खेल के लिए शुभकामना दिए। डीईओ ने कहा कि राज्य स्तर पर जिले का प्रदर्शन अच्छा हो इसके लिए यह आवश्यक है कि चयनित टीम लगातार अभ्यास करें एवं खेल की बारीकियां को समझे तथा खेल को खेल की भावनाओं से खेलें। इस प्रतियोगिता में जिला के प्रखंड स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता के सभी प्रखंड विजेता टीमों के अंडर-17 वर्ग में बालक और बालिका और अंडर 15 वर्ग में बालक की टीमें भाग ली। कार्यक्रम के मंचीय संचालन अशोक पांडेय ,एपीओ, लोहरदगा द्वारा किया गया। जिला स्तर पर विजयी टीम प्रमंडल स्तर पर जुलाई 2024 से होने वाले प्रतियोगिता में जिला का रांची में प्रतिनिधित्व करेगी। मैच के सफल संचालन हेतु शिक्षा विभाग से संजय उरांव, शैलेन्द्र सुमन, जीतेंद्र मित्तल, रश्मि खेस, खुशबू सिंह, सारू उराँव, रंजू साहू, संतोष टोप्पो, विपिन किशोर, ज्ञानप्रकाश कुजूर आदि अपना योगदान दे रहे हैं।

**प्रपत्र VII समाहर्त्ता या समुचित सरकार उपायुक्त का कार्यालय, चतरा**
**(भू–अर्जन शाखा)**
**अधिघोषणा**

(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन) ज्ञापांक :–671/भू0अ0 दिनांक :–21.06.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना सिसई मोड़ से शिवपुर रेलवे स्टेशन रोड हेतु ग्राम– कबरा, थाना नं0– 20 थाना– टण्डवा, अंचल– टण्डवा, जिला– चतरा में कुल 0.295 एकड़ यानि 0.1193 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है। इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश 0.295 एकड़ यानि 0.1193 हेक्टेयर है और जो ग्राम– कबरा, थाना नं0– 20 थाना– टण्डवा, अंचल– टण्डवा, जिला– चतरा है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 10 | 181 | रैयती | कृषि | 0.16 | बालेश्वर यादव पिता– स्व0 नेमा यादव एवं अन्य। | नीज | नीज | गै0म0 प्लॉट सं0–194 | गै0म0 प्लॉट सं0–180 |
| 2 | 12 | 179 | रैयती | कृषि | 0.065 | मुसाफिर मियाँ, तेजु मियाँ, नेजु मियाँ पिता– स्व0 सदन मियाँ एवं अन्य। | मोती मियाँ | नीज | प्लॉट सं0–180 | प्लॉट सं0–173 |
| 3 | - | 184 | रैयती | कृषि | 0.02 | बैजु सिंह पिता– स्व0 भुलन सिंह एवं अन्य। | नीज | प्लॉट सं0–194 | नीज | प्लॉट सं0–194 |
| 4 | - | 185 | रैयती | कृषि | 0.05 | अस्पष्ट | नीज | मुसाफिर मियां वगै0 | प्लॉट सं0–180 | प्लॉट सं0–173 |
| | | | | कुल रकवा | 0.295 | | | | | |

संरचना की विवरणी

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | संरचना | संरचना का स्वरूप | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 12 | 179 | रैयती | मकान | – | मुसाफिर मियाँ, तेजु मियाँ, नेजु मियाँ पिता– स्व0 सदन मियाँ एवं अन्य। | – | – | – | – |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है:

ग्राम XXX. थाना XXX थाना सं0 XXX अंचल XXX जिला XXX क्षेत्रफल XXX एकड़ XXX .यानि . XXX हे0 जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, चतरा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये हैं :– X

PR 327583 Land Reforms(24-25)D

उपायुक्त,चतरा।

# नशे की लत स्वयं और समाज के लिए हानिकारक : डॉ मनोज

*मारवाड़ी महाविद्यालय में नशा मुक्ति शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी रांची के मारवाड़ी महाविद्यालय में मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को नशा मुक्ति शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान 11 से 26 जून 2024 तक चलाया जा रहा है। नशा मुक्ति शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित लोगों ने स्वयं, अपने परिवार, मित्रों और समाज को नशा से मुक्त करने का संकल्प लिया। इससे पूर्व नशा मुक्ति पर एनएसएस स्वयंसेवकों तथा एनसीसी कैडेट्स द्वारा बनाई गई पेंटिंग का निरीक्षण किया गया और प्रथम तीन में स्थान बनाने के लिए क्रमशः दीपिका कच्छप, नेहा कुमारी और आलोक तिग्गा को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने कहा कि नशे की आदत किसी भी कारण से हो, लेकिन यह स्वयं और समाज के लिए हानिकारक है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रोफेसर इंचार्ज डॉ आरआर शर्मा, परीक्षा नियंत्रक डॉ उमेश कुमार, डीएसडब्ल्यू तरुण चक्रवर्ती, वर्सर रोनाल्ड पंकज खलखो, एनसीसी प्रभारी डॉ अवध बिहारी महतो समेत दर्जनों एनएसएस स्वयंसेवक एवं एनसीसी कैडेट उपस्थित थे।
कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के कार्यक्रम पदाधिकारी जय प्रकाश रजक ने किया। धन्यवाद ज्ञापन अनुभव चक्रवर्ती ने किया।

# एमटीआई अकादमिक डैशबोर्ड का हुआ उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सेल ज्ञान उत्सव 2024 के दूसरे दिन मंगलवार को एमटीआई ने अपने 62वें स्थापना दिवस पर आयोजित एचआर-शिक्षण एवं विकास (एलएंडडी) कॉन्क्लेव की शुरुआत एलएंडडी में भविष्य के फोकस पर पैनल चर्चा के साथ की। इसमें सुमित रुद्र, ग्राहक बिक्री निदेशक, सॉफ्ट स्किल्स और रमन तलवार, मुख्य कार्यकारी, सिमुलानिस ने शिक्षण और विकास में एआई, मेटावर्स आदि जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर प्रस्तुति दी। उद्योग विशेषज्ञों द्वारा स्टेट ऑफ द क्राफ्ट-एलएंडडी में सर्वोत्तम प्रथाओं पर एक पैनल चर्चा भी आयोजित की गई। भानु शर्मा, अध्यक्ष और वैश्विक प्रमुख, एचआर और आईटी, टेगा इंडस्ट्रीज लिमिटेड और रवींद्र के सिंह, प्रमुख प्रशिक्षण (आरएम), एलएंडडी, एचआरएम, टाटा स्टील लिमिटेड ने एलएंडडी में उद्योग की सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया।
सेल के निदेशक (कार्मिक) केके सिंह ने एमटीआई अकादमिक डैशबोर्ड का उद्घाटन किया। नए सिरे से तैयार किए गए यूट्यूब चैनल लर्निंग@सेल को फिर से समर्पित किया और एमटीआई की आंतरिक पत्रिका 'ग्रोथ' के स्थापना दिवस विशेष संस्करण का अनावरण किया। सेल के निदेशक (कार्मिक) के साथ एलएंडडी को अगले स्तर पर ले जाने के तरीके पर एक ओपन हाउस बातचीत भी हुई, जहां केके सिंह ने एलएंडडी को और अधिक प्रभावशाली बनाने पर बहुमूल्य जानकारी साझा की। अंत में, निदेशक (कार्मिक) ने एमटीआई के प्रमुख संजय धर की उपस्थिति में सभी पैनलिस्ट और वक्ताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। सम्मेलन का समापन एमटीआई के महाप्रबंधक प्रभारी (अकादमिक) अतनु मुखर्जी के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। एमटीआई ने शाम 7 बजे से एक शानदार सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया।

# पारसनाथ स्कूल के बारह बच्चों को करवाया हवाई जहाज से सफर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राउंडटेबल इंडिया एवं लेडीज सर्कल की रांची समारीटंस शाखा ने पारसनाथ पब्लिक स्कूल के बारह बच्चों को पहली बार हवाई जहाज से सफर कराया। यह सफर रांची से भुवनेश्वर तक करवाया गया। इसके बाद उन्हें पुरी एवं भुवनेश्वर भ्रमण करवाया गया। यह सफर मंगलवार (25 जून) को करवाया गया। रांची एसडीएम उत्कर्ष कुमार ने कार्यक्रम को फ्लैग ऑफ किया। यह एक अनोखा प्रोजेक्ट है। यह वाकई में ऐसे बच्चों के सपनो को पूरा करता है, जो शायद उनके बचपन में एक सपना ही न रह जाए। राउंडटेबल का मुख्य उद्देश्य 'फ्रीडम थ्रू एजुकेशन' है, जिसके तहत जरूरतमंद बच्चों के लिए अपने खर्च पर स्कूल, क्लासरूम एवं लाइब्रेरी का निर्माण किया जाता है।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।

पत्रांक 722/ग्रा॰वि॰वि॰प्र॰,चतरा, दिनांक–24.06.2024

**शुद्धि–पत्र**

ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना संख्या No.–02/2024-25 में वर्णित सभी कार्य जिसका PR 326743 Rural Development(24-25)D द्वारा निविदा में भाग लेने हेतु कंडिका क्रमांक 02 में परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि 25.06.2024 (कार्यालय अवधि में, राजपत्रित अवकाश को छोड़कर) के स्थान पर 28.06.2024 (कार्यालय अवधि में, राजपत्रित अवकाश को छोड़कर), कंडिका क्रमांक 03 में निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय 26.06.2024 (कार्यालय अवधि में 03:00 बजे अपराह्न तक) के स्थान पर 29.06.2024 (कार्यालय अवधि में 03:00 बजे अपराह्न तक) तथा कंडिका क्रमांक 4 में निविदा खोलने की तिथि एवं समय 26.06.2024 को 03:30 बजे अपराह्न के स्थान पर 29.06.2024 को 03:30 बजे अपराह्न पढ़ा जाय।
निविदा की शेष शर्तें पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
चतरा।

PR 327603 (Rural Development) 24-25 (D)

## कार्यालय, जिला परिषद, पलामू।

E-mail- zilaparishad.palamu@gmail.com

**सूचना**

इस कार्यालय के ज्ञापांक 87/जि0प0, दिनांक 07.02.2024 के माध्यम से विभिन्न स्वास्थ्य चिकित्सक एवं कर्मियों के नियुक्ति हेतु निर्गत विज्ञापन (Walk In Interview हेतु आम सूचना) जिसका PR No. 318193 (District) 2023-24 है, को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू।

PR 327590 Palamu(24-25)D

## कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू
### (समाज कल्याण शाखा) (जिला बाल संरक्षण इकाई)

Email ID - dcpspalamu@gmail.com (Office-06562-299971)

**सूचना**

पलामू जिले में जिला बाल संरक्षण इकाई, पलामू में संविदा आधारित पदों पर नियुक्ति से संबंधित विज्ञापन दिनांक 05.09.2023 को स्थानीय एवं राष्ट्रीय समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था। प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में उपरोक्त पदों के लिए प्राप्त आवेदन को कम्प्यूटरीकृत करने के उपरान्त अभ्यर्थियों की प्रारंभिक सूची पलामू जिला के Official Website-www.palamu.nic.in पर अपलोड किया गया है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी
पलामू

PR 327625 Social Welfare,Women and Child Development(24-25)#D

## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय के अति–अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 06/2024-25 (प्रथम आमंत्रण) P R No. 326605 द्वारा प्रकाशित है, जो गुमला शहरी पाईप जलापूर्ति योजना के संचालन से संबंधित में निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है :–

1. प्राक्कलित राशि :–35,26,775.00
2. वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथि :–25–06–2024 अपराह्न 04:00 बजे
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि :– 02–07–2024 अपराह्न 05:00 बजे तक
4. सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय 02–07–2024 अपराह्न 05:00 बजे तक
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि :– 03–07–2024 अपराह्न 05:00 बजे तक
6. उक्त निविदा आमंत्रण सूचना सं0 :– 06–2024–25 प्रथम आमंत्रण है।

नोट : निविदा की अन्य नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।

PR.NO.327678 Drinking Water and Sanitation(24-25):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि PR No.:-327349 Building(24-25):D, Tender Reference No.-BCD/DALTONGANJ,DIV/03/2024-25 कार्य से संबंधित है, के कुछ तिथियों में तकनीकी एवं अपरिहार्य कारणवश संशोधन किया जा रहा है जिसका विवरणी निम्नवत है:–

| क्रमांक | मद | पूर्व की तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा बिक्री की तिथि एवं समय | 29.06.2024 10:00 AM to 1:00 PM | 01.07.2024 10:00 AM to 1:00 PM |
| 2 | निविदा डालने की तिथि एवं समय | 01.07.2024 1:00 PM to 3:00 PM | 02.07.2024 1:00 PM to 3:00 PM |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 01.07.2024 3:00 PM to 3:30 PM | 02.07.2024 3:00 PM to 3:30 PM |

Executive Engineer
Building division ,daltonganj.

PR 327657 Building(24-25)#D

## कार्यालय जिला परिषद, पलामू।

Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।**

**ई– संख्या– DOPR/CEO/ZP/Palamu 11/2023-24 ( Retender 2nd Call)**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू।
2. Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 27.06.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)
3. ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 27.06.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 03.07.2024 (अपराह्न 5:00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 05.07.2024 (पूर्वाह्न 11:00 बजे)
5. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
6. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 8 | उँटारी रोड | लहरबंजारी | पंचायत भवन लहरबंजारी का निर्माण कार्य। | 9989000.00 | 200000.00 | 10000.00 | 12 माह | 08/2023-24 CEO/ZP/PALAMU |

नोट–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में द्वितीय अथवा उससे उच्चतर श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते **www.palamu.nic.in** एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए **Website- www.jharkhandtenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू।

PR 327682 District(24-25)D

## जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार।

**मत्स्य कृषकों के लिए पुरस्कार हेतु आवश्यक सूचना**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग), झारखण्ड, राँची के राज्यादेश सं0 05 रा0(वि0) दिनांक 13.06.2024 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2024–25 में लातेहार जिले के निम्न योजनाओं के लिए आवेदन आमंतित्र की जाती है–

| क0 सं0 | कार्यक्रम | लघु शीर्ष | इकाई | भौतिक लक्ष्य | इकाई लागत | विभागीय अनुदान | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मत्स्य कृषकों को पुरस्कार सम्मान हेतु | 796 | संख्या | 02 | 30,000/– | 30,000/– अनुदान प्रति चयनित लाभुक | उत्कृष्ठ मत्स्य कृषकों, मत्स्य मित्रों तथा मत्स्य बीज उत्पादकों, आर0एफ0एफ0, केज पालकों, हैचरी संचालकों को उनके उत्कृष्ठ कार्य के लिए पुरस्कार स्वरूप / सम्मानित करने हेतु अधिकतम 30000/– रूपये प्रति चयनित कृषक पुरस्कर के रूप में प्रचार–प्रसार एवं विपणन हेतु मोटरसाईकिल अथवा मोपेड के साथ आईस बॉक्स/ डीप फीजर अथवा विभाग द्वारा अनुमोदित 12 Paddle Wheel Aerator अथवा मत्स्य बीज पैकेजिंग हेतु ऑक्सीजन सिलिन्डर (accessories सहित) के कय हेतु प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। |
| | | 789 | संख्या | 01 | 30,000/– | 30,000/– अनुदान प्रति चयनित लाभुक | |

अतः सभी मत्स्य कृषकों से आग्रह है कि दिये गये विवरणों के आलोक में लातेहार जिले के ऐसे मत्स्य पालकों से आवेदन करने की अर्हत्ता रखते है एवं आवेदित कार्यक्रम में कियान्वयन में अंशदान हेतु सक्षम है से आवेदन आमंत्रित किया जाता है।
नोट– आवश्यकतानुसार निदेशक मत्स्य, झारखण्ड, रांची के द्वारा तत्संबंधी निर्गत होने वाले के दिशा निर्देश के अधीन होगा।
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि– 15.07.2024 अपराह्न 4.00 बजे तक।
आवेदन जमा करने का स्थान– जिला मत्स्य कार्यालय,लातेहार।
आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
लातेहार।

PR 327592 Fish(24-25)D

## झारखण्ड सरकार
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

**ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–पुनर्निविदा संख्या– 09/RIII/2024-25/RWD/CHATRA दिनांक– 21.06.2024

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र॰ सं॰ | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ CHATRA/ STPKG/05/ 2023-24 | ओरी से कोंची तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं॰–5.600 कि॰मी॰)। | 1334.466 | तेरह करोड़ चौंतीस लाख छियालीस हजार छः सौ मात्र | 15 माह | चतुर्थ |
| 2 | | पारामातु करमतर से टेढ़ी महुआ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं॰–1.900 कि॰मी॰)। | | | | |
| 3 | | पारामातु कस्तुरबा स्कुल से कटिया रोड तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं॰–1.950 कि॰मी॰)। | | | | |
| 4 | | लमटा से शिवराजपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं॰–1.650 कि॰मी॰)। | | | | |
| 5 | | बेला से सोनपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं॰–2.200 कि॰मी॰)। | | | | |
| 6 | | बेदौली से बकसपुरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं॰–1.680 कि॰मी॰)। | | | | |
| 7 | | चतरा से लुट्टु तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं॰–5.520 कि॰मी॰)। | | | | |
| 8 | | चतरा से जलेद तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं॰–4.500 कि॰मी॰)। | | | | |
| 9 | | एस.एच. चतरा–27KM से बारीसाखी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं॰–1.000 कि॰मी॰)। | | | | |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 03.07.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 18.07.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 20.07.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– **06541-296208**
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR 327597 Rural Work Department(24-25)D

## जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार

**मत्स्य कृषकों के लिए महाझींगा पालन प्रत्यक्षण हेतु आम सूचना का प्रकाशन**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में विभागीय राज्यादेश सं0 05 रा0 (वि0) दिनांक 13.06.2024 द्वारा स्वीकृत लक्ष्य के आलोक में मत्स्य प्रसार अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना अन्तर्गत प्रायोगिक तौर पर निजी क्षेत्र में महाझींगा पालन एवं प्रत्यक्षण हेतु जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार को निम्न प्रकार से भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य प्राप्त है जिसके लिए दिनांक 15.07.2024 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं–

| क0 सं0 | स्वीकृत कार्य | भौतिक लक्ष्य (एकड़ में) लघु शीर्ष 796 | इकाई लागत (रू0 में) | अनुदान की राशि प्रति इकाई (रू0 में) | लाभुक का अंशदान प्रति इकाई (रू0 में) | अनुदान एवं लाभुक के अंशदान की विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | निजी क्षेत्र में महाझींगा पालन कार्य | 2.00 | 160000/– | अनु0ज0जा0/अ0जा0 एवं महिला लाभुक को 128000/– रू0 प्रति एकड़ | अनु0ज0जा0/अ0जा0 एवं महिला लाभुक का अंशदान 32000/– रू0 प्रति एकड़ | स्वीकृत कार्य में अनु0ज0जा0/ अ0जा0 / महिला लाभुक को प्रति इकाई 80 प्रतिशत अनुदान एवं लाभुक का 20 प्रतिशत अंशदान निहित होगा तथा सामान्य वर्ग के लाभुक को प्रति इकाई 70 प्रतिशत अनुदान एवं लाभुक का 30 प्रति अंशदान निहित होगा। |
| | | | | अन्य सामान्य वर्ग के लाभुक को 112000/– रू0 प्रति एकड़ | अन्य सामान्य वर्ग के लाभुक का अंशदान 48000/– रू0 प्रति एकड़ | |

नोट– उपरोक्त कार्य हेतु इच्छुक लाभुक जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार से कार्य दिवस पर आवेदन ले सकते हैं एवं निर्धारित तिथि तक प्रत्येक कार्य दिवस में अपना आवेदन निम्न कागजातों के साथ संलग्न कर जमा करेंगे–
- स्थानीय ग्राम पंचायत के मुखिया द्वारा प्रमाणित निजी तालाब धारक होने का प्रमाण पत्र।
- लाभुक के साथ तालाब का फोटोग्राफ।
- अनु0जा0 / अनु0ज0जा0 के आवेदक का जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
- मत्स्य पालन प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र यदि हो तो।
- आधार कार्ड की छायाप्रति।
- महाझिंगा पालन के लिए आवेदन में उनके घर से तालाब की दूरी का जिक होना आवश्यक है, जिनका तालाब घर के नजदीक होगा, उन्हें चयन में प्राथमिकता दी जाएगी।
- लाभुक के पास निजी / सरकारी सदाबहार तालाब होना आवश्यक है।
- लाभुकों का चयन सुरक्षित जमा निर्धारण समिति द्वारा किया जाएगा तथा समिति का निर्णय अंतिम होगा।
- आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि – दिनांक 15.07.2024 अपराह्न 4.00 बजे तक।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
लातेहार

PR 327593 Fish(24-25).D

## जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा
### सदर अस्पताल परिसर, गढ़वा

**राज्य योजना अंतर्गत गढ़वा जिला के आदिम जनजाति समुदाय (PVTG) बाहुल्य ग्रामों के निवासियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने हेतु "चलन्त ग्राम क्लीनिक" के संचालन हेतु आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सक सहायक का चयन हेतु रिक्तियों के आलोक में Walk In Interview हेतु पुनर्विज्ञापन**

विज्ञापन संख्या 05/2024 साक्षात्कार की तिथि 02.07.2024

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, गढ़वा के पत्रांक 5/पी0–10/2023–33 (6)ब, योजना, स्वा॰, गढ़वा दिनांक–26.05.2023 के द्वारा राज्य के आदिम जनजाति समुदाय (PVTG) बाहुल्य ग्रामों के निवासियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निमित "चलंत ग्राम क्लिनिक" के संचालन हेतु आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक की Walk In Interview के आधार पर अनुबंध आधारित सेवाएं प्राप्त करने हेतु जिला स्तर पर पूर्व में दो बार आयुष चिकित्सकों तथा चिकित्सा सहायकों चयन हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था किन्तु आरक्षण कोटि के अनुसार अभ्यावेदन प्राप्त नहीं होने के कारण निम्नांकित पद रिक्त रह गये हैं।
"चलंत ग्राम क्लिनिक" गढ़वा जिला के लिए रिक्तियों के आलोक में आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक की सेवा प्राप्त करने हेतु आवश्यक अर्हता, मानदेय एवं अन्य विवरण निम्नांकित है :–

| क्रम सं० | पद का नाम | न्युनतम शैक्षणिक योग्यता | कोटिवार पदों की संख्या: कोटि | संख्या | मानदेय | कार्य का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आयुष चिकित्सक | Bachelor in Ayurved/ Homoeopath / Unani with Working knowledge of Computer | SC | 08 | रू 21,000/– (कुल 26 कार्य दिवस) | 09:00 AM to 06:00 PM |
| | | | ST | 05 | | |
| | | | BC-01 | 01 | | |
| | | | BC-02 | 01 | | |
| | | | Total | 15 | | |
| 2 | चिकित्सा सहायक | B-sc Nursing/GNM or B-sc Community Health or Bachelor/ Diploma in Pharmacy from recognized University/Institution | UR | 02 | रू 15,000/– (कुल 26 कार्य दिवस) | 09:00 AM to 06:00 PM |
| | | | ST | 02 | | |
| | | | EWS | 01 | | |
| | | | Total | 05 | | |
| 3 | चयनित आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक द्वारा भविष्य में नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | | | | | |
| 4 | Walk In Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | | | | | |
| 5 | "चलंत ग्राम क्लीनिक" के संचालन हेतु आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक के द्वारा मिलकर स्वयं व्यवस्था की जाएगी। जिसके लिए 5000 (पांच हजार) रूपया प्रतिमाह देय होगा। | | | | | |

नोट :– "चलन्त ग्राम क्लिनिक" के लिए चयन आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक द्वारा किया जाने वाला कार्य –
1. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत चलन्त ग्राम विलीनिक में स्वास्थ्य कार्यक्रमों का कियान्वयन सुनिश्चित करना।
2. निर्धारित समयावधि में ओ०पी०डी० का संचालन।
3. प्रसव पूर्व तथा प्रसवोत्तर देखमाल।
4. ऐनिमिया और अन्य गैर संचारी रोग अंतर्गत उच्च रक्तचाम, मधुमेह की जांच।
5. टी०बी० एवं मलेरिया का पता लगाने के लिए बलगम एवं रक्त–पट्ट संग्रह।
6. अन्य सरकारी/गैर सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना।
7. विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित कार्यकमों/योजनाओं का प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करना।
8. समय–समय पर उच्चाधिकारियों द्वारा निर्देशित कार्यों का निष्पादन

उक्त आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक के चयन करने हेतु अन्य शर्तें, अहर्ता, आवेदन–पत्र इत्यादि का विवरण गढ़वा जिला के बेवसाईट garhwa.nic.in अथवा जिला स्वास्थ्य समिति गढ़वा के कार्यालय के सूचना–पट्ट से उपलब्ध की जा सकती है। इच्छुक अभ्यर्थी, आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक के पद पर चयन के लिए सिविल सर्जन कार्यालय गढ़वा में दिनांक– 02.07.24 को पूर्वाहन 11 बजे तक सभी शैक्षणिक प्रमाण–पत्र एवं अन्य वांछित मूल प्रमाण–पत्रों एवं छायाप्रति (01) के साथ Walk in Interview हेतु उपस्थित हो सकते हैं।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा।

PR 327655 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)D

# दक्षिण की भेदभाव भरी विध्वंसक राजनीति

***केरल*** में भाजपा का खाता खुला और दक्षिण में भाजपा का दखल बढ़ा तो दक्षिण के कई नेता मोदी सरकार उत्तर भारतीयों के लिए है की नैरेटिव प्रचारित करने लगे। हिंदुत्व के विकास को रोकने के लिए युवाओं में बदले की भावना के साथ द्रविड़ विचारधारा को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे तमिलनाडु में सामाजिक विभाजन चरम पर है। दक्षिण भारत की राजनीति एक अलग मोड़ ले रही है। क्या इसके फलस्वरूप मोदी सरकार को दक्षिण में आक्रामक रुख अपनाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा? जिस तरह के संकेत मिल रहे हैं, उससे लगता है कि आंध्र प्रदेश से प्रतिस्पर्धा करते हुए माकपा, द्रमुक और कांग्रेस केरल एवं तमिलनाडु के लिए विशेष वित्तीय दर्जे की मांग कर सकती हैं। चूंकि तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का हिस्सा बन गई है, इसलिए हो सकता है कि उसकी मांग को केंद्र सरकार से समर्थन मिल जाए। इस तरह का विशेष वित्तीय दर्जा उत्तरी राज्य, खासकर बिहार भी मांग रहा है। इसलिए केंद्र सरकार को सोच-समझकर कदम उठाना होगा। तमिलनाडु में द्रमुक सरकार को फिलहाल सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि अभी हाल ही में कल्लाकुरिची में अवैध जहरीली शराब पीने से 57 लोगों की मौत हो चुकी है और बहुत से लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। मद्रास उच्च न्यायालय ने भी राज्य सरकार को इसके लिए कड़ी फटकार लगाई। पिछले वर्ष भी राज्य में शराब त्रासदी की घटना हुई थी, जिसमें 22 लोगों की मौत हुई थी। लेकिन राज्य सरकार ने उसे अवैध शराब नहीं, बल्कि मेथनॉल बताया था। इस घटना पर अन्नाद्रमुक और भाजपा ने राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया है। एमके स्टालिन के नेतृत्व में द्रमुक सरकार के खराब प्रदर्शन के कारण जयललिता की मौत के बाद अन्नाद्रमुक के मरणासन्न अलग-अलग गुटों को जीवनदान मिल रहा है। दक्षिण भारत से 130 सांसद चुनकर लोकसभा में पहुंचते हैं, उनमें से अधिकांश सांसदों को लगता है कि मोदी सरकार उत्तर भारतीयों के लिए है। इस तरह का आख्यान कई? नेताओं द्वारा प्रभावी ढंग से प्रचारित किया जा रहा है, जो कि लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। आग में घी डालने का काम करते हुए तमिलनाडु की द्रमुक सरकार ने जस्टिस चंद्रू की अध्यक्षता में एक उच्चाधिकार प्राप्त कमेटी गठित की, जिसने राज्य के स्कूलों में दूरगामी सुधारों की सिफारिश की। मोदी के नेतृत्व वाले हिंदुत्व के विकास को रोकने के लिए युवाओं के मन में बदले की भावना के साथ द्रविड़ विचारधारा को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे तमिलनाडु में सामाजिक विभाजन चरम पर है। चंद्रू समिति ने सिफारिश की कि तमिलनाडु सरकार जातिगत भेदभाव खत्म करने के लिए स्कूलों में छात्रों को उनकी जातीय पहचान बताने वाले रंगीन कलाई बैंड या अंगूठी पहनने तथा माथे पर तिलक लगाने से रोके। कमेटी ने स्कूलों के नामों में से जातिसूचक शब्द हटाने की भी सिफारिश की है। इसमें कहा गया है कि माथे से तिलक हटाओ, कुंकुम चंदन नहीं। स्कूली छात्रों को अपने लंबे बालों को गुच्छे की तरह बांधना चाहिए। न्यायमूर्ति चंद्रू की रिपोर्ट में कई महत्वपूर्ण सिफारिशें हैं। हालांकि इस बीच सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि समाज में बदलाव की जरूरत है। उदाहरण के लिए, स्कूलों के नाम से जाति उपसर्ग जैसे 'कल्लर रिक्लेमेशन' और 'आदि द्रविड़ वेलफेयर' को हटाने और उन्हें सरकारी स्कूल बताने की सिफारिश महत्वपूर्ण है। लेकिन केवल नाम बदलने से वास्तविकता नहीं बदल जाएगी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 2024 के लोकसभा चुनाव में हिंदुत्व की हार की समीक्षा करने के लिए केरल के पलक्कड़ में बैठक बुला रहा है। अगर हम विश्लेषण करें, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, योगी आदित्यनाथ, राजनाथ सिंह दक्षिण में लोकप्रिय चेहरे हैं। इसी तरह राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अखिलेश यादव को भी लोग अच्छी तरह जानते हैं। यही वजह है कि प्रियंका गांधी ने वायनाड लोकसभा को चुना। और इसमें कोई संदेह नहीं है कि अल्पसंख्यकों के वर्चस्व वाली आबादी के कारण प्रियंका गांधी वहां आसानी से जीत भी जाएंगी। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने खुलेआम अपने राज्य के लिए अलग झंडा और राष्ट्र गान 'जन गण मन' को दरकिनार करके राज्य गान घोषित कर दिया है। ऐसा लगता है कि अलग दक्षिण आवाज के पीछे कुछ विदेशी शक्तियां हैं।

आपातकाल घोषणा के 49 वर्ष पूरा होने पर विशेष

# लोकतांत्रिक मूल्यों पर प्रहार करती आपातकाल की घोषणा



विजय केसरी

***आज*** से 49 वर्ष पूर्व सन 1975, 25 जून की मध्यरात्रि में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कहने पर तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने संविधान की धारा 352 के अधिन देश में आपातकाल की घोषणा की। देश के तमाम बड़े नेताओं को जेल में डाल दिया गया। देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर भी तरह तरह की पाबंदियां लगा दी गई। चुनाव को स्थगित कर दिया गया। लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहे जाने वाले प्रेस पर भी कड़ी पाबंदियां लगा दी गई। अर्थात भारत में स्थापित लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था का गला ही घोट दिया गया। देश में आपातकाल की घोषणा लोकतांत्रिक मूल्यों के गला घोटने के समान था। विचारणीय बिंदु यह है कि इस लोकतांत्रिक शासन प्रणाली का गला किसने घोटा? इंदिरा गांधी इसी लोकतांत्रिक शासन प्रणाली के अधिकारों के तहत लोकसभा चुनाव जीतकर भारतीय संसद की सदस्या बनी। उसके बाद प्रधानमंत्री बनी थी। सब कुछ जान समझ कर इंदिरा गांधी ने लोकतांत्रिक प्रणाली का गला घोटा था। उन्होंने सिर्फ सत्ता में बने रहने के लिए देश को आपातकाल के हवाले कर दिया था। यह स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे अलोकतांत्रिक काल था। इस बात को सभी जानते हैं कि 1971 में लोकसभा चुनाव में राज नारायण जी इंदिरा जी से बुरी तरह पराजित हुए थे। इस पराजय के बाद राज नारायण जी ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में इंदिरा गांधी के खिलाफ एक मुकदमा दायर किया, जिसमें आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री रहते हुए इंदिरा गांधी ने सरकारी मिस्त्री का दुरुपयोग, सीमा से अधिक धन खर्च और मतदाताओं को धन के बल पर अपने और करना। इस मुकदमा के 4 साल बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इंदिरा गांधी को 6 साल तक चुनाव लड़ने पर रोक लगा दिया। उच्च न्यायालय के इस फैसले का निहितार्थ है कि इंदिरा गांधी ने लोकसभा चुनाव में सरकारी मिशनरी का दुरुपयोग, चुनाव में तय सीमा से अधिक धन खर्च और धन के बल पर मतदाताओं को प्रभावित किया। यह तीनों कोई मामूली आरोप न थे। यह फैसला ऐसे समय में आया, जब सत्ता की बागडोर इंदिरा गांधी के हाथों में थी। लोकसभा का चुनाव जीतने के लिए इंदिरा गांधी लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या करने में जरा भी संकोच न की थी। तब उन्होंने उच्च न्यायालय को भी अपने प्रभाव में लेने की कोशिश जरूर किया होगा। यहां वह पूरी तरह असफल रही। उच्च न्यायालय के तत्कालीन न्यायाधीश को सलाम करता हूं कि विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने न्यायालय की गरिमा को बनाए रखा। इलाहाबाद हाई कोर्ट का फैसला आने के बाद लोक नायक जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेई, लालकृष्ण आडवाणी, जॉर्ज फर्नांडिस, राजनारायण सहित सैकड़ों नेतागण प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से इस्तीफा की मांग करने लगे। देखते ही देखते यह मांग देशभर में जोर पकड़ लिया । देश भर में हर राज्यों से इस्तीफा की मांग होने लगी। इंदिरा इस्तीफा दो, गद्दी छोड़ो के नारे बुलंद होने लगे। भारत के तमाम बड़े अखबारों ने इंदिरा गांधी के विरुद्ध अपना स्वर प्रदान किया। जयप्रकाश नारायण के आह्वान पर देश भर के नेतागण एक मंच पर आने लगे। इंदिरा गांधी ने अपने खिलाफ हो रहे देशव्यापी आंदोलन को कुचलने का हर संभव प्रयास किया। किंतु उन्होंने अपने विरोधियों की आवाज को बंद नहीं कर पाई। बढ़ते दबाव के आगे इंदिरा गांधी को इस्तीफा देने के अलावा और कोई विकल्प नहीं बचा था। धीरे-धीरे उनके खिलाफ विरोध के स्वर तेज होते चले जा रहे थे, किंतु इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया। अचानक उन्होंने 25 जून की मध्यरात्रि में आपातकाल की घोषणा करवा दी। देश के तमाम बड़े नेताओं को जेल में डाल दिया गया । मुझे याद है कि आपातकाल के दौरान कई छात्र नेता गण जो इंदिरा जी के इस तानाशाही कदम का विरोध कर रहे थे, उन्हें भी गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया। इन नेताओं को जेल में डाल देने के बाद भी आंदोलन रुके नहीं, बल्कि गुप्त बैठकों का नया दौर प्रारंभ हो गया। इस दौरान पर्चा लेखन जमकर हुआ। एक से बढ़कर एक पर्चे रोज आने लगे। हिंदी के महान कथा लेखक फणीश्वर नाथ रेणु, लोकनायक जयप्रकाश नारायण के बिल्कुल निकट के सहयोगी रहे। उन्होंने भी इस आंदोलन को धार धार बनाने के लिए जमकर लिखा। रेणु जी के इस आंदोलन से जुड़ने का यह प्रभाव दिखा कि देशभर के लेखक, कवि और आलोचकों ने भी इंदिरा गांधी के इस तानाशाही कदम पर तीखा प्रहार किया। धीरे धीरे कर बुद्धिजीवियों का आना भी प्रारंभ हो गया। महाविद्यालय के छात्रगण महाविद्यालय की पढ़ाई छोड़कर आपातकाल का विरोध करते सड़कों में दिखे रहे थे। प्रख्यात साहित्यकार स्व० भारत यायावर उस जमाने में महाविद्यालय के छात्र रहे, उन्होंने भी इस आंदोलन को गति प्रदान करने में अपनी अहम भूमिका अदा की थी। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाकर कार्यपालिका, विधायिका ,न्यायपालिका और प्रेस को पूरी तरह अपने पक्ष में करने का कोशिश जरूर किया, किंतु इंदिरा गांधी न्यायपालिका और प्रेस की आजादी को बाधित जरूर की थी, किंतु अपने पक्ष में करने में पूरी तरह असफल रही। आपातकाल के दौरान झारखंड से प्रकाशित दैनिक 'आवाज' और रांची एक्सप्रेस की तूती बोलती थी। आवाज के संस्थापक संपादक ब्रह्मदेव शर्मा और रांची एक्सप्रेस के संस्थापक संपादक बलवीर थे। दोनों अखबारों को भी वही पाबंदियों के फरमान थे, जो देश भर के अखबारों में पहुंचे थे। सेंसर अधिकारी का जबरदस्त हस्तक्षेप हुआ था, दोनों समाचार पत्रों में। दोनों अखबारों के संपादकों ने इस विकट परिस्थिति का डंटकर मुकाबला किया और आपातकाल के खिलाफ खुलकर लिखा । जेल में डाल देने की दोनों संपादकों को धमकी मिली थी। दोनों जेल की धमकी से बिल्कुल हतप्रभ व भयभीत न हुए। बल्कि दोनों संपादक गण पत्रकारिता का धर्म पालन करते हुए आपातकाल के 21 महीने बिताए। जब सर्वोच्च न्यायालय का 1977 में फैसला आया कि इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री बनी रहेगी, किंतु संसद में वोट नहीं कर सकती। सर्वोच्च न्यायालय के फैसला और देश भर में उनके खिलाफ आंदोलन के आगे इंदिरा गांधी ने हथियार डाल दिया। उन्होंने देश को आपातकाल से मुक्त किया और लोकसभा चुनाव की घोषणा की। 1977 में हुए लोकसभा चुनाव में देश की जनता ने आपातकाल के खिलाफ मतदान किया। देश की जनता ने इंदिरा गांधी को प्रधानमंत्री की कुर्सी से हटा कर मोरारजी देसाई को गद्दी पर बैठाया। आपातकाल की घोषणा के 48वें वर्ष में भारत जरूर पहुंच गया है, लेकिन देश को अस्थिर करने वाली शक्तियां सक्रिय दिख रहीं हैं। देश में कांग्रेस पार्टी का शासन नहीं है। कांग्रेस पार्टी सिमट कर कुछ प्रदेशों तक रह गई हैं। केंद्र में जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार ने बीते वर्षों के दौरान जो कुछ भी किया अपने आप में अद्वितीय है। जम्मू कश्मीर प्रांत में एक राज्य दो विधान लागू था। धारा 370 और 35 को वर्तमान की केन्द्र सरकार ने लोकसभा के माध्यम से निरस्त कर दिया। पंजाब प्रांत में खालिस्तान अलग देश की मांग का पुनर्जन्म देश की सेहत के लिए अच्छी बात नहीं। कांग्रेस पार्टी सहित देश की कई क्षेत्रीय पार्टियां देश को अस्थिर करने में लगी है। इन पार्टियों के वक्तव्य से देश कई वैचारिक खंडों में बंटता दिख रहा है। यह अच्छी बात नहीं है। देश में सांप्रदायिक शक्तियां अजगर की तरह मुंह फाड़े खड़ी हैं। इन तमाम जटिलता और विषमताओं के बीच भारत वैश्विक स्तर पर आर्थिक प्रगति की ओर अग्रसर है। अग्निवीर सेना में बहाली को लेकर देश को आग में झोंकने का काम किया गया है। एक हजार करोड़ से अधिक संपत्तियां नष्ट कर दी गईं। देश को अस्थिर करने की तमाम कोशिशें की जा रही है। यह बेहद चिन्ता की बात है। हम तमाम देशवासियों को इस विषय पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। ऐसी शक्तियों को जड़ से कबाड़ने की संकल्प लेने की जरूरत है। भारत, आजादी के बाद से ही आंतरिक और बाहरी शक्तियों से जूझता रहा है। भारत के अंदर ही कुछ ऐसी शक्तियां काम कर रही हैं,जो देश की एकता और अखंडता को बाधित करने में लगी है। ऐसी शक्तियों को बेनकाब कर उसके किए की सजा देना बहुत जरूरी है।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**



**इलाहाबाद हाई कोर्ट का फैसला आने के बाद लोक नायक जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेई, लालकृष्ण आडवाणी, जॉर्ज फर्नांडिस, राजनारायण सहित सैकड़ों नेतागण प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से इस्तीफा की मांग करने लगे। देखते ही देखते यह मांग देशभर में जोर पकड़ लिया । देश भर में हर राज्यों से इस्तीफा की मांग होने लगी।**

## आपकी बात

### ये धूप, तू मान मेरी



अमित गुप्ता

***ये*** धूप, तेरा यूं नित्य बढ़ना लाजमी है मानता हूं मैं, तेरी तपन तुझको मानवों ने ही दिए, जानता हूं मैं पर क्या तू भी बन जाओगे निमोही और निष्ठुर तू मान मेरी, कर दे ऐसी सभी नाराजगी तू दूर मेरी सुन, खामोखां तू दिन-ब-दिन बढ़ रहा है तेरे तपन से पिघल जाए ऐसा कोई दिल नहीं है। दर्द तेरा समझता हूं, ऐसे ही नहीं ढा रहा तू ये कहर इच्छाओं की परिसिमा लांघते गए हम इंसा इस कदर पेड़ काटे, पर्वत - पहाड़ तोड़े, और क्या-क्या न किए पर तुझसे तो हमने ना कभी ऐसी उम्मीद किए मेरी सुन, खामोखां तू दिन-ब-दिन बढ़ रहा है तेरी तपन से पिघल जाए ऐसा कोई दिल नहीं है। अच्छे, बुरे, लोभी, लालची, मतलबी चाहे जैसे भी आखिर ये भी तो तेरे संगी है, तू रखे चाहे जैसे भी मान जा, तू जिद न कर, बढ़ तू पर न इस तरह प्रकृति प्रेमियों के भी आंसू बहे पसीने की तरह मेरी सुन, खामोखां तू दिन-ब-दिन बढ़ रहा है तेरे तपन से पिघल जाए ऐसा कोई दिल नहीं है। नन्हे बच्चों की छुट्टियां अभी - अभी तो खत्म हुई नई जोश नई उमंग है, पर ये गर्मी से बेहाल है ये तपन उन्हें सताती है, न जाऊंगा स्कूल, कहलवाती है ये भविष्य कल के, पढ़ कर समझेंगे तेरे वेदना को मेरी सुन, खामोखां तू दिन-ब-दिन बढ़ रहा है तेरी तपन से पिघल जाए ऐसा कोई दिल नहीं है।

उत्पादन

# एमएसपी घोषणा से दलहन-तिलहन में बढ़ेगी आत्मनिर्भरता




डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

***केन्द्र*** सरकार की खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की घोषणा से दलहन और तिलहन के उत्पादन में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में बढ़ता कदम माना जाना चाहिए। देश में तिलहन और दलहन का उत्पादन पिछले सालों में लगातार बढ़ता जा रहा है पर अभी भी देश दलहन और तिलहन के क्षेत्र में घरेलू जरूरत पूरी होने जितना उत्पादन हो नहीं पा रहा है। हालांकि अब धीरे-धीरे दलहन तिलहन का उत्पादन बढ़ने लगा है और केन्द्र सरकार 2027 तक दलहन के क्षेत्र में देश की विदेशी निर्यात पर पूरी निर्भरता कम होने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है। केन्द्र सरकार की आगामी खरीफ के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्यों की घोषणा से यह साफ हो जाता है कि सरकार दलहन और तिलहन के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सही व योजनावद्ध तरीके से कदम बढ़ा रही है। सरकार का लक्ष्य है कि 2027 तक दलहन के क्षेत्र में इस हद तक आत्मनिर्भर हो जाए कि विदेशों से एक दाना भी दाल का आयात नहीं करना पड़े। एक मोटे अनुमान के अनुसार दुनिया भर में कुल उत्पादित दालों अर्थात दलहनी फसलों में भारत की भागीदारी 25 प्रतिशत के लगभग है। 2027 तक यह लक्ष्य अर्जित करने के लिए हमें 28 फीसदी का आंकड़ा छूना होगा। देश के कृषि वैज्ञानिकों और किसानों के संयुक्त प्रयास से देश में कृषि उत्पादन में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। सरकार द्वारा भी इस दिशा में लगातार प्रयास जारी है और जिस तरह के परिणाम सामने आ रहे हैं वे निश्चित रूप से सकारात्मक और उत्साहवर्द्धक है। न्यूनतम समर्थन मूल्यों में लगातार बढ़ोतरी और तिलहनी-दलहनी फसलों की खरीद के आश्वासन से किसानों का दलहन-तिलहन के प्रति रुझान बढ़ा है। केन्द्र सरकार ने खरीफ फसल की धान एवं ज्वार की दो किस्मों सहित 16 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा कर एक बार फिर किसानों को बड़ी राहत दी है। केन्द्र सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य के अनुसार सर्वाधिक बढ़ोतरी नाइजरसीड यानी कि राम तिल पर की गई है तो दालों में अरहर/तुअर की दाल के एमएसपी में भी 550 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। वैसे सरकार द्वारा खरीफ की सभी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में उल्लेखनीय और किसानों को प्रोत्साहित करने वाली बढ़ोतरी की है। **(ये लेखक के निजी विचार हे।)**

> **देश में तिलहन और दलहन का उत्पादन पिछले सालों में लगातार बढ़ता जा रहा है पर अभी भी देश दलहन और तिलहन के क्षेत्र में घरेलू जरूरत पूरी होने जितना उत्पादन हो नहीं पा रहा है।**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# जाति के नाम पर दूसरों से कैसी श्रेष्ठता?



डॉ. सत्यवान सौरभ

***सामाजिक*** स्तरीकरण मुख्यतः जाति पर आधारित है। किसी जाति समूह की सदस्यता जन्म से प्राप्त होती है, जिसके आधार पर लोगों को अन्य जाति समूहों के सापेक्ष स्थान दिया जाता है। यह दर्शाता है कि विभिन्न जातियों को उनके व्यवसायों की शुद्धता और अशुद्धता के अनुसार वर्गीकृत किया गया है। उदाहरण के लिए, निम्न जाति समूहों के पास कुओं तक पहुंच नहीं थी, उन्हें मंदिरों में प्रवेश करने से प्रतिबंधित किया गया था आदि-आदि। किसी विशेष जाति के सदस्यों को अपनी जाति में ही विवाह करना होता है। अंतरजातीय विवाह निषिद्ध हैं। यह सामाजिक रीति-रिवाजों द्वारा किसी समूह को मुख्यधारा से अलग करके बहिष्कृत करने की प्रथा है। जाति व्यवस्था और धर्म ने संकीर्णता की भावना को जन्म दिया और लोगों को अपनी जाति-धर्म के प्रति अनावश्यक रूप से सचेत कर दिया। समकालीन समाज में जातिगत भेदभाव अभी भी व्यापक रूप से प्रचलित है, क्योंकि भारतीय समाज वैदिककाल से ही इस सामाजिक बुराई का दंश झेल रहा है और संवैधानिक तथा कानूनी उपायों के बावजूद भी यह जारी है। किसी व्यक्ति की जाति उसके जन्म लेने वाले परिवार की जाति से निर्धारित होती है। यह आमतौर पर वंशानुगत होती है। किसी व्यक्ति की जाति अपरिवर्तनीय होती है, चाहे उसकी सामाजिक स्थिति कुछ भी हो। किसी व्यक्ति को जन्म से ही किसी जाति की सदस्यता विरासत में मिलती है। यह बात सच है कि प्राचीन असमानताएं और पूर्वाग्रह धीरे-धीरे बदलते हैं। सदियों से निचली जातियों का शोषण करने वाली उच्च जातियां आज भी उनके साथ सामाजिक और आर्थिक रूप से भेदभाव करती हैं। अपनी जाति को दूसरी जातियों से श्रेष्ठ समझने की भावना इसका मुख्य कारण है। लोगों की जाति की प्रतिष्ठा बढ़ाने की तीव्र इच्छा होती है। किसी विशेष जाति या उपजाति के सदस्यों में अपनी जाति के प्रति वफादारी विकसित करने की प्रवृत्ति होती है। जातिगत सजातीय विवाह का अर्थ है एक ही जाति में विवाह करना। इसलिए जातिगत सजातीय विवाह जातिवाद की भावना के उद्भव के लिए जिम्मेदार है। अशिक्षा के कारण लोग धार्मिक रूढ़ियों, अंधविश्वासों और अंधविश्वासों में विश्वास करते हैं। 'जाति धर्म' के अभ्यास के कारण वे अपनी जाति में रुचि लेते हैं। इससे जाति भावना और जातिवाद को बढ़ावा मिलता है। खासतौर पर ग्रामीण इलाकों में ऊंची जाति के लोग निचली जातियों से सामाजिक दूरी बनाए रखते हैं। ग्रामीण गांवों में दलितों को हिंदू मंदिरों में जाने की मनाही है और ऊंची जाति के मोहल्लों में जूते पहनकर जाने की अनुमति नहीं है। वे इसे विभिन्न प्रतिबंधों जैसे कि अंतरजातीय विवाह, अंतर-भोज आदि के माध्यम से बनाए रखते हैं। किसी व्यक्ति की विचारधारा उसके जातिगत मानदंडों और मूल्यों से जुड़ी होती है। इसने जातिवाद को जन्म दिया है। उच्च शिक्षा और सरकार में जातिगत आरक्षण ने एक ऐसी व्यवस्था को कायम रखने का काम किया है जो अन्यथा खत्म हो गई होती। कई बार जाति और साम्प्रदायिक हितों को राष्ट्रीय हितों से अधिक प्राथमिकता दी गई। इस प्रकार पूरी व्यवस्था राष्ट्रीय एकता की अवधारणा के विरुद्ध खड़ी हो गई।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## बोधि वृक्ष

# दुनियाभर में फेमस है नालंदा का शीतला माता मंदिर



***माता*** को जलन से राहत मिले, इसके लिए हर दिन सुबह में उन्हें दही और चीनी से उन्हें स्नान कराया जाता है। सूर्यास्त के बाद सबसे पहले मंदिर के पुजारी दीपक जलाकर आरती करते हैं। उसके बाद श्रद्धालु भी दीपक दीप-धूप जलाते हैं। माता शीतला की पूजा-अर्चना मुख्य रूप से दही और बताशा का भोग लगाकर की जाती है। मंदिर के गर्भगृह में काले पत्थर की 12 इंच लंबी मां शीतला की प्रतिमा स्थापित है। प्रतिमा के मुकुट के ऊपर नौ रेखाएं हैं, जो नौ देवियों की प्रतीक हैं। मां की दायीं ओर सूर्य और बायीं ओर चन्द्र हैं। माता की चार भुजाएं हैं। एक हाथ में कलश है। दूसरे में श्री शीतलाष्टक की पुस्तक है। तीसरे हाथ में विषहरणी नीम की डाली और चौथे हाथ में विभूति और फल की झोली है। इस मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ होती है। मां के प्रांगण में रामनवमी के अवसर पर ध्वजा स्थापित करने की परम्परा प्राचीन काल से चली आ रही है। माता शीतला के दरबार में पशुओं की बलि देने पर पूर्ण पाबंदी है। हालांकि कई श्रद्धालु मनोकामना पूरी होने पर यहां पाठी (बकरी के बच्चे) को दान करते हैं लेकिन उसकी बलि देना वर्जित है इसलिए ऐसे श्रद्धालु मंदिर के पुजारी को संकल्प कराकर पशु को दान देते हैं। **(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

# वॉट्सऐप पर आपको किसने किया है ब्लॉक? इस आसान से प्रॉसेस से जानें




***दुनियाभर*** में वॉट्सऐप का इस्तेमाल करोड़ो यूजर्स करते हैं। इस मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर किसी भी यूजर को ब्लॉक करने की सुविधा भी मिलती है। लेकिन अगर आपको कोई ब्लॉक कर दे तो इस बारे में पता करने के लिए क्या करना होता है। वॉट्सऐप का इस्तेमाल दुनियाभर में करोड़ो यूजर्स करते हैं। इस मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर किसी भी यूजर को ब्लॉक करने की सुविधा भी मिलती है। लेकिन अगर आपको कोई ब्लॉक कर दे तो इस बारे में पता करने के लिए क्या करना होता है।

वहीं आज हम आपको इसी के बारे में बताने जा रहा है। कुछ ऐसे तरीके हैं जिनकी मदद से आप पता कर पाएंगी की आपको किसने ब्लॉक किया है। अगर कोई आपको वॉट्सऐप पर ब्लॉक के बारे में पता करना है तो कुछ ऐसी चीजें हैं जो बताती है कि सामने वाले यूजर ने आपको ब्लॉक कर दिया है। **(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. **RNI.** 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.-0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : **news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### संघ प्रमुख भागवत 30 जून को काशी के प्रवास पर

**वाराणसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 30 जून को वाराणसी पहुंचेंगे और सिगरा स्थित प्रांत कार्यालय में प्रांतीय पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। सूत्रों ने बताया कि प्रांत कार्यालय में रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन संघ प्रमुख गाजीपुर के लिए सड़क मार्ग से कड़ी सुरक्षा के बीच रवाना होंगे। गाजीपुर में डॉ. भागवत एक सार्वजनिक कार्यक्रम में परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद पर अधारित पुस्तक का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद हथिया राम मठ में दर्शन पूजन के लिए रवाना होंगे। मठ से संघ प्रमुख विंध्याचल महुआरी कला स्थित देवरहा बाबा हंस आश्रम जाएंगे।

### दिल्ली : घर में आग लगने से एक ही परिवार के चार की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के प्रेम नगर के जेड ब्लॉक में मंगलवार सुबह करीब 3:30 बजे आग लग गई। इस घटना में घर में सो रहे पति-पत्नी और दो बच्चों की मौत हो गई है। एक ही परिवार के चार लोगों की मौत से इलाके में गम का माहौल है। घर में आग लगने की सूचना मिलने पर मौके पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। घर के भीतर से लोगों को निकालकर उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शुरूआती जांच में पता चला है कि इन्वर्टर में हुए शॉर्ट सर्किट के चलते घर में आग लगी। धुएं की वजह से दम घुटने से परिवार के सभी लोगों की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के मुताबिक, ऊपरी मंजिल पर हीरा सिंह (48) अपनी पत्नी नीतू सिंह और दो बेटे रोबिन (22) और लक्ष्य (21) के साथ सो रहे थे। धुएं के कारण दम घुटने से सभी की मौत हो गई।

# जल संकट को लेकर आतिशी का अनशन समाप्त, एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पिछले पांच दिनों से पानी की किल्लत को लेकर अनशन पर बैठीं आतिशी को मंगलवार को एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। आतिशी ने डॉक्टर के सुझाव पर अपना अनशन समाप्त करने का ऐलान कर दिया। इसकी जानकारी खुद आम आदमी पार्टी ने प्रेस कांफ्रेंस करके दी है। आतिशी पिछले पांच दिनों से दिल्ली में जारी पानी संकट को लेकर अनशन पर बैठी हुई थीं। उनकी मांग थी कि केंद्र सरकार दिल्लीवासियों को पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध करवाए, ताकि लोगों को पानी संकट से निजात मिल सके। इस बीच दिल्ली में बारिश होने की वजह से लोगों को पानी संकट से निजात



मिलने की संभावना प्रबल हुई है। दिल्ली का भू जल स्तर भी थोड़ा बढ़ा है। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में जारी पानी संकट पर आधिकारिक बयान भी जारी किया। आप ने कहा, 1994 में दिल्ली के लिए 105 एमजीडी पानी तय हुआ था। आज दिल्ली की आबादी 3 करोड़ के आसपास पहुंच चुकी है। इसके बाद भी दिल्ली के लिए 105 एमजीडी पानी ही तय है। इसके अलावा, दिल्ली को पानी देने में कटौती की जा रही है। दिल्ली में पानी संकट अपने चरम पर पहुंच चुका है। हर साल गर्मी के दस्तक देते ही दिल्ली में पानी संकट पैदा हो जाता है, जिसे देखते हुए आम आदमी पार्टी की ओर से दिल्ली सरकार की ओर से समर एक्शन प्लान भी तैयार किया जाता है, लेकिन इस बार ऐसा कोई भी प्लान तैयार नहीं किया गया, जिस पर बीते दिनों बीजेपी ने निशाना भी साधा था। बीजेपी ने कहा था कि जब हर साल गर्मी के मौसम में पानी से निपटने के लिए समर एक्शन प्लान तैयार किया जाता है, तो आखिर इस साल ऐसा क्यों नहीं किया गया। सच्चाई यह है कि इस बार आम आदमी पार्टी शराब घोटाले पर राजनीति करती रही। उसे जनता के हितों से कोई लेना-देना नहीं था।

## केजरीवाल की जमानत पर रोक, हाई कोर्ट ने कहा- ट्रायल कोर्ट का आदेश सही नहीं



**केजरीवाल** को अभी जेल में ही रहना होगा। दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ट्रायल कोर्ट से मिली जमानत पर रोक लगा दी है। जस्टिस सुधीर कुमार जैन की वेकेशन बेंच ने कहा कि ट्रायल कोर्ट का आदेश सही नहीं है। उसे सभी दस्तावेज पर गौर करना चाहिए था। हाई कोर्ट ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने मनी लांड्रिंग एक्ट की धारा 45 की दो शर्तों का पालन नहीं किया है। ट्रायल कोर्ट को ईडी को दलीलें रखने का पर्याप्त मौका देना चाहिए। ट्रायल कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के पहले के आदेशों को सही ढंग से नहीं लिया। हाई कोर्ट ने कहा कि केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट की ओर से अंतरिम जमानत चुनाव प्रचार के लिए दी गई थी।

# बिहार में महागठबंधन सरकार के समय दिए गए 826 करोड़ के 350 ठेके रद्द

एजेंसी

**पटना।** बिहार की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नीत पिछली महागठबंधन सरकार के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति के सिलसिले में दिये गये 826 करोड़ रुपये के 350 अनुबंधों को रद्द कर दिया है।

राज्य सरकार का लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) ने ठेकेदारों की चयन प्रक्रिया में अनियमितताओं का हवाला देते हुए अनुबंध रद्द कर दिए हैं। ये ठेके हैंडपंप, मिनी जलापूर्ति व्यवस्था आदि की स्थापना से संबंधित थे। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद मैंने हाल में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक बुलाई थी जिसके बाद इन ठेकों को रद्द करने का आदेश जारी किया गया। पीएचईडी मंत्री नीरज कुमार सिंह ने कहा कि विभाग ने इन ठेकों से जुड़ी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट भी राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी को सौंप दी है, ताकि गहन जांच हो सके, जो



भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मालूम हो कि राज्य में पिछली महागठबंधन सरकार के दौरान राजद नेता ललित यादव पीएचईडी मंत्री थे। सिंह ने कहा, 17 महीनों में पिछली सरकार ने पीएचईडी विभाग के 4600 करोड़ रुपये के कुल 1160 ठेके दिए थे। हमने अब तक 350 अनुबंध रद्द कर दिए हैं, शेष की जांच की जा रही है।

हालांकि, मंत्री ने विभाग के अधिकारियों द्वारा पकड़ी गई अनियमितताओं का ब्यौरा देने से इनकार कर दिया और कहा, इनके बारे में बताने का यह उचित समय नहीं है क्योंकि मामले की जांच एक सक्षम प्राधिकारी द्वारा की जा रही है। दस्तावेजों के अनुसार, बांका जिला इस सूची में सबसे ऊपर है, जहां ग्रामीण जलापूर्ति प्रणाली से संबंधित अधिकतम 106 अनुबंध रद्द किए गए हैं। जमुई में 73, लखीसराय में 20 , औरंगाबाद में 18 और आरा में 11 अनुबंध रद्द किए गए हैं। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रमुख और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस साल जनवरी में राजद से नाता तोड़कर राजग में वापस आ गए थे। सत्ता संभालने के तुरंत बाद फरवरी 2024 में राजग सरकार ने पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव और पिछली महागठबंधन सरकार में राजद कोटे से उनके दो तत्कालीन मंत्रियों झललित यादव और रामानंद यादव के प्रभार वाले विभागों द्वारा लिए गए सभी निर्णयों की समीक्षा का आदेश दिया था।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाले कैबिनेट सचिवालय विभाग की ओर से 16 फरवरी 2024 को जारी पत्र में स्वास्थ्य, पथ निर्माण, नगर विकास एवं आवास और ग्रामीण कार्य विभाग के अधिकारियों को भी राज्य में पिछली महागठबंधन सरकार के दौरान लिए गए निर्णयों की समीक्षा करने को कहा गया था। इन विभागों के प्रमुख तेजस्वी यादव थे।

> विभाग की जांच से पता चला है कि राज्य में पिछली राजद के नेतृत्व वाली महागठबंधन सरकार के दौरान ग्रामीण जलापूर्ति व्यवस्था से जुड़े 350 ठेकों (826 करोड़ के) के आवंटन में उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया था।
>
> **नीरज कुमार सिंह- मंत्री पीएचईडी विभाग(बिहार सरकार)**

## अगले हफ्ते होगी नीट-पीजी परीक्षा की तारीख की घोषणा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट)-पीजी परीक्षा की तारीख की घोषणा अगले हफ्ते की जा सकती है। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) के अध्यक्ष अभिजात सेठ ने मंगलवार को बताया कि परीक्षा की सुचिता सुनिश्चित करने के लिए सरकार जल्द से जल्द एसओपी और प्रोटोकॉल की समीक्षा कर रही है। आने वाले हफ्ते में परीक्षा की नई तारीख की घोषणा की जाएगी। एनबीईएमएस के अध्यक्ष अभिजात ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पिछले सात वर्षों से हमने अब तक सफलतापूर्वक नीट पीजी परीक्षा आयोजित की है। हाल की घटनाओं के कारण ऐसा हुआ है कि छात्रों में परीक्षाओं को लेकर बहुत सारी चिंताएं उत्पन्न हो गई हैं। छात्रों की चिंताओं के मद्देनजर सरकार ने परीक्षा की सुचिता सुनिश्चित करने के लिए एक बार फिर से एसओपी और प्रोटोकॉल की समीक्षा करने का फैसला लिया है। सरकार इस संबंध में जल्दी ही स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) तैयार कर लिए जाएंगे और परीक्षा की नई तारीख भी घोषित कर दी जाएगी।

## ब्रीफ न्यूज

### प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू से मुलाकात की। उन्होंने नायडू की देश की प्रगति के प्रति उनकी बुद्धिमत्ता और जुनून की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, एम वेंकैया नायडू गारू से मुलाकात की। मुझे उनके साथ दशकों तक काम करने का अवसर मिला और मैंने हमेशा भारत की प्रगति के प्रति उनकी बुद्धिमत्ता और जुनून की प्रशंसा की है। वेंकैया गारू ने हमारे तीसरे कार्यकाल के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। वहीं पूर्व उपराष्ट्रपति ने एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी ने नई दिल्ली में मेरे आवास त्यागराज मार्ग पर मुझसे मुलाकात की। मैंने नरेन्द्र भाई मोदी जी को भारत के प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार शपथ लेने पर हार्दिक बधाई दी। हमारी बातचीत में हमने राष्ट्रीय हित के मामलों पर अपने विचार साझा किए। मुझे विश्वास है कि आने वाले वर्षों में उनके नेतृत्व में भारत गौरव की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

### छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात



**रायपुर/नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संसद भवन में मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री को अमृतकाल : छत्तीसगढ़ विजन @2047 विजन डॉक्यूमेंट के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इसका निर्माण राज्य नीति आयोग द्वारा किया जा रहा है जिसे एक नवंबर को राज्य की जनता को समर्पित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने विगत छह माह में माओवादी विरोधी अभियानों में की गयी कार्रवाई की जानकारी भी प्रधानमंत्री को दी। वहीं नियद नेल्लानार योजना (आपका आदर्श गांव) के बारे में जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना के तहत नक्सलियों के आधार को कमजोर करने व शासन-प्रशासन व ग्रामीणों के बीच परस्पर विश्वास बहाली का कार्य किया जा रहा है। इस योजना के तहत वर्तमान में 23 कैंप खोले गए हैं, जिनमें 90 ग्राम शामिल हैं तथा भविष्य में 29 कैंपों को प्रारंभ करने की योजना है। मुलाकात में सीएम साय ने प्रधानमंत्री मोदी से कई विभिन्न मुद्दों को लेकर भी चर्चा हुई है।

### पटना सिविल कोर्ट में नीट पेपर लीक मामले की सुनवाई टली

**पटना।** पटना सिविल कोर्ट में मंगलवार को नीट पेपर लीक मामले में एडीजी-5 राजेंद्र कुमार सिन्हा की बेंच में सुनवाई होनी थी लेकिन अभियोजन पक्ष ने कोर्ट को अवगत कराया कि इस मामले को सीबीआई के टेक ओवर कर लिया है। इसके बाद सिविल कोर्ट में इस मामले की सुनवाई नहीं हुई। इस मामले में ईओयू ने एक पत्र जारी किया है, जो अभियोजन को प्राप्त नहीं हुआ है। जब यह पत्र एडीजी-5 को मिलेगा तब इसकी सुनवाई स्पेशल जज सीबीआई के यहां होगी। अभियोजन ने कहा कि दो आवेदनों संख्या 1168/24 अखिलेश कुमार और 1078 आयुष राज के बेल आवेदन को अधिवक्ता ने वापस लेने के लिए आवेदन दिया है। इस मामले में कुल नौ लोगों की सुनवाई एडीजी कोर्ट में हो रही थी, जिसमें आज आठ लोगों की सुनवाई होनी थी और बाकी एक संजीव मुखिया की अंतरिम जमानत पर सुनवाई फिर टली है। नीट पेपर लीक कांड मामले में पटना के एसएसपी को सीबीआई ने तलब किया। सीबीआई ने कल ही नीट पेपर लीक कांड को टेक ओवर किया है। जानकारी अनुसार पटना के एसएसपी सीबीआई कार्यालय पहुंचे हैं। नीट पेपर लीक कांड मामले को लेकर एसएसपी से सीबीआई कई अहम जानकारी लेगी। वकील ने बताया कि सुनील मुखिया को भी फिलहाल इस मामले में राहत नहीं मिलेगी। सीबीआई के स्पेशल कोर्ट में अब इस मामले में सुनवाई होगी।

### रुपौली विस उपचुनाव में चौतरफा घिरी राजद

**पूर्णिया।** बिहार के पूर्णिया जिले के रुपौली विधानसभा उपचुनाव को लेकर राजद की राह आसान नहीं है। राजद ने लोकसभा चुनाव में पूर्णिया से हार चुकी बीमा भारती को प्रत्याशी बनाया है, जबकि एनडीए की ओर से जदयू ने कलाधर प्रसाद मंडल को चुनावी मैदान में उतारा है। बिहार की एक मात्र रुपौली सीट पर हो रहे उपचुनाव में 13 प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया था, जिसमें से एक प्रत्याशी का नामांकन रद्द कर दिया गया है। इस सीट पर 10 जुलाई को मतदान होना है। बीमा भारती के जदयू छोड़कर राजद में जाने के कारण यह सीट खाली हो गई थी। रुपौली उपचुनाव में मुख्य मुकाबला राजद और जदयू प्रत्याशी के बीच माना जा रहा है।

### उपचुनाव : बंगाल के मानिकतला में दिलचस्प त्रिकोणीय मुकाबला

**कोलकाता।** कोलकाता-उत्तर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सात में से एक विधानसभा क्षेत्र मानिकतला में अगले महीने दिलचस्प त्रिकोणीय उपचुनाव होने वाला है। इस त्रिकोणीय मुकाबले में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के लिए मुख्य चिंता है कि हालिया लोकसभा चुनाव में यहां के परिणाम अच्छे नहीं आए थे। जीत का मार्जिन काफी कम था। मानिकतला से तीन बार तृणमूल कांग्रेस के विधायक रहे साधन पांडे के निधन के बाद वहां उपचुनाव कराए जा रहा है। पार्टी दिवंगत विधायक की लोकप्रियता के सहारे यह सीट जीतना चाहती है और इसलिए उसने 10 जुलाई को होने वाले उपचुनाव में उनकी विधवा सुप्ती पांडे को मैदान में उतारा है।

### ममता की धमक के बाद फुटपाथ को कब्जा मुक्त कराने में जुटी पुलिस

**कोलकाता।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की फटकार के 24 घंटे बीतने से पहले, पुलिस और नगरपालिका अधिकारी फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने के लिए सड़कों पर उतर गए हैं। विधाननगर नगरनिगन के वार्ड नंबर 37 और सेक्टर पांच में मंगलवार सुबह से कई दुकानों के ढांचे को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया है। नाले के ऊपर भी विभिन्न स्थानों पर बांस के मचान और टिन के ढांचों से दुकानें बनाई गईं थीं। वे सब नष्ट कर दिए गए हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्प्लेक्स थाने की पुलिस ने सेक्टर पांच के कॉलेज मोड़ पर कई दुकानदारों को मंगलवार शाम छह बजे तक अपना सारा सामान हटा लेने को कहा है। इसी तरह, कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल से सटे फुटपाथ को भी खाली कराने के लिए प्रशासन ने कदम उठाया है। गरियाहाट में भी फुटपाथ पर कब्जा जमाये दुकानदारों को एक दिन के अंदर अपना सारा सामान हटाने को कहा गया है। मुख्यमंत्री ममता ने सोमवार को सचिवालय में नगरपालिका परिषद की बैठक में उन्होंने व्यावहारिक रूप से नगरपालिका अध्यक्ष, पार्षद, मेयर, मंत्री, विधायकों को सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर लापरवाही बरतने की वजह से जमकर फटकार लगाई थी। राज्य के अग्निशमन मंत्री सुजीत बोस को संबोधित करते हुए ममता ने सीधे तौर पर कहा कि सुजीत साल्ट लेक में पैसे लेकर लोगों को बसा रहे हैं। इसे ठीक करें। हालांकि, प्रशासन के अंदर के कई लोगों के मुताबिक मुख्यमंत्री इससे पहले भी कई आदेश दे चुकी हैं।

## आज का राशिफल

**मेष** — कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। मेहमानों का आगमन होगा।

**वृषभ** — स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सम्पत्ति से लाभ।

**मिथुन** — महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क** — धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुखदायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**सिंह** — मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**कन्या** — धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। स्थान परिवर्तन की संभावना हैं।

**तुला** — रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का योग है।

**वृश्चिक** — कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें।

**धनु** — जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। परिवारजन का सहयोग काम को बनाना आसान करेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। शुभ कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा।

**मकर** — परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेंगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी।

**कुम्भ** — मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। पारिवारिक विवाद टालें। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**मीन** — शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

## बिहार में बढ़ते अपराध को लेकर सियासत तेज, जेडीयू ने तेजस्वी पर किया पलटवार

एजेंसी



**पटना।** बिहार में कानून व्यवस्था को लेकर जमकर सियासत जारी है। जनता दल यूनाइटेड और राष्ट्रीय जनता दल के बीच जुबानी जंग छिड़ी हुई है। राज्य में बढ़ते अपराध को लेकर दिए गए आरजेडी नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के आंकड़ों पर जेडीयू नेता नीरज कुमार ने पलटवार किया है। उन्होंने तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा, आप अपराध पर राजनीतिक प्रवचन दे रहे हैं। हमारी सरकार बिहार में अपराधियों को नहीं छोड़ती है। हम आंकड़े पेश करने के लिए तैयार हैं, लेकिन आप अपने पिता लालू प्रसाद यादव और मां राबड़ी यादव से पूछकर बताइए कि जब 5 हजार 243 रुपये की फिरौती के लिये अपहरण हुआ था, उस समय आप लोगों ने क्या किया था। उस मामले पर की गई कार्रवाई का ब्यौरा पेश कीजिए उसके बाद अपराध पर प्रवचन दीजिएगा। दरअसल तेजस्वी यादव बिहार में बढ़ते आपराधिक मामलों पर लगातार एनडीए की डबल इंजन सरकार को घेर रहे हैं। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट करते हुए प्रदेश में हाल ही में हुई 33 घटनाओं का ब्योरा दिया। तेजस्वी यादव ने लिखा, शेखपुरा में डबल इंजन सरकार में डबल पावर से लैस अपराधियों ने आठ साल की बच्ची की घर में घुसकर गोली मारकर हत्या की। कैमूर में अपराधियों ने युवक की हत्या की। अपराधियों ने तांडव मचा कर सिविल कोर्ट के स्टाफ की गोली मारकर हत्या की।

## संविधान का गला घोंटने के लिए देश की जनता से माफी मांगे कांग्रेस : सीएम योगी

एजेंसी



**लखनऊ।** आपातकाल की 50वीं बरसी के मौके पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को संविधान का गला घोंटने के लिए देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। मुख्यमंत्री योगी मंगलवार को आपातकाल की 50वीं बरसी के मौके पर अपने सरकारी आवास पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि रात के अंधेरे में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार ने कैसे भारत के लोकतंत्र को नष्ट करने का प्रयास किया गया था। संविधान का गला घोटने के लिए कांग्रेस को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जब हम उस आपातकाल को याद करते हैं तो पाते हैं कि कांग्रेस में भले ही चेहरे बदल गए, लेकिन आज भी चरित्र वही है। यह लोकतंत्र की दुहाई देते हैं, लेकिन ये भारत के बाहर जाकर भारत को और उसके लोकतंत्र को कोसते हैं। भारत की चुनाव प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाते हैं। भारत के अंदर हर चुनाव की प्रक्रिया में बाधा पैदा कर ईवीएम पर दोषारोपण कर अपनी अकर्मण्यता का परिचय देते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि एक तरफ कांग्रेस का तानाशाही क्रूर रवैया जिसने आज से नहीं 1975 में ही नहीं, आजादी के तत्काल बाद संविधान में संशोधन कर धारा 370 जबरन डालकर देश की अखंडता को चुनौती दी।

### सीमा विवादों, आतंकवाद व साइबर खतरों पर वायु सेना प्रमुख ने चिंता जताई, कहा

# आंतरिक और बाहरी सुरक्षा के लिए एकीकृत दृष्टिकोण अपनाने पर जोर

*भारतीय सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण में अधिक निवेश करने का सुझाव*

एजेंसी



**नई दिल्ली।** वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने समकालीन सुरक्षा परिदृश्य में सीमा विवादों और आतंकवाद तथा साइबर खतरों और क्षेत्रीय अस्थिरता तक कई तरह की चुनौतियां पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि भारत को अपने सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण में निवेश करने के साथ ही रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर जोर देना चाहिए। वायु सेना प्रमुख ने सुझाव दिया है कि आंतरिक और बाहरी सुरक्षा के लिए एकीकृत दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी मंगलवार को सुब्रतो पार्क, नई दिल्ली के वायु सेना सभागार में भारतीय वायु सेना, कॉलेज ऑफ एयर वारफेयर और सेंटर फॉर एयर पावर स्टडीज की ओर से आयोजित एक सेमिनार के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी रणनीतिक संस्कृति ऐतिहासिक अनुभवों और लगातार विकसित हो रहे भू-राजनीतिक वातावरण से आकार लेती है। यह रणनीतिक स्वायत्तता, सावधानी और क्षेत्रीय अखंडता पर मजबूत ध्यान देने पर जोर देती है। समकालीन सुरक्षा परिदृश्य सीमा विवादों और आतंकवाद से लेकर साइबर खतरों और क्षेत्रीय अस्थिरता तक कई तरह की चुनौतियां पेश करता है।

उन्होंने कहा कि अपने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित करने के लिए भारत को अपने सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण में निवेश करना चाहिए। साथ ही रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के अलावा स्वदेशी रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने आंतरिक और बाहरी सुरक्षा दोनों के लिए एक एकीकृत दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने सीमा विवादों और आतंकवाद से लेकर साइबर खतरों और क्षेत्रीय अस्थिरता तक भारत के सामने मौजूद बहुआयामी चुनौतियों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि समकालीन सुरक्षा परिदृश्य सीमा विवादों और आतंकवाद से लेकर साइबर खतरों और क्षेत्रीय अस्थिरता तक बहुआयामी चुनौतियां पेश करता है।

भारत की रणनीतिक विरासत पर विविध दृष्टिकोणों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि यूरोपीय विचारक इस बात पर जोर देंगे कि भारत में शासन कला का अभ्यास पूरे इतिहास में देखा गया है। रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्य भारत के भव्य रणनीतिक विचारों को प्रदर्शित करते हैं।



## यूरो कप-2024

1 डेनमार्क बनाम सर्बिया
प्रात : 12.30 बजे से
स्टेडियम : एलियांज एरेना म्यूनिख

2 इंग्लैड बनाम स्लोवेनिया
प्रात : 12.30 बजे से
स्टेडियम : राइनएनर्जीस्टेडियन, स्टेडियम

3 स्लोवाकिया बनाम रोमानिया
प्रात : 09.30 बजे से
स्टेडियम : डॉयचे बैंक पार्क

4 यूक्रेन बनाम बेल्जियम
प्रात : 09.30 बजे से
स्टेडियम : एमएचएरेना स्टटगार्ट

## एक नजर

### ब्राजील और कोस्टा रिका के बीच गोल रहित ड्रॉ

**कोपा अमेरिका**

**लॉस एंजिल्स।** सोफी स्टेडियम में मंगलवार को ब्राजीलियन फैंस काफी निराश हुए, जब नौ बार के कोपा अमेरिका चैंपियन ब्राजील को कोस्टा रिका के खिलाफ 0-0 से ड्रॉ खेलना पड़ा। कोपा अमेरिका में ब्राजील का निराशाजनक प्रदर्शन देखकर उनके फैंस काफी निराश हुए। एक रोमांचक मुकाबले में कोस्टा रिका ने ब्राजील को कड़ी टक्कर दी। दोनों टीमों ने अपनी पूरी ताकत लगा दी लेकिन गोल करने में सफल नहीं रहे। कई बार मौका बनाने और गोल पर शॉट्स की बौछार करने के बावजूद ब्राजील के सभी प्रयास फेल हुए। विनिसियस जूनियर और रोड्रिगो के पास एक भी शॉट टारगेट पर नहीं था, लेकिन किसी और ने भी उनकी कमी को पूरा करने के लिए कुछ नहीं किया।

### अंतिम 16 में इटली, स्पेन, क्रोएशिया बाहर

**बर्लिन।** क्रोएशिया के खिलाफ मटिया जाकाग्नि के अंतिम क्षणों के गोल ने 1-1 की बराबरी से मौजूदा चैंपियन इटली को यूरो 2024 के ग्रुप चरण में पहुंचा दिया, जबकि स्पेन ने अंतिम दौर में अल्बानिया पर 1-0 की जीत के साथ ग्रुप बी में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। क्रोएशिया ने आक्रामक शुरूआत की। उसे पता था कि यहां से केवल जीत ही टीम को अंतिम 16 के दौर में पहुंचा सकती है। जानकारी के अनुसार, लुका सुसिक ने 20 मीटर से एक जोरदार शॉट लगाकर पांच मिनट पहले क्लियर कट मौका बनाया। , जिससे इटली के गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा को इसे रोकने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं, इटली को मैच में पैर जमाने के लिए थोड़ा समय लगा। लेकिन 20वें मिनट में उसने भी मौका बनाया जब मैटिओ रेटेगुई ने रिकार्डो कैलाफियोरी के क्रॉस को गोल की ओर हेड किया। लुसियानो स्पैलेटी की टीम को हाफ टाइम से पहले ही बढ़त बना लेनी चाहिए थी।




# अफगानिस्तान ने टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में किया प्रवेश

**एजेंसी। किंग्सटाउन**

गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत अफगानिस्तान ने इतिहास रचते हुए वर्षा से बाधित सुपर 8 मुकाबले में बांग्लादेश को 8 रन से हराकर आईसीसी टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। अफगानिस्तान की जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया विश्व कप से बाहर हो गया है। वर्षा से बाधित मैच में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 115 रन बनाए। अफगानिस्तान की पारी खत्म होने के साथ ही बारिश शुरू हो गई। बारिश रुकने पर मैच शुरू हुआ और दूसरे ही ओवर में फजलहक फारुकी ने तंजीद हसन (00) को आउट कर बांग्लादेश की शुरूआत खराब कर दी। इसके बाद नवीन उल हक ने तीसरे ओवर में 23 के कुल स्कर पर दो लगातार गेंदों पर नजमुल हसन शांतो (05) और शाकिब अल हसन (00)को आउट कर बांग्लादेश को दोहरा झटका दिया। हालांकि इसके बाद फिर से बारिश शुरू हो गई। बारिश रुकने के बाद बांग्लादेश ने संभलकर खेलना शुरू किया और पावरप्ले में 3 विकेट पर 46 रन बना लिए।


रहमानुल्लाह गुरबाज
*(55 गेंदों पर 43 रन, 3 चौके और 1 छक्का)*


इब्राहिम जादरान
*(29 गेंदों पर 18 रन, 1 चौका) पर*

बारिश के कारण बांग्लादेश को मिला 19 ओवर में 114 रनों का संशोधित लक्ष्य इसके बाद फिर से बारिश शुरू हो गई और बांग्लादेश को 19 ओवर में 114 रनों का संशोधित लक्ष्य मिला। मैच दोबारा शुरू होने पर गुलाबदीन नैब ने 92 के कुल स्कोर पर तंजीम हसन शाकिब को आउट कर बांग्लादेश को आठवां झटका दिया। हालांकि इस दौरान टिककर खेल रहे लिटन दास ने अपना अर्धशतक पूरा किया। 105 के कुल स्कोर पर नवीन उल हक ने तस्कीन अहमद (02) को बोल्ड कर बांग्लादेश को नौवां झटका दिया। इसके बाद फिर से बारिश शुरू हो गई। बारिश रुकने पर नवीन ने मुस्तफिजुर रहमान को एलबीडब्ल्यू को अफगानिस्तान को ऐतिहासिक जीत दिलाते हुए टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा दिया।

## बांग्लादेश ने 20 ओवर में 5 विकेट पर बनाए 115 रन

इससे पहले इस रोमांचक मुकाबले में अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। हालांकि, उनका फैसला उनके पक्ष में नहीं गया और वे स्कोरबोर्ड में रन जोड़ने के लिए संघर्ष करते रहे। अफगानिस्तान के लिए सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज (55 गेंदों पर 43 रन, 3 चौके और 1 छक्का) और इब्राहिम जादरान (29 गेंदों पर 18 रन, 1 चौका) ने पहले विकेट के लिए 59 रनों की साझेदारी की। इन दोनों के अलावा आखिरी में कप्तान राशिद खान ने 10 गेंदों पर तेज 19 रन जोड़कर अफगानिस्तान को 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 115 रनों के स्कोर तक पहुंचाया। बांग्लादेश के लिए रिशाद हुसैन ने अपने चार ओवर के स्पेल में तीन विकेट चटकाए और 26 रन दिए। मुस्तफिजुर रहमान और तस्कीन अहमद ने भी एक-एक विकेट हासिल किया।

## सेमीफाइनल में पहुंचकर जश्न में डूबा अफगानिस्तान



## टी20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने रोहित शर्मा



**ग्रोस आइलेट।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा टी 20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अग्रणी रन-स्कोरर बन गए हैं, साथ ही उन्होंने इस प्रारूप में बतौर कप्तान सर्वाधिक जीत दर्ज करने के अपने समकक्ष पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है।रोहित ने यह उपलब्धि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रहे आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर 8 मुकाबले के दौरान हासिल की। रोहित ने मैच में 41 गेंदों पर 7 चौके और 8 छक्के की बदौलत 92 रनों की तूफानी पारी खेली। 157 मैचों में, अनुभवी सलामी बल्लेबाज ने 32.03 की औसत और 140.75 की स्ट्राइक रेट से 4,165 रन बनाए हैं। बाबर 123 मैचों में 41.03 की औसत से 4,145 रन बनाकर दूसरे स्थान पर खिसक गए। जबकि कोहली 123 मैचों में 48.84 की औसत से 4,103 रन बनाकर तीसरे स्थान पर खिसक गए.इसके अलावा इस मैच में ऑस्ट्रेलिया को 24 रनों से हराने के बाद रोहित ने बतौर कप्तान अपनी 48वीं टी20 अंतरराष्ट्रीय जीत हासिल की। बाबर ने भी 85 मैचों में टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में पाकिस्तान के कप्तान के रूप में 48 जीत दर्ज की है। मैच की बात करें तो इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया। विराट कोहली (00) के जल्दी आउट होने के बाद रोहित शर्मा ( 41 गेंद, 92 रन, 7 चौके, 8 छक्के) ने तूफानी पारी खेली, उन्हें सूर्य कुमार यादव (16 गेंद 31 रन, 3 चौके, 2 छक्के), शिवम दुबे (22 गेंद, 28 रन, 2 चौके 1 छक्का) और हार्दिक पांड्या (17 गेंद 27 रन 1 चौका, 2 छक्का) का अच्छा साथ मिला औ? भारत ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 205 रनों का बड़ा स्कोर बनाया।

## डेविड वार्नर ने ली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदाई



**किंग्सटाउन।** ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डेविड वार्नर के उपलब्धियों और विवादों से भरे 15 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर का मंगलवार को यहां टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान की बांग्लादेश पर जीत के साथ निराशाजनक अंत हो गया। अफगानिस्तान की जीत के साथ पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहा। बांग्लादेश के खिलाफ जीत के साथ 2021 का चैंपियन ऑस्ट्रेलिया सिर्फ दो अंक के साथ सुपर आठ ग्रुप एक तालिका में तीसरे स्थान पर रहा। टीम को अफगानिस्तान के खिलाफ चौंकाने वाली हार के अलावा भारत के खिलाफ भी शिकस्त झेलनी पड़ी। जनवरी 2009 में टी20 मुकाबले के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 37 वर्षीय वार्नर ने अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच 24 जून को ग्रॉस आइलेट में भारत के खिलाफ खेला जिसमें ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया के सर्वकालिक महान बल्लेबाजों में से एक वार्नर को गॉर्ड ऑफ ऑनर नहीं मिल सका और ना ही दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। अपने अंतिम मुकाबले में उन्होंने छह गेंद में छह रन बनाए और अर्शदीप सिंह की गेंद पर सूर्यकुमार यादव को कैच दे बैठे।

## अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर बास्केटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के उपलक्ष में जिले में जारी सप्तहव्याप खेल कार्यक्रम के तहत डिनोबीली स्कूल, कोराडीह में बास्केटबॉल की स्पर्धा आयोजित हुई। स्कूल के खेल शिक्षक कल्लोल सामंता के देखरेख में आयोजित इस प्रतियोगिता के फाइनल मैच के दौरान डिनोबीली स्कूल कोराडीह की टीम को सीजुआ बास्केटबॉल क्लब की टीम ने 26 - 22 अंक से परास्त करते हुए ओलंपिक डे ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। विजेता टीम के तरफ से शिवम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने टीम के लिए 10 अंक अर्जित किए जबकि फैजान आलम ने 8 अंक हासिल किए। विजेता टीम के खिलाड़ियों में शिवम कुमार (कप्तान), जीत कुमार, प्रशांत कुमार, फैजान आलम, अजफर आसफी, अयान मलिक, विशाल कुमार, अंशु घोषाल, प्रतीक मालवा तथा कमरोश ओबैद सामिल थे जबकि उपविजेता टीम के खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैंः आदित्य आयुष (कप्तान), दक्ष कुमार, निखिल कुमार, कश्यप चंद्रदत्त, कुमार जतिन, युवराज सिंह, प्रत्युष प्रांजल, सत्यम तिवारी, प्रणव कुमार सिंह तथा यश कुमार। मैके पर स्कूल के प्राचार्य सी. एस. फ्रांसीस के अलावा धनबाद जिला ओलंपिक संघ के महासचिव रंजीत केशरी, संयुक्त सचिव तारक नाथ दास, कोषाध्यक्ष पवन कुमार बर्नवाल के अलावा स्कूल कॉर्डिनेटर डॉली प्रसाद आदि उपस्थित थे जिनके द्वारा विजेता तथा उप विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में रिया यादव तथा सौम्या सुमन का सराहनीय योगदान रहा। झारखंड ओलंपिक संघ के तत्वाधान में धनबाद जिला ओलंपिक संघ के इस ओलम्पिक डे सप्ताहव्यापी कार्यक्रम के तहत रोलर स्केटिंग की स्पर्धा कल दिनांक 26 जून को मोंटफोर्ट अकादमी, राजगंज में पूर्वाह्न 9 बजे से प्रारंभ होगा।

## भारतीय गोल्फर अदिति अशोक, दीक्षा डागर ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**




अंतरराष्ट्रीय गोल्फ महासंघ (आईजीएफ) द्वारा जारी योग्य महिलाओं की अंतिम सूची के अनुसार, भारतीय गोल्फ स्टार अदिति अशोक और दीक्षा डागर पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं। पिछले हफ़्ते केपीएमजी महिला पीजीए चैंपियनशिप के बाद अंतिम रूप से तैयार की गई आईजीएफ की ओलंपिक योग्यता सूची में 60 महिलाएँ शामिल हैं। ओडब्ल्यूजीआर में शीर्ष 15 खिलाड़ी ओलंपिक के लिए पात्र हैं, जिसमें एक देश से अधिकतम चार गोल्फर शामिल हो सकते हैं। अदिति दुनिया की 60वें नंबर की खिलाड़ी हैं और दीक्षा दुनिया की 167वें नंबर की खिलाड़ी हैं, लेकिन उन्होंने क्रमशः 24वें और 40वें नंबर की ओलंपिक रैंक के साथ कट बनाया है। दोनों महिलाएँ शुभंकर शर्मा और गगनजीत भुल्लर (पुरुष वर्ग) के साथ मिलकर चार सदस्यीय भारतीय टीम बनाती हैं पेरिस खेलों के लिए पुरुषों (1-4 अगस्त) और महिलाओं (7-10 अगस्त) की गोल्फ स्पर्धाएँ सेंट-क्वेंटिन-एन-यवेलिन्स में ले गोल्फ नेशनल में आयोजित की जाएंगी। अदिति के लिए यह ओलंपिक में तीसरी उपस्थिति होगी, जो किसी भारतीय के लिए सबसे अधिक है, दीक्षा दूसरी बार प्रतिस्पर्धा करेंगी। शर्मा और भुल्लर पहली बार ग्रीष्मकालीन खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। टोक्यो ओलंपिक में, अदिति चौथे स्थान पर रही थीं।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

## एलाइड ब्लेंडर्स का आईपीओ खुला निवेशक कल तक कर सकेंगे निवेश

**एजेंसी। मुंबई**




एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड (एबीडी) का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) मंगलवार को निवेशकों के लिए खुल गया। खुदरा निवेशक इस आईपीओ के लिए 27 जून तक बोली लगा सकते हैं। इस आईपीओ के जरिए कंपनी 1,500 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड ने आईपीओ का मूल्य दायरा (प्राइस बैंड) 267-281 रुपये तय किया है। ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की बनाने वाली कंपनी के आईपीओ में एक हजार करोड़ रुपये के ताजा शेयर और प्रवर्तकों द्वारा 500 करोड़ रुपये के शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल हैं। कंपनी ने सार्वजनिक निर्गम से पहले एंकर निवेशकों से 449 करोड़ रुपये जुटाए हैं। एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड को एबीडी के तौर पर जाना जाता है। ये भारतीय निर्मित विदेशी शराब कंपनी है, जिसका मुख्यालय मुंबई में स्थित है। कंपनी के पोर्टफोलिया में व्हिस्की, ब्रांडी, रम और वोदका के 16 ब्रांडों के प्रॉडक्ट शामिल हैं। इनमें ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की, स्टर्लिंग रिजर्व और ऑफिसर्स चॉइस ब्लू सहित अन्य प्रमुख ब्रांड शामिल हैं, जिसका दुनियाभर के 22 देशों में निर्यात होता है।

# केंद्र सरकार ने शुरू की 96,238 करोड़ रुपये के टेलीकॉम स्पेक्ट्रम की नीलामी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने मंगलवार को ऐलान किया कि टेलीकॉम सर्विसेज के लिए 96,238.45 करोड़ रुपये के स्पेक्ट्रम की नीलामी शुरू कर दी गई है।

संचार मंत्रालय द्वारा कहा गया कि इसमें अलग-अलग बैंड के 10,522.35 मेगाहर्ट्ज के स्पेक्ट्रम की नीलामी की जाएगी। इसका रिजर्व प्राइस 96,238.45 करोड़ रुपये रखा गया है।

इस नीलामी में 800 मेगाहर्ट्ज, 900 मेगाहर्ट्ज, 1800 मेगाहर्ट्ज, 2100 मेगाहर्ट्ज, 2300 मेगाहर्ट्ज, 2500 मेगाहर्ट्ज, 3300 मेगाहर्ट्ज और 26 गीगाहर्ट्ज बैंड के लिए बोलियां लगाई जाएंगी। ये नीलामी प्रक्रिया सुबह 10 बजे से शुरू हो गई है।



इस नीलामी प्रक्रिया में भारती एयरटेल, वोडाफोन आइडिया और रिलायंस जियो इन्फोकॉम भाग लेंगी। 1800 मेगाहर्ट्ज वाले बैंड का रिजर्व प्राइस 21,752.40 करोड़ रुपये रखा गया है। वहीं, 800 मेगाहर्ट्ज वाले बैंड का रिजर्व प्राइस 21,341.25 करोड़ रुपये रखा गया गया है।

मंत्रालय ने कहा कि यह सरकार की ओर से सभी नागरिकों को किफायती दर पर अच्छी गुणवत्ता की टेलीकॉम सर्विसेज उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। दूरसंचार विभाग की ओर से स्पेक्ट्रम की प्रक्रिया 8 मार्च को शुरू की गई थी। स्पेक्ट्रम 20 वर्ष की अवधि के लिए दिया जाएगा। बोली जीतने वाली कंपनियों को अगले 20 वर्षों में 20 किस्तों में इसका भुगतान करना होगा। हालांकि, इस दौरान कंपनियों को एनपीवी पर 8.65 प्रतिशत का ब्याज देना होगा।

मंत्रालय ने कहा कि इस नीलामी में खरीदे गए स्पेक्ट्रम को कंपनी न्यूनतम 10 वर्ष बाद सरेंडर कर सकती है।

साथ ही कोई स्पेक्ट्रम यूसेज चार्ज (एसयूसी) कंपनियों से नहीं लिया जाएगा।

## वित्त मंत्री ने व्यापार और सेवाओं के प्रतिनिधियों के साथ की बजट पूर्व बैठक




**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को यहां आम बजट 2024-25 की तैयारियों के मद्देनजर व्यापार और सेवाओं के प्रतिनिधियों के साथ बजट-पूर्व परामर्श बैठक की।

वित्त मंत्रालय ने एक्स पर कहा कि आगामी आम बजट 2024-25 के लिए व्यापार और सेवाओं के प्रतिनिधियों ने वित्त मंत्री सीतारमण को अपने सुझाव दिए। बजट पूर्व इस परामर्श बैठक में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव, व्यय विभाग के सचिव, आर्थिक मामलों के विभाग और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सचिव तथा केंद्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री सीतारमण ने आम चुनाव से पहले चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश किया था। चुनाव के बाद उन्हें फिर से वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने अब पूर्ण बजट पेश करने के पहले उसकी तैयारी शुरू कर दी है।

## 20 प्रतिशत राजस्व वृद्धि हासिल हो सकती है निजी रक्षा कंपनियों को

**एजेंसी। नई दिल्ली**

'आत्मनिर्भर भारत' योजना से मिली प्रेरणा और सरकार की तरफ से मिल रहे लगातार प्रोत्साहन की वजह से देश की शीर्ष 25 निजी एयरोस्पेस और रक्षा कंपनियों का राजस्व वित्त वर्ष में 20 प्रतिशत बढ़कर 13,500 करोड़ रुपये हो जाएगा। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में इस बात का दावा किया गया। क्रिसिल रेटिंग्स की रिपोर्ट के अनुसार ऑपरेटिंग मार्जिन में 50-60 आधार अंक की वृद्धि, लगातार राजस्व में हो रही वृद्धि, अर्थव्यवस्था का बेहतर होना और निश्चित लागत पर अच्छे मुनाफे की वजह से ऐसा होना संभव हो सकता है। सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रम भारतीय रक्षा उद्योग का अभी नेतृत्व कर रहे हैं, इसके बाद भी निजी कंपनियों का राजस्व हिस्सा बढ़ रहा है। इसके पीछे की वजह यह है कि अब निजी कंपनियों ने भी इस ओर ध्यान देना शुरू किया है।

## ग्लोबल बांड इंडेक्स में भारत के शामिल होने से इन तीन देशों पर होगा असर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय बॉन्ड को 28 जून को ग्लोबल बॉन्ड इंडेक्स में शामिल किया जाएगा। माना जा रहा है कि अगले 10 महीनों में इस इंडेक्स में भारतीय बॉन्ड का वेटेज 10 प्रतिशत पर पहुंच जाएगा। इससे तीन उभरते हुए बाजारों जैसे थाईलैंड, पोलैंड और चेक का वेटेज कम हो सकता है। यह जानकारी एचएसबीसी की ओर से जारी एक नोट में दी गई।

नोट में कहा गया कि जेपी मॉर्गन इमर्जिंग मार्केट बॉन्ड इंडेक्स (जीबीआई ईएम इंडेक्स) में अगले 10 महीनों में भारत का वेटेज 10 प्रतिशत होना है। ऐसे में इस इंडेक्स में मौजूद अन्य उभरते बाजारों के इंडेक्स का रीवेटेज होगा और थाईलैंड, पोलैंड और चेक के वेटेज में कमी देखने को मिल सकती है।

आगे कहा गया कि इंडेक्स में रीवेटेज का कोई खास असर नहीं होगा, क्योंकि यह 10 महीने के दौरान किया जाएगा। जेपी मॉर्गन की ओर से 21 सितंबर, 2023 को भारत के सरकारी बॉन्ड्स को ग्लोबल इंडेक्स में शामिल करने का ऐलान किया गया था। उस समय से लेकर अब तक भारतीय बॉन्ड्स में 10.4 अरब डॉलर का इनफ्लो आ चुका है, जबकि 2023 के पहले आठ महीने में यह 2.4 अरब डॉलर था। वहीं, 2021 और 2022 में एक-एक अरब डॉलर की निकासी हुई थी। इससे पहले आई एक रिपोर्ट में बताया गया था कि ग्लोबल बॉन्ड इंडेक्स में शामिल होने के दिन यानी 28 जून को भारतीय बॉन्ड में 16,500 करोड़ रुपये (2 अरब डॉलर) का निवेश आ सकता है।

### हटिया रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू, रेल यार्ड का होगा विस्तार

# नामकुम, टाटीसिलवे और पिस्का स्टेशन का हो रहा कायाकल्प

**उपेंद्र गुप्ता। रांची**

रांची रेलवे स्टेशन की तरह हटिया रेलवे स्टेशन का भी सौंदर्यीकरण करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। हटिया में भी रांची स्टेशन की तरह यात्रियों के लिए तमाम आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। इसके लिए रेलवे करीब साढे तीन सौ करोड़ खर्च कर रही है। अगले एक-दो साल में हटिया स्टेशन का पूरी तरह से कायाकल्प हो जाएगा। रांची की तरह रात में भी हटिया स्टेशन बिजली की रोशनी से जगमगाएगा। इसकी जानकारी रांची रेल मंडल के सीनियर डीसीएम निशांत कुमार ने दी। सीनियर डीसीएम ने बताया कि बिरसा चौक के पास 36 मीटर का लंबा एक रेल ओवर ब्रिज बनाया जा रहा है, जिसका कार्य आरंभ हो चुका है। यह दो लेन वाला ब्रिज होगा। इसे दो साल में पूरा कर लिया जाना है। ब्रिज बन जाने से हटिया स्टेशन आने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी, वहीं हटिया स्टेशन के रेल यार्ड को विस्तार मिलेगी। अधिक से अधिक ट्रेनों के रख-रखाव करने में सहूलियत होगी। निशांत कुमार ने बताया कि रांची रेल मंडल के 15 रेलवे स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकास करने का कार्य भी लगभग शुरू कर दिया गया है। रांची और हटिया स्टेशन पर यात्रियों के भीड़ को कम करने के लिए नामकुम, टाटीसिलवे और पिस्का रेलवे स्टेशन पर जहां कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव किया जा रहा है, वहीं इन तीनों स्टेशनों को विशेष रूप से यात्री सुविधा से लैस किया जा रहा है। इनके आलावा रांची रेल मंडल के झालदा,बानो,रामगढ़,मुरी जैसे कई रेलवे स्टेशनों का भी जीर्णोद्धार किया जा रहा है। इन स्टेशनों पर भी रेल यात्रियों को आधुनिक सुविधा दी जाएगी। जिसमें वेटिंग हॉल,पोर्टिको,फूट ओवर ब्रिज, लिफ्ट, पेयजल, लाइटिंग और कैटेरिंग की सुविधा मौजूद रहेगी। इन स्टेशनों पर स्टेशन भवन का भी पूरी तरह जीर्णोद्धार होगा।







### जल्द खुल जाएगा रांची स्टेशन का दक्षिण द्वार

सीनियर डीसीएम ने बताया कि रांची रेलवे स्टेशन के दक्षिण द्वार का कार्य अंतिम चरण में है। जल्द रेल यात्रियों से इसे शुरू कर दिया जाएगा। साथ ही रांची रेलवे स्टेशन के 6 न0 फ्लैटफॉर्म भी जल्द शुरू हो जाएगा। नेपाल हाउस की तरफ से आने वाले रेल यात्रियों को इसका फायदा मिलेगा। दोनों तरफ से यात्रियों के प्रवेश होने से गेमजोन,रिटायरिंग रूम केफेटेरिया,डेमोट्री जैसी सुविधा बढ़ाई जा रही है।

### 72 मीटर का बनेगा एयर कॉनकोर्स

**रांची रेलवे स्टेशन पर रेलवे एक नई तरह की आधुनिक सुविधा रेल यात्रियों को मुहैया कराने जा रहा है। नीचे ट्रेनें गुजरती रहेगी और प्लेटफॉर्म के उपर यात्रियों अपनी ट्रेन का इंतजार करने के लिए हवादार जैसा माहौल मिलेगा, जहां कई तरह की स्टॉल,आरामदायक कुर्सियां के साथ किड्स जोन होगा । यहां जाने के लिए ट्रैवलर, एस्केलेटर व लिफ्ट की सुविधा होगी। यह सभी फ्लेटफॉर्म से जुड़ा होगा। जिससे यात्रियों को ट्रेन पकड़ने में आसानी होगी।**



# चोर-चोर चिल्ला कर अपनी चोरी छिपाना चाहते हैं कांग्रेस नेता : बाबूलाल मरांडी

### कांग्रेस का है यह चरित्र, झूठ और फरेब को हर गांव, हर घर में पहुंचाएंगे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश भाजपा के द्वारा 25 जून मंगलवार को आपातकाल दिवस को काला दिवस के रूप में मनाया गया। भाजपा के नेता,कार्यकताओं ने काला बिल्ला लगाकर इसे मनाया। प्रदेश के सभी 27 सांगठनिक जिलों में गोष्ठी आयोजित कर वक्ताओं ने आपातकाल की चर्चा की तथा देश की नई पीढ़ी को इसे जानने और समझने का आहवान किया। भाजपा रांची महानगर द्वारा आयोजित संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आपातकाल पर विस्तार से प्रकाश डाला। बाद में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में महानगर कार्यालय,रातू रोड से दुर्गा मंदिर चौक तक काला बिल्ला लगाकर सांकेतिक मौन जुलूस निकाला गया। प्रदेश अध्यक्ष मरांडी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के डीएनए में ही तानाशाही और भ्रष्टाचार है। कांग्रेस का यही चरित्र आज भी है। झूठ फरेब, भ्रष्टाचार ,सदन में हंगामा, असंवैधानिक आचरण,संवैधानिक संस्थाओं की आलोचना करना कांग्रेस का चरित्र रहा है। ये लोग चोर चोर चिल्लाकर अपनी चोरी को छुपाना चाहते हैं। लेकिन भाजपा कांग्रेस के इस पाप को जनता के बीच ले जाएगी और गांव गांव टोले गलियों घरों लोगों को बताएंगे। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं और नेताओं से आह्वान किया कि जिस प्रकार से कांग्रेस पार्टी और इंडी एलायंस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ दुष्प्रचार किया,हम सभी संगठित होकर कांग्रेस के झूठ फरेब को उजागर करें। उन्होंने कहा कि आज लोकतंत्र बचाने,संविधान बचाने का ढोंग ,नाटक करने वालों ने ही भारत से लोकतंत्र को ही समाप्त करने की कोशिश की। 25 जून 1975को इंदिरा गांधी के द्वारा देश में लागू आपातकाल भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का एक काला अध्याय है। ये वही कांग्रेस है जिसने अपने हित में बार बार संविधान में संशोधन किए। तानाशाही रवैया ऐसा कि केवल आपातकाल ही नहीं लगाया बल्कि अपने शासन का दुरुपयोग करते हुए 100से ज्यादा बार चुनी हुई सरकारों को गिराकर राष्ट्रपति शासन लगाए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी संविधान की बात करते हैं। उन्हें अपनी मनमोहन सरकार के कैबिनेट के निर्णय को चौराहे पर फाड़ने की बात याद रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी के द्वारा इंदिरा गांधी ने जनता के साथ क्रूरता की पराकाष्ठा की। प्रेस तक की आजादी छीन ली। कांग्रेस के कुकृत्य के खिलाफ बोलने वालों को जेल में डाल दिया गया। लाखों लोगों पर झूठे मुकदमे लगाए गए। जबरन नसबंदी कराए गए।आपातकाल के दौरान मीसा कानून के तहत जेल जाने वाले रांची के विधायक सीपी सिंहने कहा कि आपातकाल के दिनों की आपबीती बताई एवं कांग्रेस की बर्बरता को बखान किया। उन्होंने कहा की जो लोग कभी संविधान को खतरे में डाल दिया था आज वही लोग संविधान लेकर आज घूम रहें है। उन्होंने ऐसे लोगों एवं पार्टियों से सावधान रहने की जरूरत बताई।



# हत्या के तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त सचिंद्र बिरुआ की कोर्ट ने चाकू मारकर हत्या करने के तीन दोषियों मो.साजिद, रमजान अंसारी और अजमत अंसारी को मंगलवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही इन सभी पर 30-30 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर सभी अभियुक्तों को एक- एक साल अतिरिक्त सजा काटनी होगी। मामले में अभियोजन पक्ष ने 12 गवाह पेश किए थे। यह हत्या की घटना अरगोड़ा थाना की है। इस संबंध में कांड संख्या 205/2019 दर्ज कराई गई थी। 21 फरवरी 2019 को हत्या की यह घटना हुई थी। घटना के दिन मामले की सूचक खुशबू हेमरोम और मानू मुंडा आपस में बातचीत कर रहे थे। तभी तीनों आरोपित मो साजिद, रमजान अंसारी, और अजमत अंसारी वहां पहुंचे और भद्दी मजाक करने लगे। मना करने पर वे नहीं माने और सभी गाली गौलज कर मारपीट करने लगे।

# भ्रष्टाचार के पाप से बचने के लिए श्रीराम को याद करने लगे झामुमो नेता : प्रतुल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के राम मंदिर पर दिए गए बयान पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने पलटवार किया है। प्रतुल ने कहा कि सितंबर 2007 में यूपीए की सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में एफिडेविट करके रामलला के अस्तित्व को नकारा था और रामायण को काल्पनिक ग्रंथ बताया था। यूपीए के कार्यकाल में लंबे समय तक प्रभु श्री राम टेंट में विराजमान रहे थे।प्रभु श्री राम के मंदिर के उद्घाटन समारोह के न्योता को जिस इंडी गठबंधन के लोगों ने ठुकराया हो, आज उन्हें प्रभु श्री राम याद आ रहे हैं।प्रभु श्री राम उनके लिए आज तक कभी आस्था के प्रतीक नहीं रहे। प्रतुल ने कहा राम मंदिर में जल रिसाव की बात चार दिन पुरानी है। झामुमो को ये आज ज्ञान हुआ।राम मंदिर निर्माण समिति के आधिकारिक प्रवक्ता ने बयान देकर स्पष्ट किया कि नाली में अवरोध की समस्या के कारण आने का जमाव हो गया था, जिसे 3 घंटे के भीतर ठीक कर लिया गया। प्रतुल ने कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा बिना तथ्यों की तहकीकात किए हुए अनर्गल बयान बाजी कर रही है। प्रतुल ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा को बताना चाहिए कि उनके दल से जुड़े एक पूर्व मुख्यमंत्री ने मोरहाबादी में रावण दहन कार्यक्रम में जाने से क्यों इंकार कर दिया था? क्या उस कार्यक्रम में नहीं जाना प्रभु श्री राम का अपमान नहीं था?उन्होंने ऐसा कर के 140 करोड़ देशवासियों की भावनाओं को आहत किया था। प्रतुल ने कहा ये लोग सुविधा की राजनीति करते हैं। कभी उनके लिए रावण श्रेष्ठ हो जाता है ,तो कभी मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम याद आ जाते हैं। प्रतुल ने कहा दरसल इस सरकार ने बालू घोटाला, कोयला घोटाला, पत्थर घोटाला, जमीन घोटाला, ट्रांसफर पोस्टिंग घोटाला, नौकरी घोटाला जैसे बड़े महा घोटाले किए हैं। इनका पाप का घड़ा भर गया है।अब ये प्रभु श्रीराम की शरण में जो जाने का नाटक कर रहे हैं, यह सिर्फ अपने भ्रष्टाचार से ध्यान हटाने की कवायद है। लेकिन उनके पाप इतने हो गए हैं कि शायद प्रभु श्री राम भी माफ ना करें। कार सेवा का संकल्प लेने की बात करने से पहले अच्छा होता झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता पहले एक बार प्रभु श्री राम का दर्शन तो कर लेते।



# राम मंदिर गर्भ गृह से पानी टपकना भाजपा का भ्रष्टाचार सामने आया : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने अयोध्या में हाल ही में नवनिर्मित भगवान श्रीराम मंदिर में बरसात से पहले पानी टपकने की खबर पर पीएम मोदी पर निशाना साधा है। झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा ने ईश्वर को भी नहीं छोड़ा। इनके लिए भ्रष्टाचार ईश्वर से भी अधिक प्राथमिकता वाली चीज है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग राम के नाम पर वोट मांगते हैं लेकिन राम मंदिर के निर्माण के भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है। झामुमो नेता मंगलवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे।

झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि राम मंदिर के महंत सत्येंद्र दास ने खुलासा किया है कि मंदिर की छत से पानी टपक रहा है और गर्भगृह से इसके निकासी की जगह नहीं है। उन्होंने याद दिलाया कि शंकराचार्य पहले ही अर्धनिर्मित मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा करने पर सवाल खड़े कर चुके थे । मंदिर में पानी टपकने के साथ ही नवनिर्मित रामपथ भी पहली बारिश में ढह गया। वो रेलवे स्टेशन जहां बड़ी संख्या में रामभक्त यात्री जाते हैं, उसकी चहारदीवारी भी गिर गयी। ये भारतीय जनता पार्टी के भ्रष्टाचार का नायाब उदाहरण है। सुप्रियो ने कहा कि भगवान श्रीराम का तीर-धनुष हमारे पास है। हम रामलला को बारिश में भींगते नहीं देख सकते हैं। उन्होंने कहा कि पहली ही बारिश में अयोध्या में बने राम मंदिर की छत से पानी टपकना शुरू हो गया। जमीन खरीद मामले में लूट हुई। ये सभी बातें भी जनता के सामने आयीं हैं। लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ किया गया। साथ ही कहा कि जब मानसून आयेगा तो क्या स्थिति होगी, इसकी कल्पना सब लोग कर सकते हैं। सुप्रियो ने कहा कि भाजपा के लोग भ्रष्टाचार पर बहुत भाषण देते हैं लेकिन अभी तक भाजपा के एक भी नेता ने ये स्वीकार नहीं किया कि राम मंदिर का निर्माण घटिया तरीके से हुआ है। इसमें पैसे खाये गये। गुजरात लॉबी ने वहां काम किया। उन्होंने कहा कि बाकी निर्माण का भी यही हाल है। अयोध्या-फैजाबाद के लोगों ने इस संदेश को चुनाव के दौरान पहले ही बता दिया था।



# भाजपा का आपातकाल पर काला दिवस मनाना राजनीतिक नौटंकी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने भाजपा द्वारा राज्य भर में 50 साल पहले के आपातकाल पर काला दिवस मनाये जाने पर तंज कसा है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि आरएसएस के तत्कालीन प्रमुख बालासाहेब देवरस ने आपातकाल का समर्थन किया था और सिर्फ राजनीति नौटंकी के लिए भाजपा आपातकाल पर काला दिवस मना रही है, अगर सही में विरोध करना है तो आरएसएस की खिलाफत करें कि क्यों संघ ने आपातकाल का समर्थन किया। अपने दस सालों के शासनकाल में पूरे देश में भाजपा ने अघोषित आपातकाल लागू करके रखा है। इसके तहत सरकारें गिराई गई, चुनी सरकारें को गिराने के लिए ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग किया गया, विपक्षी नेताओं को जेल भेजा गया। भाजपा के इस अपातकाल को जनता ने इस लोकसभा के चुनावों में अंत कर दिया। उन्होंने कहा कि दस सालों से किसान एमएसपी को लेकर सड़को पर हैं, देश की संपतियां पूंजीपतियों के हाथों गिरवी है, महंगाई चरम पर है, नीट और नेट जैसे परीक्षा भ्रष्टाचार की बली चढ़ गई, छात्रों का भविष्य निलाम कर दिया गया, महिलायें न्याय की आस में है, रोजगार समाप्त है। 18 लाख छोटे उद्योग बंद हो चुके हैं जिसके कारण एक बड़ा तपका बेरोजगार हो चुका है और भारतीय जनता पार्टी 50 साल पहले के आपातकाल के मुद्दे पर राजनीतिक नौटंकी कर रही है।



### माओवादियों को मदद करने के आरोपी प्रभु साहू को मिली जमानत

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने माओवादियों की मदद करने के आरोपित प्रभु प्रसाद साहू को मंगलवार को जमानत दे दी। प्रभु प्रसाद साहू पर नक्सली संगठन सीपीआई (माओवादी) के सदस्यों के आने-जाने और रुकने आदि का बंदोबस्त करने का आरोप है। इसके अलावा व्यवसाईयों एवं माओवादियों के बीच मध्यस्थता कायम रखने में भूमिका निभाने का भी उसपर आरोप है। मामले को लेकर चुटिया थाना में कांड संख्या 180/2017 दर्ज की गई थी।

# हेमंत सोरेन से कल्पना सोरेन और गुलाम अहमद ने जेल में की मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में गांडेय विधायक सह उनकी पत्नी कल्पना सोरेन और कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने मंगलवार को मुलाकात की। हालांकि, दोनों की हेमंत सोरेन से क्या बातचीत हुई, इसका पता नहीं चल पाया है। सूत्रों ने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्री आलगमीर आलम ने पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके बाद एक मंत्री का पद खाली हुआ है। विधायक दल के नेता का पद भी खाली है। ऐसे में नये मंत्री को लेकर भी बातचीत हुई। दूसरी ओर, बताया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के बाद की परिस्थितियों पर चर्चा के लिए कल्पना और गुलाम ने हेमंत सोरेन से जेल में मुलाकात की। इससे पहले इसी महीने मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने होटवार जेल में हेमंत सोरेन से मुलाकात की थी।



# पुलिस टॉर्चर के शिकार ग्रामीण को पांच लाख मुआवजा मिले : हाई कोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट ने लातेहार के अनिल कुमार सिंह को नक्सली के संदेह में गारू थाने के तत्कालीन प्रभारी रंजीत कुमार यादव द्वारा घर से उठाकर उसे थाना में टॉर्चर करने के मामले की सीआईडी जांच को लेकर दाखिल क्रिमिनल रिट पर मंगलवार को फैसला सुनाया। कोर्ट ने अनिल कुमार सिंह को पांच लाख रुपये मुआवजा देने का निर्देश राज्य सरकार को दिया है। साथ ही मुआवजा की राशि दोषी अधिकारी से वसूलने का निर्देश दिया है। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने राज्य के डीजीपी को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने उनसे पूछा था कि इस मामले में दोषी के खिलाफ क्यों नहीं उचित कार्रवाई की गई। वहीं, याचिकाकर्ता के अधिवक्ता शैलेश कुमार पोद्दार ने कोर्ट को बताया था कि अनिल कुमार सिंह को गारू थाने के तत्कालीन प्रभारी रंजीत कुमार यादव ने उसके घर से उठाकर दो दिनों तक उसे थाने में रखा था और उसे काफी टॉर्चर किया था। मारपीट करने के साथ उसके पिछले प्राइवेट पार्ट में पेट्रोल भी डाला गया था। इस संबंध में अनिल कुमार ने थाने में प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया था।

# सितंबर में आयोजित तीन दिवसीय सांसद खेल महोत्सव में शामिल होंगे केंद्रीय खेल मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मंगलवार को दिल्ली में भारत सरकार के केंद्रीय श्रम एवं रोजगार एवं युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडवीया से मुलाकात कर आगामी 20,21,22,सितंबर को रांची में आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव के उद्घाटन सत्र में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणा से रांची में भव्य सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया था। जिसमें रांची लोकसभा के अंतर्गत 6 विधानसभा के लगभग 10 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने इसमें भाग लिया था। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की एक सोच गांव में छिपी प्रतिभा जिसे अवसर नहीं मिल पाता है, जो पैसे के अभाव में या फिर खेल सुविधा नहीं होने के कारण अपनी प्रतिभा को सामने नहीं रख पाते हैं, वैसे खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को दिखाने का अवसर प्रदान करने का प्रयास है। ताकि ये बच्चे अपने प्रतिभा को साबित कर अपने राज्य और देश का प्रतिनिधित्व कर सकें। क्योंकि यह अवसर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को नहीं मिल पाता है। सांसद खेल महोत्सव का आयोजन झारखंड ओलंपिक संघ के देखरेख में आयोजित की जाती है, जहां देश के प्रतिष्ठित कोच उपलब्ध रहते हैं जो प्रतिभाशाली बच्चों के प्रतिभा को चयन कर उन्हें राज्य और देश के लिए खेलने को तैयार करते हैं । केंद्रीय मंत्री के इस पहल पर पिछली बार सैकड़ों बच्चों की प्रतिभा सामने आई थी, आज वे बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं। आगामी ओलंपिक में झारखंड के खिलाड़ी का चयन हो वह खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करें। इसी सोच के साथ 2024 में भी सांसद खेल महोत्सव का आयोजन आगामी 20,21,22,सितंबर को रांची में आयोजित की जा रही है । जिसमें एथलेटिक्स, बुशु, फेर्निशिंग, रेसलिंग, कबड्डी, महिला हॉकी, महिला क्रिकेट, योगा, तीरंदाजी, मलखव, वॉलीबॉल, ताइक्वांडो, महिला फुटबॉल, सहित दर्जन भर से अधिक खेलों को शामिल किया गया है।




### पृष्ठ एक का शेष

**ओम बिरला का लोकसभा...**

स्पीकर थे, जबकि के. सुरेश आठ बार के सांसद रह चुके हैं। केवल स्पीकर पद को लेकर ही नहीं इससे पहले प्रोटेम स्पीकर के पद को लेकर भी सरकार और विपक्ष के बीच विवाद हुआ था। जब सरकार ने भर्तृहरि महताब को प्रोटेम स्पीकर बना दिया था। विपक्ष का आरोप था कि सरकार ने के. सुरेश की वरिष्ठता को नजरअंदाज किया है। इसी के साथ देश में लंबे समय से चली आ रही परंपरा टूट गई। दरअसल, पहले लोकसभा सत्र को छोड़ दें तो अब तक निचले सदन में अध्यक्ष सर्वसम्मति से ही चुना जाता रहा है। पिछली बार भी ऐसा ही हुआ था। हालांकि, इस बार दोनों ओर से उम्मीदवारों के नामांकन के साथ ही सर्वसम्मति से इस पद पर होने वाली निर्वाचन की बीते 16 लोकसभा से जारी परंपरा टूट जाएगी। मालूम हो कि 15 मई 1952 को पहली लोकसभा के अध्यक्ष का चुनाव हुआ था। इस चुनाव में सत्ता पक्ष के जीवी मावलंकर उम्मीदवार थे। उनका मुकाबला शंकर शांताराम मोरे से हुआ था। मावलंकर के पक्ष में 394 वोट, जबकि 55 वोट उनके खिलाफ पड़े थे। इस तरह मावलंकर आजादी से पहले देश के पहले लोकसभा स्पीकर बने थे।


**कांग्रेस ने अपने सभी सांसदों के लिए जारी किया व्हिप : नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा को बुधवार को अपना नया अध्यक्ष मिलेगा। ऐसे में कांग्रेस पार्टी ने अपने सभी सांसदों के लिए व्हिप जारी किया है। कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी तीन लाइन का व्हिप लोकसभा के सभी सांसदों पर लागू होगा। इस व्हिप के मुताबिक कांग्रेस पार्टी के सभी लोकसभा सांसदों को बुधवार को सदन में मौजूद रहना होगा। सदन की कार्यवाही स्थगित होने तक सांसदों की मौजूदगी अनिवार्य होगी। कांग्रेस सांसद और पार्टी के चीफ व्हिप कोडिकुन्निल सुरेश द्वारा यह व्हिप जारी किया गया है। गौरतलब है कि कोडिकुन्निल सुरेश लोकसभा में विपक्ष की ओर से अध्यक्ष के पद के उम्मीदवार भी बनाए गए हैं। वहीं, ओम बिरला सत्ता पक्ष की ओर से अध्यक्ष पद के उम्मीदवार हैं।

**एसीबी ने रातु थाना के...**

लाख रुपये रिश्वत मांग रहा था। बबीती देवी एक लाख देने में अपने को असमर्थ बतायी तब 70 हजार रुपये में बात बनी, जिसमें पहला किस्त 35 हजार रुपये का था। थक हार कर बबीता देवी ने एसीबी में शिकायत की। एक सप्ताह की जांच में एसीबी ने सत्येंद्र सिंह द्वारा रिश्वत मांगने की पुष्टि कर ली। जिसके बाद आज एसआई को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

**एनटीए के कहने पर ओएसिस स्कूल...**

ओएसिस स्कूल में ऐसा नहीं हुआ। जब स्कूल के प्रिंसिपल और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा नियुक्त हजारीबाग जिला कोऑर्डिनेटर एहसानुल हक ने एनटीए को फोन करके पूछा कि लॉक नहीं खुल रहा है, अब क्या करना है? तो उन्हें बताया गया कि कटर से डिजिटल लॉक को काट दें। हक ने बताया कि उन्होंने ओएसिस स्कूल सहित पांच परीक्षा केंद्रों के अधीक्षकों और पर्यवेक्षकों को यह बात बताई, जहां डिजिटल लॉक नहीं खुला था। ओएसिस स्कूल के केंद्र अधीक्षक इम्तियाज आलम और एनटीए के पर्यवेक्षक विश्व रंजन ने भी इस बात को दोहराया। रंजन ने कहा, पिछली नीट यूजी परीक्षाओं में भी डिजिटल लॉक का इस्तेमाल किया गया था, और एक बीप बजती थी जो बताती थी कि बॉक्स खुल गए हैं। इस साल हमें आश्चर्य हुआ जब वे अनलॉक नहीं हुए। हमने अपने सिटी कोऑर्डिनेटर एहसानुल हक को सूचित किया, उन्होंने एनटीए से संपर्क किया और हमें बताया गया कि हमें इसे कटर से काटना चाहिए। एनटीए अधिकारी ने बताया कि ऐसा हो सकता है कि लॉक खराब हो जाएं इसीलिए कटर से बॉक्स को खोलने की अनुमति दी गई है। इसका यह मतलब नहीं है कि बॉक्स के साथ छेड़छाड़ की गई है। बिहार सरकार की आर्थिक अपराध इकाई ने हजारीबाग पहुंच कर बिहार में लीक हुए प्रश्नपत्र के जले हुए अवशेषों पर पाया गया सीरियल कोड हजारीबाग के ओएसिस स्कूल परीक्षा केंद्र से मेल खाते हैं। जिसके बाद ईओयू के अधिकारी अपने साथ दो प्रश्नपत्र वाले एल्युमिनियम के बक्से अपने साथ ले गए। कुल मिलाकर एनटीए पूरी तरह से इस भ्रष्टाचार में घिर गया है।




# आपातकाल की वर्षगांठ पर वार-प्रतिवार

आपातकाल भारतीय लोकतंत्र पर एक काला धब्बा है। इस दौरान न सिर्फ नेताओं को जेल में बंद कर दिया गया। सभी सभी नागरिक अधिकार स्थगित कर दिए गए। न्यायपालिका, पत्रकारिता और कला जगत पर भी हमला किया गया। कमिटेड जूडिशियरी के साथ कमिटेड प्रेस का दबाव शीर्ष राजनीतिक स्तर पर बनाया गया।


## आपातकाल पर कांग्रेस को मनोज कुमार की फिल्म 'शोर' की याद क्यों दिला रही बीजेपी

### भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस की दुखती रग पर फेरा हाथ

**1972** में रिलीज हुई शोर हिंदी सिनेमा की सुपरहिट फिल्म रही है। शोर फिल्म के राइटर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर मनोज कुमार ही थे। मनोज कुमार की इस फिल्म के गाने काफी पॉपुलर हुए। बताया जाता है कि इस फिल्म की को दोबारा रिलीज करने की योजना बनाई गई थी। लेकिन इससे पहले मनोज कुमार ने इमरजेंसी का विरोध कर संजय गांधी और तत्कालीन प्रसारण मंत्री विद्याचरण शुक्ल को खफा कर दिया था। जिसका नतीजा ये हुआ कि जब फिल्म बड़े पर्दे पर रिलीज जरूर हुई लेकिन इसे देखने कोई नहीं पहुंचा।


**पीएम मोदी ने इमरजेंसी को बताया काला धब्बा** : पीएम मोदी ने इंदिरा गांधी सरकार द्वारा लगाई गई इमरजेंसी का जिक्र करते हुए एक्स पर लिखा कि आज का दिन उन सभी महान पुरुषों और महिलाओं को श्रद्धांजलि देने का दिन है जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया। **Dark Days Of Emergency** हमें याद दिलाता है कि कैसे कांग्रेस पार्टी ने बुनियादी स्वतंत्रताओं को नष्ट किया और भारत के संविधान को रौंद दिया, जिसका हर भारतीय बहुत सम्मान करता है। इससे पहले पीएम मोदी ने कल ही अपने संबोधन में कहा था कि 25 जून जो लोग इस देश के संविधान की गरिमा के प्रति समर्पित हैं, जो लोग भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं पर निष्ठा रखते हैं, उनके लिए 25 जून न भूलने वाला दिवस है। भारत के लोकतंत्र पर जो काला धब्बा लगा था, कल उसके 50 साल हो रहे हैं। भारत की नई पीढ़ी इस बात को कभी नहीं भूलेगी कि भारत के संविधान को पूरी तरह नकार दिया गया था। इस दिन संविधान के चिथड़े-चिथड़े उड़ा दिये गये थे। देश को जेलखाना बना दिया गया था। लोकतंत्र को भी पूरी तरह दबोच दिया गया था। इमरजेंसी के ये 50 साल इस संकल्प के हैं कि हम गौरव के साथ हमारे संविधान की रक्षा करते हुए भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा करते हुए संकल्प लेंगे कि भारत में फिर कभी कोई ऐसी हिम्मत नहीं करेगा जो 50 साल पहले की गई थी। देश में लोकतंत्र की हत्या और उस पर बार-बार आघात करने का कांग्रेस का लंबा इतिहास रहा है। साल 1975 में आज के ही दिन कांग्रेस के द्वारा लगाया गया आपातकाल इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।अहंकार में डूबी, निरंकुश कांग्रेस सरकार ने एक परिवार के सत्ता सुख के लिए 21 महीनों तक देश में सभी प्रकार के नागरिक अधिकार निलंबित कर दिए थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया पर सेंसरशिप लगा दी थी, संविधान में बदलाव किए और न्यायालय तक के हाथ बाँध दिए थे। आपातकाल के खिलाफ संसद से सड़क तक आंदोलन करने वाले असंख्य सत्याग्रहियों, समाजसेवियों, श्रमिकों, किसानों, युवाओं व महिलाओं के संघर्ष को नमन करता हूँ।






*बीजेपी आपातकाल पर कांग्रेस को मनोज कुमार की फिल्म 'शोर' की याद दिला रही है। इसी को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री ने भी एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया है।*

### गृह मंत्री ने इमरजेंसी की बरसी पर क्या कहा



गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा कि देश में लोकतंत्र की हत्या और उस पर बार-बार आघात करने का कांग्रेस का लंबा इतिहास रहा है। साल 1975 में आज के ही दिन कांग्रेस के द्वारा लगाया गया इमरजेंसी इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। अहंकार में डूबी, निरंकुश कांग्रेस सरकार ने एक परिवार के सत्ता सुख के लिए 21 महीनों तक देश में सभी प्रकार के नागरिक अधिकार निलंबित कर दिए थे।

इस दौरान उन्होंने मीडिया पर सेंसरशिप लगा दी थी, संविधान में बदलाव किए और न्यायालय तक के भी बांध दिए थे। इमरजेंसी के खिलाफ संसद से सड़क तक आंदोलन करने वाले असंख्य सत्याग्रहियों, समाजसेवियों, श्रमिकों, किसानों, युवाओं व महिलाओं के संघर्ष को नमन करता हूं।



*आज का दिन उन सभी महान महिला व पुरुषों को श्रद्धांजलि देने का है जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया। यह काला दिन हमें याद दिलाता है कि कैसे कांग्रेस ने तमाम मौलिक स्वतंत्रता का हनन कर उस संविधान को कुचला जिसे हर भारतीय बेहद प्यार करता है।*

***अश्विनी वैष्णव**- रेलवे व सूचना प्रसारण मंत्री-भारत सरकार*

## लोकतंत्र व संवैधानिक सिद्धांतो को कुचला : किरेन रिजिजू



केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर लिखा कि आज ही के दिन 1975 में कांग्रेस ने आपातकाल घोषित करके देश के लोकतंत्र व भारत के संवैधानिक सिद्धांतो को कुचला था। लोकतांत्रिक इतिहास में यह काला अध्याय कांग्रेस और उनके नेताओं की क्रूर व तानाशाही मानसिकता का प्रमाण है। देश के लोकतंत्र पर कांग्रेस का यह कुठाराघात ऐसा कलंक है जिसको भविष्य में आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी इसे कभी मिटाया नहीं जा सकता। लोकतंत्र के खिलाफ भयावह षडयन्त्र रचने वाली कांग्रेस आज भी भ्रम फैला रही है और लोकतंत्र के संवैधानिक ढांचे पर प्रहार कर रही है। कांग्रेस की इस मानसिकता से देश हर नागरिक परिचित है।

## निर्मला सीतारमण ने इमरजेंसी के बुरे दौर को याद किया



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इमरजेंसी के दौर को याद करते हुए एक्स पर लिखा, "विपक्षी नेता जेपी, लालकृष्ण आडवाणी, अटल बिहारी वाजपेयी और मोरारजी देसाई और कार्यकर्ताओं को सलाखों के पीछे डाल दिया गय। यह दौर। जबरन सामूहिक नसबंदी, प्रेस पर सेंसरशिप, संवैधानिक अधिकारों के निलंबन जैसी ज्यादतियों के लिए जाना जाता है।

## आपातकाल की घटनाओं को पाठ्यक्रम में शामिल करने की जरूरत : वैंकेया नायडू

आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर मंगलवार को कांस्टीट्यूशनल क्लब में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने आपातकाल के दौरान तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा उनके साथ हुए प्रताड़ना से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि "इंदिरा गांधी की सरकार द्वारा आपातकाल ने देश के लोकतंत्र पर कलंक लगाया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व उपराष्ट्रपति नायडू ने कहा कि सभी छात्रों के लिए पाठ्य पुस्तकों में एक पाठ होना चाहिए कि आपातकाल क्या था और इसे कैसे लगाया गया था?...छात्रों को आपातकाल के बारे में जानना चाहिए"। यह कार्यक्रम पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे के नेतृत्व में हुआ। इसमें आपातकाल के दौरान तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा यातना के शिकार बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और दिल्ली आदि राज्यों के बड़ी संख्या में लोकतंत्र सेनानी वहां पहुंचे थे। आपातकाल को जयप्रकाश नारायण आंदोलन के नाम से भी जाना जाता है। आजादी के बाद इसे लोकतंत्र की दूसरी आजादी का भी नाम दिया गया है। फिल्म अभिनेत्री एवं सांसद कंगना रनौत ने कहा कि आपातकाल लोकतंत्र का काला अध्याय है। इसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उस समय रक्षक ही भक्षक बन गए थे। कंगना ने अपनी फिल्म इमरजेंसी के बारे में भी सभी को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि यह फिल्म कांग्रेस की काली करतूत से अवगत कराएगी। उन्होंने 6 सितंबर को इस फिल्म की रिलीज की भी घोषणा की। पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने कहा कि आपातकाल लगाकर इंदिरा की सरकार ने भारत के संविधान का गला घोंट दिया था। आज उनके परिवार और उनके पार्टी के लोग संविधान दिखाकर झूठ फैलाने का कार्य कर रहे हैं। कांग्रेस ने जो लोकतंत्र के साथ विश्वासघात किया, उसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आए लोकतंत्र सेनानियों को पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने सम्मानित किया। सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया कि राष्ट्रीय स्तर पर सभी लोकतंत्र सेनानियों को पेंशन की सुविधा दी जाए। उन्हें उचित सम्मान मिले। कार्यक्रम को लोकतंत्र सेनानी संगठन के अध्यक्ष कैलाश सोनी ने भी संबोधित किया। उन्होंने आपातकाल के समय की स्थिति से सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे, पूर्व मंत्री बिहार सरकार विक्रम कुंवर, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजय पासवान, कुमार अनुपम, डॉ मनोज मिश्रा आदि ने संबोधित किया।



### आपातकाल पर भाजपा के प्रहार से भड़के खरगे

## भाजपा के कार्यकाल की तुलना अघोषित आपातकाल से की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के कार्यकाल के दौरान आपातकाल लागू किए जाने के आज (25 जून) के दिन को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं द्वारा काला दिवस मनाए जाने से कांग्रेस के नेता दबाव में दिखे। भाजपा नेताओं की बार-बार काला दिवस पर प्रतिक्रिया आने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भड़क उठे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी सर्वसम्मति और सहयोग की बात करते हैं, पर उनकी प्रतिक्रिया इसके ठीक विपरीत है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पलटवार करते हुए भाजपा के एक दशक के कार्यकाल की तुलना अघोषित आपातकाल से कर डाली। उन्होंने मंगलवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि जबकि देश भविष्य की ओर देख रहा है वहीं भाजपा अपनी कमियां छिपाने के लिए अतीत को ही कुरेद रही है। उन्होंने यह भी कहा कि लोकतंत्र और संविधान की दुर्दशा भाजपा ने की है, कांग्रेस ने हमेशा लोकतंत्र और संविधान का साथ दिया है और हम देते रहेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा से सवाल करते हुए पूछा है कि पिछले 10 वर्षों में 140 करोड़ भारतीयों को भाजपा की सरकार ने अघोषित आपातकाल का आभास करवाया। भाजपा ने लोकतंत्र और संविधान को गहरा आघात पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि पार्टियों को तोड़ना, चोर दरवाजे से चुनी हुई सरकारों को गिराना, 95 फीसदी विपक्षी नेताओं पर ईडी, सीबीआई और आईटी का दुरुपयोग कर मुख्यमंत्रियों तक को जेल में डालना और चुनाव के पहले सत्ता का इस्तेमाल करना क्या ये अघोषित आपातकाल नहीं है।



कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने यह भी पूछा कि जब 146 विपक्षी सांसदों को संसद से सस्पेंड कर के देश के नागरिकों पर आपराधिक न्याय प्रणाली को बदलने के लिए 3 कानून (भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023, भारतीय न्याय संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023) पारित किये गए, तब ये सर्वसम्मति और सहयोग शब्द कहां था। उन्होंने यह भी पूछा है कि जब संसद के प्रांगण से छत्रपति शिवाजी महाराज जी, महात्मा गांधी जी और बाबा साहब डॉ. आम्बेडकर जी जैसी महान विभूतियों की प्रतिमाओं को बिना विपक्ष से पूछे एक कोने में स्थानांतरित कर दिया गया, तब ये शब्द कहां था। कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी पूछा है कि देश के 15 करोड़ किसान परिवारों पर तीन काले कानून थोपे गए और उनको अपने ही देश में महीनों सड़कों पर बैठने पर विवश किया गया। उन पर अत्याचार किया गया, तब ये सर्वसम्मति और सहयोग जैसै शब्द कहां थे। उन्होंने कहा कि आनन-फानन में नोटबंदी लागू की गयी। कोरोना संक्रमण के दौरान लॉकडाउन किया गया। चुनावी बांड का कानून जैसे ऐसे कई उदहारण हैं, जिस पर मोदी सरकार ने सर्वसम्मति और सहयोग का प्रयोग बिलकुल नहीं किया। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने विपक्ष को ही नहीं अपने ही नेताओं को अंधेरे में रखा। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि 17वीं लोकसभा में इतिहास में सबसे कम केवल 16 फीसदी विधेयक संसदीय स्थायी समिति के समक्ष गए जबकि लोकसभा में 35 प्रतिशत विधेयक एक घंटे से कम समय में पारित हुए। राज्यसभा में भी ये आंकड़ा 34 फीसदी है।

## एनसीपी (एसपी) ने देश में कई आपात स्थितियां होने का आरोप लगाया



**मुंबई।** शरद पवार नीत एनसीपी ने मंगलवार को कहा कि देश में इस समय कई आपात स्थितियां हैं और भाजपा को अतीत में उलझने से पहले उनका जवाब देना चाहिए। एनीसीपी (एसपी) के प्रवक्ता क्लाइड क्रैस्टो ने मणिपुर हिंसा और नीट यूजी का प्रश्न पत्र कथित रूप से लीक होने को लेकर भाजपा पर 'एक्स के जरिये निशाना साधा। उन्होंने कहा, भाजपा मणिपुर की आपातस्थिति पर कब बात करेगी, जहां लोग एक साल से अधिक समय से पीड़ा झेल रहे हैं। भाजपा हमारी शिक्षा प्रणाली की आपातस्थिति और नीट का प्रश्न पत्र लीक होने से रोकने में अपनी विफलता पर कब बात करेगी। क्रैस्टो ने कहा, भाजपा भारत में कृषि के मोर्चे पर आपातस्थिति के बारे में कब बात करेगी। भाजपा रोजगार क्षेत्र की आपातस्थिति पर कब बात करेगी। भारत में बेरोजगारी दर पिछले 45 साल में सबसे अधिक है। उन्होंने कहा, वर्तमान में हमारे देश में ऐसी कई आपात स्थितियां हैं और भाजपा को अतीत में उलझने से पहले उनका जवाब देना चाहिए।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# दिल्ली के न्यू अशोक नगर इलाके में भारी जल संकट, बूंद-बूंद के लिए तरस रहे लोग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पानी की भारी किल्लत से लोग जूझ रहे हैं। तपती गर्मी में बूंद-बूंद पानी के लिए लोगों को तरसना पड़ रहा है। राजधानी के न्यू अशोक नगर इलाके में भी जल संकट गहरा गया है। पानी की किल्लत से रोजमर्रा के कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। इलाके के लोगों का कहना है कि सरकारी पाइपलाइन में पानी सिर्फ आधे घंटे के लिए आता है, जिसकी वजह से वो पानी नहीं भर पाते हैं। खासकर घर का कामकाज करने वाली महिलाओं को पानी की कमी से ज्यादा परेशानी हो रही है। उन्हें सरकारी टैंकर से पानी भरने के लिए लंबी लाइन में घंटो खड़ा रहना पड़ता है।

स्थानीय महिला के अनुसार दिन में दो बार सुबह और शाम सरकारी टैंकर इलाके में आता है। पानी के लिए उन्हें सरकारी टैंकर पर निर्भर रहना पड़ता है, लेकिन उससे भी जल की आपूर्ति नहीं हो पाती।

न्यू अशोक नगर इलाके के लोगों ने बताया कि हर साल गर्मी में पानी की किल्लत का सामना करना पड़ता है।



सरकार इस समस्या का कोई हल नहीं निकाल पा रही है।

स्थानीय निवासी रमेश परिहार ने कहा कि पानी की समस्या की शिकायत पर ना तो नेता कुछ करते हैं और ना ही अधिकारी। हर बार उन्हें सिर्फ आश्वासन देकर वापस भेज दिया जाता है।

वहीं जल संकट को लेकर सियासत भी जमकर हो रही है। इसे लेकर आम आदमी पार्टी और भाजपा एक दूसरे को जिम्मेदार बता रहे हैं। आप नेता और जल मंत्री आतिशी अनशन पर बैठीं, 'पानी सत्याग्रह' किया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। आतिशी ने जल संकट का पूरा ठीकरा हरियाणा सरकार पर फोड़ा।

उन्होंने दावा किया है कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने 513 मिलियन गैलन पानी प्रतिदिन कर दिया है, जिससे राजधानी के 28 लाख से अधिक लोगों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। वहीं हरियाणा सरकार ने आतिशी के इस दावे को खारिज किया है।

## जल संकट के बीच 1100 पेड़ काटने पर विवाद, दिल्ली के एलजी पर 'आप' का आरोप

दिल्ली में जल संकट के बाद अब रिज एरिया में पेड़ काटने का विवाद बढ़ रहा है। आम आदमी पार्टी इसे लेकर दिल्ली के एलजी पर हमलावर हो गई है। एलजी विनय कुमार सक्सेना पर आप नेता सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि उन्होंने दिल्ली में गैरकानूनी ढंग से 1100 पेड़ कटवा डाले हैं। उन्होंने बताया है कि डीडीए जब सुप्रीम कोर्ट पहुंचा और उसने पेड़ काटने की परमिशन की याचिका लगाई तो सुप्रीम कोर्ट ने उसे रिजेक्ट कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के अंदर सोमवार को केंद्र सरकार के वकीलों ने दोबारा झूठ बोला। एक झूठ के केस में कंटेंप्ट की जो पिटीशन चल रही है, उस पर दोबारा फिर से झूठ बोला गया। कोर्ट में कहा गया कि पेड़ों को काटने के लिए परमिशन लेनी होती है, ये जानकारी नहीं थी। दूसरा झूठ बोला गया कि एलजी साहब ने 3 फरवरी को किसी और जगह विजिट की थी।

## विकीलीक्स संस्थापक जूलियन असांजे ब्रिटिश जेल से रिहा



**लंदन।** विकीलीक्स संस्थापक जूलियन असांजे को ब्रिटिश जेल से रिहा कर दिया गया। विकीलीक्स ने सोमवार शाम लंदन के स्टैनस्टेड हवाई अड्डे पर जूलियन असांजे के फ्लाइट में सवार होने का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है। लंदन के समाचार पत्र द गार्जियन ने अपनी रिपोर्ट में इस घटनाक्रम की विस्तार से चर्चा की है। सोमवार रात जारी अदालती दस्तावेजों के अनुसार, 52 वर्षीय असांजे अमेरिकी अदालत में अपनी आजादी के बदले में सैन्य रहस्यों को उजागर करने का दोष स्वीकार करने के लिए सहमत हो गए हैं। अमेरिकी के मारियाना द्वीप समूह की अदालत में दायर किए गए दस्तावेज के अनुसार, असांजे राष्ट्रीय रक्षा जानकारी प्राप्त करने और प्रसारित करने की साजिश के एक भी मामले में दोषी ठहराए जाएंगे। विकीलीक्स ने मंगलवार सुबह ब्रिटिश समयानुसार सूचित किया है कि 'जूलियन असांजे आजाद हैं' और उन्होंने ब्रिटेन छोड़ दिया है।

## ब्रिफ न्यूज

### प्रधानमंत्री मोदी ने कजाकिस्तान के राष्ट्रपति से की बातचीत



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट टोकायेव के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। राष्ट्रपति टोकायेव ने प्रधानमंत्री को दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था के सफल संचालन और तीसरी बार लगातार निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई दी। प्रधानमंत्री ने इसके लिए उन्हें धन्यवाद दिया। इसके साथ ही दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री मोदी ने अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के आगामी शिखर सम्मेलन की सफलता के लिए भारत का पूर्ण समर्थन व्यक्त किया और विश्वास जताया कि कजाकिस्तान का नेतृत्व क्षेत्रीय सहयोग को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। दोनों नेताओं ने नियमित रूप से संपर्क में बने रहने पर सहमति व्यक्त की।

### प्रधानमंत्री मोदी अगले महीने कर सकते हैं रूस की यात्रा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले महीने रूस की यात्रा कर सकते हैं। यह 2019 के बाद उनकी लगभग पांच साल बाद रूस देश की यात्रा होगी। क्रेमिलन ने प्रस्तावित यात्रा की पुष्टि की है। हालांकि भारत की ओर से अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है। रूसी राष्ट्रपति के सहायक यूरी उशाकोव ने एक बयान में कहा है कि वे केवल इस बात की पुष्टि कर सकते हैं कि हम भारत के प्रधान मंत्री की यात्रा की तैयारी कर रहे हैं। अभी तारीखों के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। यह दोनों पक्षों की सहमति के बाद घोषित होंगी। मोदी की रूस की यात्रा से उनके और राष्ट्रपति पुतिन के बीच तीन साल के अंतराल के बाद भारत-रूस वार्षिक शिखर वार्ता होगी।

### रूस के साइबेरिया में गर्मी ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

**मॉस्को।** दुनिया की सबसे ठंडी जगह रूस के पश्चिमी साइबेरिया में इन दिनों जानलेवा गर्मी पड़ रही है। कई क्षेत्रों के तापमान ने पिछले 50 साल के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। पश्चिम साइबेरियाई जल-मौसम विज्ञान और पर्यावरण निगरानी विभाग की मौसम पूवार्नुमान सेवा की प्रमुख नतालिया किचानोवा ने कहा, "कई क्षेत्रों, विशेषकर नोवोसिबिर्स्क और केमेरोवो ओब्लास्ट्स, साथ ही अल्ताई क्षेत्र और अल्ताई गणराज्य में तापमान 1970 और 1980 के दशक के रिकॉर्ड को पार कर गया है।" "किचानोवा ने कहा कि जून के अंत तक पश्चिमी साइबेरिया में गर्मी की लहर जारी रहने की संभावना है, जिसके बाद तापमान 17-25 डिग्री सेल्सियस तक आ सकता है। इसके साथ ही बारिश की भी उम्मीद लगाई जा रही है।"

### श्रीश्री रविशंकर ने आइसलैंड के प्रधानमंत्री से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक और वैश्विक आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर का रेकजावी में आइसलैंड के प्रधानमंत्री बजरनी बेनेडिक्टसन ने स्वागत किया। यहां श्रीश्री रविशंकर ने उनके साथ मेंटल हेल्थ और सामाजिक कल्याण के महत्व पर चर्चा की। दोनों के बीच हुई बैठक यूरोप में वर्तमान शांति की स्थिति, मेंटल हेल्थ के मुद्दों को संबोधित करने की आवश्यकता और सामाजिक समृद्धि के लिए व्यक्तिगत लाभ को मूल में रखने के महत्व पर केंद्रित थी। श्रीश्री ने आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के काम के बारे में यहां बताया कि, यह संस्था लोगों को तनाव और चिंता से छुटकारा पाने में मदद करने के लिए टाइम-टेस्टेड मेडिटेशन और ब्रीदिंग टेक्निक का उपयोग करता है, और लोगों के समग्र शारीरिक और मानसिक कल्याण को सुनिश्चित करता है।

### देहरादून में रिश्वत लेते गिरफ्तार हुए जीएसटी असिस्टेंट कमिश्नर

**देहरादून।** उत्तराखंड कर विभाग (जीएसटी) के असिस्टेंट कमिश्नर डॉ. शशिकांत दुबे को मंगलवार को 75 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। उत्तराखंड विजिलेंस की टीम ने गिरफ्तारी के बाद उनके घर पर जाकर भी सर्चिंग की। उत्तराखंड विजिलेंस की टीम ने उन्हें देहरादून के लक्ष्मी रोड स्थित कार्यालय में घूस लेते गिरफ्तार किया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वर्ष 2015 के पीसीएस अधिकारी डॉ. शशिकांत दुबे के आवास पर विजिलेंस की टीम सर्चिंग कर कार्रवाई कर रही है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि असिस्टेंट कमिश्नर दुबे ने रेस्टोरेंट के बिलों में जीएसटी की कुछ कमियों को बताकर भारी जुमार्ने का दबाव बनाया और फिर उससे 75 हजार की रिश्वत की मांग की। इसकी शिकायत विजिलेंस से की गई।

## रेलवे अगले 5 वर्षों में 44,000 कि.मी. ट्रैक पर कवच सिस्टम लगाएगा



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने ट्रेन हादसों को रोकने के लिए चरणबद्ध तरीके से कवच सिस्टम लागू करने का फैसला किया है। अगले पांच वर्षों में 44,000 किलोमीटर के रेलवे ट्रैक पर इसे लगाया जाएगा। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। बताया गया कि रेल मंत्रालय की ओर से कैबिनेट सचिव को हाल ही में दी गई सूचना में कहा गया कि भारतीय रेलवे कवच सुरक्षा सिस्टम को अगले पांच वर्षों में 44,000 किलोमीटर के ट्रैक पर लगाएगी। कवच एक ऑटोमेटिक सुरक्षा सिस्टम है। यह एक ट्रैक पर मौजूद ट्रेनों को किसी भी दुर्घटना से बचाता है। रेलवे मौजूदा समय में दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-हावड़ा रूट पर कवच सिस्टम लगाने को लेकर काम चल रहा है। अतिरिक्त 6,000 किलोमीटर ट्रैक पर कवच सिस्टम लगाने के लिए टेंडर इस साल के अंत तक निकाला जा सकता है। कवच 4.0 पर केंद्रित एक समीक्षा बैठक के दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अधिकारियों को दिए निर्देश में कहा कि इसके तैयार होने के बाद सभी लोकोमोटिव को तुरंत इस सिस्टम से लैस कर दिया जाए। कवच एक ऑटोमेटिक ट्रेन प्रोटेक्शन (एटीपी) सिस्टम है। इसे अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) ने तीन कंपनियों के साथ मिलकर भारतीय रेलवे की सुरक्षा बढ़ाने के लिए डिजाइन किया है। इसमें रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) टैग का उपयोग किया जाता है, जो ट्रैक और रेलवे यार्ड में लगे होते हैं। यह ट्रैक की स्थिति और ट्रेन की दिशा पर निगाह रखते हैं। किसी भी आपातकालीन स्थिति जैसे ब्रेक फेल या ड्राइवर द्वारा सिग्नल की अनदेखी करने की स्थिति में ये अपने आप एक्टिवेट हो जाता है और लोकोमोटिव को रोककर हादसा टालने में मदद करता है।

## अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी के जन्मदिन पर 24,500 यूनिट रक्तदान




**अहमदाबाद।** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी के 62वें जन्मदिन के अवसर पर आयोजित रक्तदान अभियान के दौरान लगभग 24 हजार 500 यूनिट रक्त (लगभग 9,800 लीटर) एकत्रित किया गया। इससे 73 हजार 500 से अधिक रोगियों को मदद मिल सकती है। इस वर्ष पिछले वर्ष के मुकाबले 20,621 यूनिट रक्त अधिक एकत्रित किया गया है। अदाणी समूह की सामुदायिक सहभागिता शाखा अदाणी फाउंडेशन ने बताया कि गौतम अदाणी के जन्मदिन के अवसर पर सोमवार को 21 राज्यों के 152 शहरों में रक्तदान अभियान चलाया गया। अदाणी हेल्थकेयर टीम के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान को कर्मचारियों का जबरदस्त सहयोग मिला। अदाणी फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. प्रीति अदाणी ने कहा,मैं इस नेक काम में उनके योगदान के लिए अदाणी परिवार के प्रत्येक सदस्य को धन्यवाद देना चाहती हूं। उनका समर्पण न केवल उनकी करुणा को दशार्ता है, बल्कि जरूरतमंदों की सेवा करने की हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को भी मजबूत करता है। एकत्रित रक्त पीसीवी, प्लेटलेट सांद्रता, प्लाज्मा, एफएफपी, क्रायोप्रेसिपिटेट और एल्ब्यूमिन के उपयोग के माध्यम से 73 हजार 500 से अधिक रोगियों की मदद कर सकता है।

## यूपी में पेपर लीक पर सरकार सख्त, एक करोड़ का जुर्माना, अध्यादेश को मंजूरी

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पेपर लीक को लेकर योगी कैबिनेट ने मंगलवार को सख्त कानून का प्रस्ताव पास किया। पेपर लीक में पकड़े जाने पर संस्था पर एक करोड़ का जुर्माना लगाया जाएगा। इसमें आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान भी है। इस अध्यादेश को कैबिनेट से मंजूरी मिली है।

इसके अलावा महिला, बच्चों और गैंगस्टर से जुड़े मामलों में अग्रिम जमानत नहीं देने के प्रस्ताव पर भी कैबिनेट ने मुहर लगाई है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में कई प्रस्तावों पर मुहर लगी है। सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों, पेपर लीक को रोकने, सॉल्वर गिरोह पर प्रतिबंध लगाने के लिए 'उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अध्यादेश- 2024' को कैबिनेट ने मंजूरी दी है।
यह अध्यादेश सभी सार्वजनिक सेवा भर्ती परीक्षा, नियमितीकरण या पदोन्नति परीक्षा, डिग्री डिप्लोमा,



प्रमाण पत्रों या शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की प्रवेश परीक्षा पर भी लागू होगा। फर्जी प्रश्न पत्र बांटने, फर्जी सेवायोजन वेबसाइट चलाने पर भी सजा होगी। अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर 2 साल से लेकर आजीवन कारावास की सजा और एक करोड़ तक के जुमार्ने पर प्रावधान किया गया है। इसके अलावा केंद्र के बाद यूपी कैबिनेट ने भी कानून में बदलाव को मंजूरी दी है। महिला, बच्चों के खिलाफ अपराध और गैंगस्टर एक्ट में अग्रिम जमानत का प्रोसीजर था, अब अग्रिम जमानत के प्रोसीजर को और सख्त किया गया है। इन प्रस्ताव को कैबिनेट में पास किया गया। सदन से मंजूरी के बाद राज्यपाल के पास भेजा जाएगा। राज्यपाल की मुहर लगते ही नए बदलाव को लागू कर दिया जाएगा।
पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या में 650 करोड़ की लागत से मंदिर संग्रहालय बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री टूरिज्म फेलोशिप के प्रस्ताव पर भी मुहर लगी है। इसमें अभ्यार्थियों को टेबलेट उपलब्ध कराया जाएगा। लखनऊ, प्रयागराज और कपिलवस्तु में पीपीपी मॉडल पर हेली पोर्ट बनाया जाएगा।
उन्होंने बताया कि गोरखपुर में परमहंस योगानंद की जन्मस्थली को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। पर्यटन विभाग को मुफ्त जमीन दी जाएगी। प्राचीन धरोहर को पीपीपी मॉडल पर रीयूज (बरसाना जल महल मथुरा, शुक्ला तालाब कानपुर) का प्रस्ताव भी पास हुआ।

## भारत में शादियों का बाजार अब 130 अरब डॉलर के पार

# एक परिवार औसतन करता है 12 लाख रुपये से अधिक खर्च

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय शादियां हमेशा एक भव्य आयोजन रही हैं और अब, एक भारतीय परिवार समारोहों पर औसतन 12 लाख रुपये (लगभग 14,500 डॉलर) से अधिक खर्च कर रहा है। जो प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (2,900 डॉलर) का पांच गुना है। एक नई रिपोर्ट से पता चला है कि यह औसत वार्षिक घरेलू आय 4 लाख रुपये से तीन गुना से भी अधिक है। वैश्विक ब्रोकरेज जेफरीज के अनुसार, दुनियाभर में सबसे बड़े विवाह स्थल के रूप में पहचाने जाने वाले देश में हर साल कम से कम 80 लाख से 1 करोड़ शादियां हो रही



हैं। वित्त वर्ष 2023-2024 में, भारतीय विवाह बाजार 130 बिलियन डॉलर (लगभग 10 लाख करोड़ रुपये) तक पहुंच गया, जो खाद्य और किराना क्षेत्र खुदरा बाजार के कुल 681 बिलियन डॉलर के बाद दूसरे स्थान पर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का शादी पर खर्च से जीडीपी का अनुपात अन्य देशों की तुलना में काफी अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में शादियों का गहरा सांस्कृतिक महत्व है और इसमें बड़े पैमाने पर खर्च होता है, जो अक्सर आय के स्तर से अधिक होता है। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि वास्तव में, शादी से संबंधित खर्च 130 बिलियन डॉलर का है, जिसमें आभूषण, परिधान, इवेंट मैनेजमेंट, खानपान, मनोरंजन आदि सहित उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत शृंखला शामिल है। जेफरीज के अनुसार, भारत का विवाह बाजार अमेरिका के बाजार (70 बिलियन डॉलर) के मुकाबले लगभग दोगुना है, लेकिन चीन का विवाह बाजार (170 बिलियन डॉलर) का है, जिससे भारत का बाजार छोटा है।

## गाजा में युद्ध विराम प्रस्ताव के लिए प्रतिबद्ध : नेतन्याहू

एजेंसी

**यरूशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का कहना है कि देश बंधकों की रिहाई के बदले गाजा में युद्ध विराम के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के पेश किए गए समझौते के प्रस्ताव के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम नेतन्याहू ने सोमवार को विपक्ष की ओर से बुलाए गए नेसेट (संसद) के विशेष सत्र के दौरान कहा, हम उस प्रस्ताव के प्रति प्रतिबद्ध हैं जिसका अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने समर्थन किया है। हमारी स्थिति नहीं बदली है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, जो बाइडेन ने पहली बार मई के अंत में चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए समझौते का प्रस्ताव पेश किया था। नेतन्याहू के बयान से पहली बार यह संकेत मिला है कि इजरायली पक्ष ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है



और इसका समर्थन करता है। पीएम नेतन्याहू का कहना है कि इजरायल तब तक युद्ध समाप्त नहीं करेगा जब तक कि हम सभी 120 बंधकों को वापस नहीं ले आते, जब तक हमास का सफाया नहीं हो जाता, दक्षिणी और उत्तरी क्षेत्र के निवासी सुरक्षित अपने घरों को वापस नहीं लौट जाते। इजरायल ने 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के बाद गाजा पट्टी में बड़े पैमाने पर हमला किया। यह हमला अभी भी जारी है। हमास के हमले में करीब 1,200 लोग मारे गए थे और लगभग 250 को बंधक बना लिया गया था।